खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 10°C

नई दिल्ली, मंगलवार 25 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 234 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 3 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




यूपी के 75 जिलों में थाना स्तर पर घुसपैठियों की पहचान के निर्देश पेज 2



प्रांजलि धूमल ने डेफलंपिक्स में 25 मी. पिस्टल में जीता गोल्ड खेल टाइम्स



पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच एसआईआर सम्पादकीय



परमाणु हथियारों की तस्करी कर रहे थे अब्दुल कादिर पेज 12

# बॉलीवुड के ही-मैन धर्मेंद्र का निधन

## विले पार्ले श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार, पत्नी हेमा और बेटी ईशा थीं मौजूद



**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र का सोमवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। धर्मेंद्र ने सोमवार दोपहर अपने घर पर अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

उन्होंने 12 नवम्बर को ही ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से परिवार के कहने पर डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद से घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में हुआ, जिसमें सलमान खान, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन, आमिर खान समेत कई



**अमिताभ, सलमान, शाहरुख खान व संजय दत्त भी पहुंचे**

**धर्मेंद्र का निधन एक युग का अंत: पीएम मोदी**

सेलेब्स पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन को एक युग के अंत का संकेत कहा है। दोपहर में उनके घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची थी और विले पार्ले श्मशान भूमि में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई थी। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से श्मशान घाट पहुंचाया गया। दोपहर करीब एक बजे धर्मेंद्र के घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची। घर के बाहर बैरिकेडिंग, सिक्योरिटी बढ़ाई गई। विले पार्ले श्मशान घाट की सिक्योरिटी बढ़ाई गई। धर्मेंद्र कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवम्बर को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर पर रखा गया। मीडिया में उनके निधन की खबर भी आई, जिसे परिवार ने नकार दिया। 12 नवम्बर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डाक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी। दिवंगत धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनकी बहन शमिता शेट्टी उनके घर पर पहुंचीं। संजय दत्त, धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। अब उन्होंने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जीवाड़े की शिकायत पर ट्राई ने बंद किए 21 लाख मोबाइल नंबर

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने फर्जीवाड़े की शिकायत पर एक साल में 21 लाख मोबाइल नंबरों और एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्राई ने सोमवार को बताया कि स्पैम और फर्जीवाड़े से जुड़े मैसेज भेजने के कारण उसने 21 लाख मोबाइल नंबरों और करीब एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए या तो उन नंबरों को बंद या ब्लैकलिस्ट कर दिया है। नियामक ने आम लोगों से फर्जीवाड़े वाले नंबरों की शिकायत ट्राई डीएनडी एप पर करने की अपील की है। उसने कहा है कि स्पैम कॉल या मैसेज वाले नंबरों को फोन में ब्लॉक करने भर से दूसरे लोग उससे सुरक्षित नहीं होते हैं, जबकि एप पर शिकायत करने से उस नंबर पर कार्रवाई कर उसके बंद या ब्लैकलिस्ट कर देने से पूरे समाज की सुरक्षा होती है।

### श्रीनगर में सीजन का सबसे ठंडा दिन, पारा -3.2 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। रविवार को पूरी कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम था। दक्षिण कश्मीर का शोपियां सबसे ठंडा रहा, जहां पारा -5.1 डिग्री तक गिर गया। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में रविवार को पारा माइनस 16 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इंद्र धारा झरने का पानी जम गया। ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट हुई है। वहीं राज्य के मैदानी इलाकों में कोहरा छाने लगा है। इधर मध्य प्रदेश और राजस्थान में लोगों को सर्दी से राहत मिली है। दोनों राज्यों के ज्यादातर शहरों में रविवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने मप्र-राजस्थान में अगले चार से पांच दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी नहीं किया है। उधर हरियाणा में रविवार को हिसार सबसे ठंडा रहा, यहां 7.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। यहां रात का पारा सामान्य से 3.4 डिग्री तक नीचे आ गया है।

### इंडिया गेट पर नक्सली हिड़मा के पोस्टर लहराए गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इंडिया गेट पर रविवार देर शाम वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल लोगों ने देश के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44) के पोस्टर लहराए। पोस्टरों में हिड़मा की तुलना आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा से की गई। हिड़मा को जल, जंगल और जमीन का रखवाला बताया गया। प्रदर्शनकारियों ने माड़वी हिड़मा अमर रहे, जैसे नारे लगाए। उन्होंने पोस्टरों पर भी माड़वी हिड़मा को लाल सलाम जैसे नारे लिखे थे। एक प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था कि बिरसा मुंडा से लेकर माड़वी हिड़मा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भीड़ की पुलिस से हाथापाई भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मिर्च स्प्रे कर दिया, जिससे तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# 53वें CJI बने जस्टिस सूर्यकांत

## शपथ के बाद भाई-बहन के पैर छुए, पूर्व सीजेआई गवई से गले मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए।

शपथ के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने पीएम मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने अपनी आधिकारिक गाड़ी राष्ट्रपति भवन में ही अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्यकांत के लिए छोड़ दी। शपथ के बाद





**मोदी-शाह से मिलने पहुंचे, पहली बार सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही**

सीजेआई सूर्यकांत राष्ट्रपति मुर्मू के पास पहुंचे और उनका अभिवादन किया। सीजेआई सूर्यकांत ने भाई ऋषिकांत और बहन राजबाला के भी पैर छुए। सीजेआई सूर्यकांत पीएम मोदी, राजनाथ और अमित शाह से मिलने भी पहुंचे। पूर्व वाइस प्रेसिडेंट जगदीप धनखड़ और पूर्व सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नजर आए। वर्तमान सीजेआई बीआर गवई का कार्यकाल रविवार 23 नवम्बर को खत्म हो गया। उनके बाद अब जस्टिस सूर्यकांत यह जिम्मेदारी संभालेंगे। जस्टिस सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे और उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा। सीजेआई सूर्यकांत ने बेंच जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर के साथ कोर्ट रूम नंबर 1 में आधिकारिक कार्यवाही शुरू की। जस्टिस सूर्यकांत अब पांच मेंबर वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के हेड भी होंगे। पांच मेंबर वाला कॉलेजियम जो सुप्रीम कोर्ट के जजों को चुनता है और हाईकोर्ट के जजों के ट्रांसफर पर फैसला करता है, उसमें अब सीजेआई कांत और जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एमएम सुंदरेश शामिल होंगे। तीन सदस्यों वाले कॉलेजियम में, जो हाईकोर्ट के जजों को चुनता है, सीजेआई और जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस बीवी नागरत्ना -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली दंगा केस: सुप्रीम कोर्ट में दो दिसम्बर तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 2020 के दिल्ली दंगे केस की सुनवाई 2 दिसम्बर तक टल गई है। सोमवार को अदालत का समय खत्म होने की वजह से शरजील इमाम, उमर खालिद समेत मामले में सात आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो पाई। इससे पहले 21 नवम्बर को हुई सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा था कि दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस ने दावा किया था कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया। दंगों से पहले हुई मीटिंग्स में नॉर्थ ईस्ट को भारत से अलग करने की बात की गई। इस पर कोर्ट ने कहा था कि पुलिस जिन दस्तावेजों और चैट्स का हवाला दे रही है, उन्हें पहले रिकॉर्ड पर रखा जाए, ताकि कोर्ट उन्हें देखकर आगे सुनवाई आगे बढ़ा सके। दरअसल, दिल्ली में फरवरी 2020 में सीएए के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 से 26 फरवरी तक हिंसा भड़क गई थी। जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और सैकड़ों घायल हुए थे।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को बड़ा हादसा होने से बच गया, जब काबुल से आ रही एरियाना अफगान एयरलाइंस की एक फ्लाइट गलती से उस रनवे पर उतर गई, जहां से उसी समय एक अन्य विमान टेक ऑफ कर रहा था। घटना रविवार दोपहर 12:06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। एक वरिष्ठ डीजीसीए अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, एरियाना अफगान एयरलाइंस की ए310 विमान, फ्लाइट एफजी 311 (काबुल से दिल्ली), को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन विमान रनवे 29आर पर उतर गया। फ्लाइट के पायलट इन कमांड ने बताया कि 4 नाटिकल माइल की दूरी पर उनका आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) सिग्नल खो गया और विमान दाईं ओर मुड़ गया, जिसके बाद कैप्टन ने विजुअल अप्रोच के आधार पर रनवे 29आर पर लैंडिंग कर दी। आईएलएस एक प्रिसिजन रेडियो नेविगेशन सिस्टम है, जो विमान को रात, खराब मौसम और कम दृश्यता की स्थिति में भी रनवे तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में मदद करता है। पायलट ने कहा कि 4 एनएम पर आईएलएस सिग्नल खो गया था और विमान दाईं ओर मुड़ा, जबकि एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने पुष्टि की कि एफजी 311 को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी और पायलट ने भी यही पुष्टि की थी।

# भविष्य के युद्ध एक साथ तीनों रणक्षेत्रों में लड़े जाएंगे: जनरल द्विवेदी

**मुंबई।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने जल, थल और वायु सेनाओं में बेहतर तालमेल को सशस्त्र बलों की असली ताकत करार देते हुए कहा है कि भविष्य के युद्ध एक साथ तीनों रणक्षेत्रों में लड़े जाएंगे और ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं के बीच एकीकरण का शानदार उदाहरण है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में देश में ही विकसित और डिजाइन पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस माहे को नौसेना के बेड़े में शामिल किए जाने के अवसर पर आयोजित समारोह में कहा कि आईएनएस माहे का नौसेना के बेड़े में शामिल होना न सिर्फ़ नौसेना की ताकत को बढ़ाता है, बल्कि यह स्वदेशी प्रौद्योगिकी के बल पर जटिल युद्धपोत को डिज़ाइन करने, बनाने और फील्ड में उतारने की भारत की बढ़ती क्षमता को भी दिखाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस जहाज़ के शामिल होने से भारतीय



**देश में ही विकसित और डिजाइन पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस माहे नौसेना के बेड़े में शामिल**

नौसेना की समुद्र में दबदबा बढ़ाने, तटीय सुरक्षा ग्रिड को मज़बूत करने और तटीय इलाकों में भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने की क्षमता में काफ़ी बढ़ोतरी होगी। तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की ताकत ज़मीन, समुद्र और हवा में तालमेल में है।

# कर्नाटक सीएम बदलने की अटकलें, गृह मंत्री भी दावेदार

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले- हाईकमान करेगा फैसला, भाजपा ने पूछा: कांग्रेस का अध्यक्ष हाईकमान नहीं, तो कौन

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस मामले में निर्णय पार्टी हाईकमान ही करेगा और इस पर वह कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से शनिवार को हुई उनकी एक घंटे से अधिक की बैठक के बाद की।

खड़गे ने मीडिया के सवालों पर कहा कि जो भी होगा, हाईकमान करेगा। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। वहीं, खड़गे के बयान पर बीजेपी विधायक सुरेश कुमार ने एक्स पर लिखा कि अगर कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष हाईकमान नहीं है, तो कौन है? इधर, राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने संकेत दिया कि अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी सीएम पद की रेस में हैं। हालांकि हाईकमान से सीएम बदलने पर चर्चा नहीं हुई, न ही कांग्रेस विधायक दल में इस पर विचार हुआ। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सोमवार को चिक्काबल्लापुर



फाइल फोटो

**डीके शिवकुमार और मुझे, पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करना चाहिए: सिद्धारमैया**

में सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर कहा कि डीके शिवकुमार और मुझे, पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करना चाहिए। हाईकमान जो भी फैसला करेगा, उससे हमें सहमत होना चाहिए। हम पार्टी हाईकमान के फैसले के अनुसार काम करेंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि जब हाईकमान ने पांच महीने पहले बैठक की थी, तो उन्होंने कैबिनेट में फेरबदल का निर्देश दिया था। मैंने उनसे कहा था कि हम ढाई साल पूरे होने के बाद ऐसा करेंगे। अब, हम जो भी निर्देश दिए जाएंगे, उसके अनुसार काम करेंगे। सिद्धारमैया के करीबी माने जाने वाले मंत्रियों एच सी महादेवप्पा और के. वेंकटेश ने भी खड़गे से मुलाकात की। महादेवप्पा ने कहा कि कर्नाटक में इस समय सीएम बदलने की कोई स्थिति नहीं है और यदि कभी ऐसा हुआ तो हाईकमान ही फैसला करेगा। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का 20 नवम्बर को 2.5 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। अब सत्ता संतुलन को लेकर बयानबाजी जारी है। कुछ विधायक जो डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थक माने जाते हैं, वे दिल्ली जाकर खड़गे से मिले थे। हालांकि शिवकुमार ने ऐसे किसी कार्यक्रम की जानकारी होने से इन्कार किया। सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया कैबिनेट फेरबदल के पक्ष में हैं। जबकि शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला करे। पार्टी के अंदरूनी हलको में यह भी माना जा रहा है कि यदि हाई कमान कैबिनेट विस्तार को मंजूरी देता है, तो इससे सिद्धारमैया के पूरे कार्यकाल (5 साल) तक टिके रहने का संकेत मिल सकता है, जो शिवकुमार की सीएम बनने की संभावनाओं को कम कर देगा। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने 21 नवम्बर को सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों को खारिज किया था। शिवकुमार ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया था कि सीएम सिद्धारमैया अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगाई संयंत्र के टैंक में दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिला में औराई थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित एक रंगाई संयंत्र के टैंक में जहरीली गैस रिसाव के कारण सोमवार को अपराह्न में तीन श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई। एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित सूर्या कारपेट कंपनी के डाइंग प्लांट के टैंक में सोमवार को दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामसूरत यादव (55), शीतला प्रसाद (58), शिवम दुबे (35) और मध्य प्रदेश के सीधी निवासी राजकिशोर तिवारी (50) एक कालीन कंपनी का रंगाई अनुभाग में काम करते थे। चारों सोमवार को टैंक के अंदर रसायन भरने वाली मशीन को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान टैंक से निकल रही जहरीली गैस से उनका दम घुटने लगा। गैस रिसाव की जानकारी होते ही कंपनी में हड़कंप मच गया।

### नेहा सिंह राठौड़ की जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ।** भोजपुरी लोक गायिका और सोशल मीडिया पर सियासी व्यंग्य के लिए मशहूर नेहा सिंह राठौड़ पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उनके एक पोस्ट को लेकर देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने और पाकिस्तान की तरफ से भारत विरोधी प्रोपेगेंडा में इस्तेमाल किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। अब हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अब हजरतगंज पुलिस ने शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में रिपोर्ट पेश कर दी है और नेहा की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है।

# एसआईआर के विवाद पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी: सुधांशु

भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने वालों को करारा जवाब देते हुए सोमवार को कहा कि घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी।

पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर का विरोध करने वाले लोकतंत्र को बंधक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने भाजपा के पूर्व सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र को भारतीय कला और सिने जगत में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। भाजपा प्रवक्ता ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था, अगर कोई बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची पर कोई जानकारी लेने आए तो उसे बंधक बना लो। त्रिवेदी ने अंसारी के बयान को लोकतंत्र को बंधक बनाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि इसी तरह पश्चिम बंगाल में बीएलओ को धमकाने का मामला सामने आया है। त्रिवेदी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी एसआईआर को लेकर इसी तरह का नजरिया और बयान देकर इसका विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शी बनाने में अगर कोई सबसे बड़ी बाधा है, तो इंडिया गठबंधन और उसके सहयोगी दल के नेता हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस के नेता हुमांयू कबीर ने कहा कि वह बाबरी मस्जिद बनवाएंगे, इस पर इंडिया गठंधन की तरफ से किसी तरह की आपत्ति नहीं आई है। त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भी हर छह माह में मतदाता सूची के संशोधन की बात पर बल दिया था। त्रिवेदी ने कहा कि देश में बंगलादेशी घुसपैठियों का मामला ममता बनर्जी ने 2005 में संसद में उठाया था और उस समय पश्चिम बंगाल में बढ़ते घुसपैठ को लेकर आक्रोश जाहिर किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि अब एसआईआर का विरोध करने वाली ममता बनर्जी उस समय सही थीं या अब सही हैं। त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर इसलिए जरूरी है, ताकि कोई घुसपैठिआ भारत की सत्ता को प्रभावित न कर सकें।

# जो मुल्क का दुश्मन, वो हमारा भी दुश्मन: ओवैसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दिल्ली धमाके की घटना के बाद बोले असदुद्दीन

दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुई धमाके की घटना के बाद अब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि कुछ लोग इतने जालिम हैं कि मदरसे और स्कूल का एक कमरा नहीं बना सकते, फिर भी अमोनियम नाइट्रेट लेकर बैठे हैं।जब हम वतन की मोहब्बत की बात करते हैं, तो मुसलमानों ने जो तालीम और इरादे कायम किए हैं, अगर कोई उसी तालीम के नाम पर बैठकर बम बनाने की साजिश करता है, तो हम उसकी भी मजम्मत करते हैं। जो मुल्क का दुश्मन है, वह हमारा भी दुश्मन है।

ओवैसी ने कहा कि अगर ऐसी हरकतें जारी रहीं, तो हालात और खराब होंगे, लेकिन कुछ लोग यह सोच रहे हैं कि मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया जाएगा, यह उनकी भूल है।

उन्होंने कहा कि न तो मुसलमान खत्म होंगे और न ही उनकी पहचान मिटाई जा सकती है। ओवैसी ने कहा कि दिल्ली के हमले में हिंदू भी मारा गया, मुस्लिम भी मारा गया है। जो मुल्क का दुश्मन वो हमारा दुश्मन है। ओवैसी ने कहा कि हम अपनी मस्जिदों को बचाएंगे, तुम एक मस्जिद को शहीद करोगे, तो हम लाखों मस्जिदों को आबाद करेंगे। तुम शरियत पर हमला नहीं कर सकते हो। एक बात लोग नहीं समझते हमारी मस्जिद को शहीद कर दिया गया। ओवैसी ने कहा कि कोर्ट ने कहा कि आस्था के नाम पर आपको मस्जिद नही दी जा सकती है। हमने आज भी कहा कल भी कहेंगे। हम वतन से नफरत नहीं करते हैं। इस वतन को बचाने के लिए हमारे बुजुर्गों ने जो अजीम कुर्बानियां दी, उन्हें याद रखते हुए हमें इस वतन को और मजबूत बनाना है। अगर तुम मुसलमान को दबा रहे, तो तुम भारत को कमजोर कर रहे हो। मस्जिद के खिलाफ फैसला आया, तो हमने क्या कोर्ट में जज पर जूता फेंका था?

# जयंत चौधरी ने वर्ल्डस्किल्स एशिया टीम को रवाना किया

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ प्रतियोगिता 27 से 29 तक ताइपे में आयोजित की जाएगी

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने जा रहे भारतीय टीम को आज रवाना किया। यह प्रतियोगिता 27 से 29 नवम्बर तक चीन के ताइपे में आयोजित की जाएगी।

चौधरी ने कहा कि वर्ल्डस्किल्स एशिया में भाग लेने वाले युवा भारत के 'ग्लोबल स्किल लीडर' बनने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। उन्होंने कहा कि कठोर प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं मंत्रालय के सहयोग ने प्रतियोगियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया है। वर्ल्डस्किल्स एशिया 2025 में 40 से अधिक देशों के 500 से अधिक प्रतियोगी 38 कौशल श्रेणियों में हिस्सा लेंगे। भारत की ओर से 23 प्रतियोगी और 21 विशेषज्ञों का दल 21 स्किल कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करेगा। यह दल राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के नेतृत्व में तैयार किया गया है। भारतीय प्रतिभागी डिजिटल एवं आईटी टेक्नोलॉजी, मोबाइल रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, सीएनसी मिलिंग, वेब डेवलपमेंट, ऑटोमोटिव रिपेयर, फैशन टेक्नोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन, ब्यूटी थेरेपी सहित कई प्रमुख और उभरती कौशल श्रेणी में अपनी दक्षता दिखाएंगे।

## डीजीपी ने यूपी के सभी 75 जिलों के कप्तानों को जारी किए निर्देश

# थाना स्तर पर अफसर करें घुसपैठियों की पहचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



अगले 15 दिनों में घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन की रिपोर्ट डीजीपी ऑफिस को सौंपी जाएगी

**लखनऊ।** यूपी के सभी 75 जिलों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान, वेरिफिकेशन के लिए पुलिस महा. निदेशक की तरफ से निर्देश जारी कर दिया गया है। हर जिले में थाना स्तर पर यह काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। निर्देश के मुताबिक अगले 15 दिनों में घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन की रिपोर्ट डीजीपी ऑफिस को सौंपी जाएगी।

पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त और जिले के कप्तानों को निर्देश दिए हैं कि थाना प्रभारी अपने स्तर से सफाईकर्मियों में से बांग्लादेशी और रोहिंग्या की पहचान करें, जो अरसे से सफाई के काम कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि दो सप्ताह भर में यह रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें, ताकि घुसपैठियों की शिनाख्त की जा सके। पुलिस महानिदेशक के आदेश में बताया गया है कि प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त और जिला कप्तान अपने-अपने जिलों में थाना स्तर पर नगर निगम, निकाय और नगर पालिका में संविदा, ठेके पर काम कर रहे सभी सफाईकर्मियों का सत्यापन कराएं। उनके सारे दस्तावेजों की जांच करने के साथ ही दो सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजें। इस आदेश के बाद प्रदेश के सभी थानों पर वेरिफिकेशन का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर तंत्र से कुछ गंभीर जानक. ारियां हासिल हुई हैं। इसमें यह बात सामने आई है कि नगर निगम नगरपालिका, निकाय में जो स्फाईकर्मी संविदा पर कार्यरत हैं, उसमें से कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं, वह अपनी आईडी छुपाकर काम कर रहे हैं। यदि वेरिफिकेशन के दौरान घुसपैठिए मिलेंगे, तो उनके साथ संबंधित अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश ने बताया कि सभी जिलों को यह आदेश जारी किया गया है। बांग्लादेशी, रोहिंग्या सभी घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। हर थाने और हर पुलिस चौकियों पर रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि नगर निगम, नगर निकाय के अधिकारियों से संपर्क करके यह प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि अवैध रूप से सफाईकर्मी बने घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। इसे लेकर इन घुसपैठियों को संरक्षण देने वाले अफसरों व स्थानीय नेताओं की धड़कनें तेज हो गई हैं।

### एलजी ने कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का दौरा किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यहां सुंजवान स्थित राज्य पुलिस के कमांडो ट्रेनिंग सेंटर (सीटीसी) का दौरा कर विभिन्न विशेषीकृत मॉड्यूल्स पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पाठ्यक्रमों के दौरान आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्हें प्रशिक्षुओं को दी जा रही परिचालन तैयारियों, विशेष रूप से आतंकवाद-विरोधी और सामरिक प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराज्यपाल ने सीटीसी में प्रशिक्षण ले रहे जम्मू- कश्मीर पुलिस के जवानों से भी बातचीत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण एवं विशेष अभियान) ने प्रशिक्षण के विभिन्न घटकों तथा केंद्र के प्रस्तावित उन्नयन और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उपराज्यपाल के साथ पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, विशेष महानिदेशक (समन्वय) एसजेएम गिलानी, पुलिस मुख्यालय जम्मू-कश्मीरद्ध गृह विभाग के प्रधान सचिव चंद्राकर भारती और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।



सेंसेक्स 84900.71
निफ्टी 25959.50



सोना रु. 122744
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152971
प्रति किलो



# शेयर बाजार: दूसरी बार सेंसेक्स 331 अंक टूटा

**मुंबई, वार्ता**



■ शुरुआत में बढ़त के साथ दोपहर में लाल निशान पर पहुंचे

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी दिवस पर गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 331.21 अंक (0.39 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 108.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,959.50 अंक पर आ गया।

दोनों प्रमुख सूचकांकों की शुरुआत आज बढ़त में हुई थी, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से वे लाल निशान में चले गए और फिर उबर नहीं सके। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में गिरावट ज्यादा रही। एनएसई में रियलिटी, धातु, रसायन और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों पर सबसे अधिक दबाव रहा। बड़ी कंपनियों की तुलना में मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.93 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,316 के शेयर गिरावट में और 810 के बढ़त में रहे, जबकि अन्य 88 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में और आठ के हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में सबसे अधिक 2.98 फीसदी की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1. 61 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 59, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.18, ट्रेंट का 1.16, बजाज फिनसर्व का 1.14, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1. 10, बजाज फाइनेंस का 1.09 और आईटीसी का 1.03 प्रतिशत टूट गया। एनटीपीसी, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलिवर, पावरग्रिड और इटरनल के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। विदेशों में हांगकांग का हैंगसेंग 1. 97 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.05 प्रतिशत चढ़ा जबकि जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत लुढ़क गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 14 प्रतिशत ऊपर था।

# सोने में रही गिरावट चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सोमवार को सुबह 10 बजे के आसपास एमसीएक्स में 10 ग्राम सोना 1400 रुपये से ज्यादा गिर चुका है। चांदी में भी आज ताबड़तोड़ गिरावट देखी जा रही है। इसमें अभी 1100 रुपये प्रति किलो से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। सुबह 10.30 बजे के आसपास एमसीएक्स में सोने की कीमत 122,740 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 1400 रुपये से ज्यादा का उछाल है। सुबह 10.30 बजे के आसपास 1 किलो चांदी की कीमत 152,971 रुपये चल रही है।

इसमें 1180 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। देश के महानगरों पटना में 123,090 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम चल रही थी, जबकि जयपुर में 123,140, कानपुर में 123,200 , लखनऊ में 123,200, भोपाल में 123,300, इंदौर में 123,300 और चंडीगढ़ में 123,170 रुपये थी। आज पटना में सोने का भाव सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 123,090 रुपये चल रही है। वही चांदी भी यहां सबसे कम भाव में मिल रही है। 1 किलो चांदी की कीमत यहां 153,550 रुपये है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर में सोने का भाव सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 123,300 रुपये में मिल रही है। वही चांदी भी सबसे महंगी यही है। 1 किलो चांदी की कीमत 153,860 रुपये है।

# कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता के मिलने से खुलेंगे नए अवसर: गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता मिलकर दोनों के लिए नए अवसर पेश करेगी।

गोयल ने यहां भारत-कनाडा व्यापार चैंबर को संबोधित करते हुए कहा कि जरूरी खनिज, खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के भारत के प्रयास में कनाडा के साथ सहयोग की काफी गुंजाइश है। भारत के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और अगली पीढ़ी के डाटा सेंटर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सबसे तेजी से बढ़ रही मानव क्षमता है। कनाडा और भारत को नैसर्गिक सहयोगी बताते हुए गोयल ने कहा कि दोनों देशों को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत जरूरी खनिज, हरित ऊर्जा, वैमानिकी, रक्षा और विनिर्माण सहित सहयोग के विशेष क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए। कनाडा का नवाचार और भारतीय क्षमता मिलकर दोनों देशों के लिए बड़े अवसर पैदा कर सकती है। केंद्रीय मंत्री ने बिज़नेस-टू- बिज़नेस (बी-2-बी) सहयोग को बढ़ाने के लिए सीईओ फोरम (मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के फोरम) को फिर से शुरू करने और भारत के आने वाले एआई सम्मेलन में कनाडा के हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने संयुक्त नवाचार पर जोर देते हुए बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने अनुसंधान एवं विकास के लिए 12 अरब डॉलर के फंड की घोषणा की है। उन्होंने जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई बैठक का जिक्र करते हुए बताया कि दोनों नेता एक बड़े वृहद आर्थिक सहयोग समझौते के लिए बातचीत शुरू करने और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए।

# अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिन का बौद्ध वैश्विक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बौद्ध विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से राजधानी के डा. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिन के वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भूटान, श्रीलंका, नेपाल , कोरिया, अमेरिका और इंग्लैंड से बौद्ध धर्म अनुयाई हिस्सा लेंगे। आगामी 28 नवम्बर से शुरू होकर 30 नवम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलना का आयोजन भारतीय ग्रामीण विरासत एवं विकास न्यास की ओर से किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बॉलीवुड के...**

से एक भावुक पोस्ट शेयर की है। संजय दत्त ने लिखा कुछ लोग सिर्फ आपके जीवन में काम नहीं करते, वे आपके दिल में बस जाते हैं। धरम जी भी उन्हीं में से एक थे। यह एक ऐसा खालीपन है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। शाहरुख खान विले पार्ले श्मशान घाट पहुंचे, उनके साथ मैनेजर पूजा ददलानी भी पहुंचीं।

एक्टर गोविंदा अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे। करण जौहर ने धर्मेंद्र के निधन की पुष्टि करते हुए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से उन्हें श्रद्धांजलि दी है। करण जौहर ने लिखा,यह एक युग का अंत है, एक विशाल मेगास्टार, मुख्यधारा के सिनेमा में एक सच्चे हीरो की पहचान, अविश्वसनीय रूप से हैंडसम और रहस्यमयी स्क्रीन प्रेजेंस वाले। वह हैं और हमेशा रहेंगे भारतीय सिनेमा के एक सच्चे दिग्गज। सिनेमा के इतिहास के पन्नों में उनका नाम सदैव चमकता रहेगा। पर सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे। हमारी इंडस्ट्री में हर कोई उनसे बेहिसाब प्यार करता था। उनके दिल में हर किसी के लिए सिर्फ प्यार और सकारात्मकता थी। उनका आशीर्वाद, अद्भुत स्नेह, इन सबकी कमी को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। आज हमारी इंडस्ट्री में एक ऐसा खालीपन है। जिसे कोई भी कभी भर नहीं सकेगा। वह हमेशा के लिए एक और एकमात्र धरमजी रहेंगे। धर्मेन्द्र का जन्म पंजाब के फगवारा में आठ दिसम्बर 1935 को हुआ था। उन्होंने वर्ष 1960 में प्रदर्शित फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। धर्मेन्द्र ने अपने छह दशक लंबे सिने करियर में 250 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था।

**53वें सीजेआई...**

सदस्य होंगे। भले ही जस्टिस कांत का सीजेआई के तौर पर लगभग 14 महीने का कार्यकाल है, कॉलेजियम में सिर्फ एक बदलाव होगा, जब जस्टिस माहेश्वरी 28 जून, 2026 को रिटायर होंगे। जस्टिस पीएस नरसिम्हा कॉलेजियम के सदस्य बनेंगे। सीजेआई कांत के रिटायर होने के बाद, जस्टिस जेबी पारदीवाला कॉलेजियम में शामिल होंगे।

# धर्मेंद्र के निधन पर योगी, अखिलेश और मायावती ने जताया दुख

**लखनऊ।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा दिया है।धर्मेंद्र की मौत की खबर सुनते ही सिनेमा प्रेमियो में शोक कि लहर है। सीएम योगी से लेकर बड़े नेता प्रशसंक धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मथुरा लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार भाजपा की सीट से धर्मेंद्र की पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी सांसद हैं।

सीएम योगी ने एक्स पर लिखा कि लोकप्रिय फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला व फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अखिलेश यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि सालों साल देश के चित्रपट के आकाश पर चमचमाए धर्मेंद्र जी का ज़मीन से जुड़ा सादगी भरा आकर्षक व्यक्तित्व और उनका सहज अभिनय हमेशा याद किया जाएगा। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि भारतीय फिल्म इण्डस्ट्री की जानी-मानी हस्तियों में से एक दिग्गज अभिनेता श्री धर्मेन्द्र का आज निधन हो जाने की ख़बर अति-दुखद। उनके परिवार वालों के साथ-साथ उनके तमाम चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। क़ुदरत उन सभी को इस दुख को सहने की शक्ति दे, यही कामना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि हिंदी सिनेमा जगत के सुप्रसिद्ध अभिनेता एवं भारतीय जनता पार्टी से सांसद रहे श्री धर्मेंद्र जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। धर्मेंद्र जी का निधन सिनेमा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति । ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों एवं उनके समर्थकों को विपदा की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करें।

### पंचायती राज मंत्रालय 26 नवम्बर को मनाएगा राष्ट्रव्यापी संविधान दिवस

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर पूरे देश में भव्य और व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। पंचायती राज मंत्रालय ने आज बताया कि यह राष्ट्रीय अभियान त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों में आयोजित किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 1.6 करोड़ रुपए का स्टॉक मार्केट फ्रॉड उजागर, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच साइबर सेल ने देशव्यापी स्टॉक मार्केट इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह ने नकली प्री-आईपीओ स्कीम, फर्जी फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और हाई-रिटर्न के लालच में लोगों से करीब डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा ठग लिए। पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें दो नकली कंपनियों के संचालक शामिल हैं।

पूरे मामले की शुरुआत एक पीड़िता की शिकायत के बाद हुई, जिसे सोशल मीडिया पर एक महिला ने यूके के कथित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म 'स्प्रेडेक्स ग्लोबल लिमिटेड' में निवेश का लालच दिया। पीड़िता ने कुल 1.6 करोड़ रुपए गंवा दिए। जब उसने मुनाफा निकालने की कोशिश की तो अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया। जांच में पता चला कि ठगी का पैसा दो फर्जी कंपनियों के खातों में जा रहा था। इन कंपनियों के नाम जीटीआर इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्वी दिल्ली के शकरपुर में फर्जी ऑफिस) और उद्यम विमेन एम्पावरमेंट फाउंडेशन (महाराष्ट्र से संचालित) हैं।

इन दोनों कंपनियों के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर कुल 58 शिकायतें दर्ज थीं, जिनमें 1.10 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी का खुलासा हुआ। जीटीआर इलेक्ट्रॉनिक्स से 88.40 लाख रुपए और विमेन एम्पावरमेंट फाउंडेशन से 22 लाख रुपए की रकम बरामदगी की दिशा में पहचान हुई है। पुलिस ने ठाणे और दिल्ली में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान सुनील कुमार (आगरा, उत्तर प्रदेश), जीटीआर इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर, विशाल चौरे और उनकी पत्नी (डोंबिवली, ठाणे), उद्यम विमेन एम्पावरमेंट फाउंडेशन के संचालक की गिरफ्तारी हुई। पूछताछ में सुनील कुमार ने कबूल किया कि उसने साथियों के साथ मिलकर कंपनी रजिस्टर की, शकरपुर में किराए का ऑफिस लिया, और सिर्फ फ्रॉड के पैसे को लॉन्ड्रिंग करने के लिए बैंक अकाउंट खोला था।

विशाल चौरे दंपति फर्जी एनजीओ के नाम पर अकाउंट चलाकर पैसे लेते थे। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (क्राइम) आदित्य गौतम ने बताया, "यह एक मल्टी-लेयर फ्रॉड था। आरोपी असली लगने वाली वेबसाइट, फर्जी दस्तावेज और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को फंसाते थे।

## 'जहरीली' हवा, एक्यूआई 400 के पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोमवार सुबह हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर के पास गाजीपुर इलाके में स्मॉग की एक परत छाई हुई है। जहां एक्यूआई 441 रिकॉर्ड किया गया जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। इस गंभीर स्तर के वायु प्रदूषण के कारण गाजीपुर सहित दिल्ली के कई हिस्सों में स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक का 401 से 500 के बीच होना 'गंभीर' श्रेणी में गिना जाता है। इस स्तर का प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। गंभीर वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, गले में खराश और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही श्वसन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है। स्मॉग के कारण दृश्यता भी काफी कम हो जाती है, जिससे सड़क और हवाई यातायात पर भी असर पड़ने की आशंका रहती है। राजधानी में रविवार को हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 391 दर्ज किया गया जो हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 21 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 437 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी है। फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 237 दर्ज किया गया जो हवा की खराब श्रेणी है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वाहन से होने वाला प्रदूषण 18.45 फीसदी रहा।

# एयरपोर्ट पर गलत रनवे पर उतरा अफगान एयरलाइंस का विमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रविवार को बड़ा हादसा होने से बच गया, जब काबुल से आ रही एरियाना अफगान एयरलाइंस की एक फ्लाइट गलती से उस रनवे पर उतर गई, जहां से उसी समय एक अन्य विमान टेक ऑफ कर रहा था। एक वरिष्ठ डीजीसीए अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, एरियाना अफगान एयरलाइंस की ए310 विमान, फ्लाइट एफजी 311 (काबुल से दिल्ली), को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन विमान रनवे 29आर पर उतर गया। फ्लाइट के पायलट इन कमांड ने बताया कि 4 नॉटिकल माइल की दूरी पर उनका आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) सिग्नल खो गया और विमान दाईं ओर मुड़ गया, जिसके बाद कैप्टन ने विजुअल अप्रोच के आधार पर रनवे 29आर पर लैंडिंग कर दी। आईएलएस एक प्रिसिजन रेडियो नेविगेशन सिस्टम है, जो विमान को रात, खराब मौसम और कम दृश्यता की स्थिति में भी रनवे तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में मदद करता है।

डीजीसीए अधिकारी ने बताया कि पायलट ने कहा कि 4 एनएम पर आईएलएस सिग्नल खो गया था और विमान दाईं ओर मुड़ा, जबकि एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने पुष्टि की कि एफजी 311 को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी और पायलट ने भी यही पुष्टि की थी। अधिकारी के अनुसार, पायलट ने यह भी आरोप लगाया कि फाइनल अप्रोच फिक्स पार करने के बाद दोनों आईएलएस सिस्टम में खराबी आई, जबकि विमान रनवे 29एल की ओर स्थापित था। फाइनल अप्रोच फिक्स किसी भी इंस्ट्रूमेंट अप्रोच प्रक्रिया के अंतिम चरण की शुरुआत को दर्शाता है। पायलट ने अधिकारियों को बताया कि खराब दृश्यता और आईएलएस गाइडेंस फेल होने की वजह से विमान सही अप्रोच पथ से भटक गया और दिल्ली टावर की ओर से इस दौरान किसी भी विचलन की जानकारी नहीं दी गई। लैंडिंग के बाद पायलट को एहसास हुआ कि विमान रनवे 29आर पर उतर गया है। पायलट के अनुसार, रनवे में यह विचलन आईएलएस सिस्टम फेल होने और कम दृश्यता में लेटरल गाइडेंस खोने की वजह से हुआ डीजीसीए अधिकारी ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि आईएलएस सिस्टम की समस्या विमान में थी या नहीं।

## डॉ. अंबेडकर ने किया अंग्रेजों के सिस्टम को चैलेंज: मेघवाल

**नई दिल्ली।** संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली विवि के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एवं सेंटर फॉर सोशल डेवलपमेंट के सामूहिक तत्वावधान में डॉ. बी. आर. अंबेडकर की पुस्तक द इवोल्यूशन ऑफ प्रोविंशियल फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडिया: ए स्टडी इन द प्रोविंशियल डिसेंट्रलाइजेशन ऑफ इंपीरियल फाइनेंस" पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्यातिथि रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे संसार के लोग बाबा साहब डॉ बीआर अंबेडकर को विख्यात अर्थशास्त्री मानते है। ब्रिटिश शासन काल में अंग्रेजों के सिस्टम को चैलेंज करना कोई आसान बात नहीं थी, लेकिन डॉ अंबेडकर ने यह किया। मेघवाल ने डॉ. अंबेडकर की पुस्तक "द इवोल्यूशन ऑफ प्रोविंशियल फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडिया: ए स्टडी इन द प्रोविंशियल डिसेंट्रलाइजेशन ऑफ इंपीरियल फाइनेंस" को लेकर कहा कि आज से 100 वर्ष पहले यह पुस्तक लिखी गई थी। और जब देश आजाद हुआ तो केंद्र और राज्यों के बीच संबंधों व संसाधनों के बँटवारे तथा वित्त आयोग के गठन आदि को लेकर 56 बैठकें हुई। उन सभी बैठकों में बाबा साहब बीआर अंबेडकर उपस्थित रहे और कई बैठकों में इस पुस्तक की चर्चा हुई, कई लेखकों ने उसके बारे में लिखा है। लेकिन हम अनजान थे, कुछ लोग तो बाबा साहब के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें संविधान निर्माता, दलितों के मसीहा और आरक्षण समर्थक तक ही सीमित कर देते हैं।

# मंत्री ने बख्तावरपुर में सैनिटेशन व्यवस्था का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तरख्रपश्चिम दिल्ली के प्रभारी मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने बख्तावरपुर वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में एमसीडी, डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ स्वच्छता, सड़कख्रमरम्मत, सीवरेज, जल-निक. ासी एवं अवैध औद्योगिक गतिविधियों की शिकायतों पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय विधायक राज करण खत्री तथा क्षेत्रीय निगम पार्षद जनता देवी भी मौजूद रहीं।निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों पर एमसीडी प्रशासन को सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।मंत्री ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार के सभी मंत्री और विधायक लगातार मैदान में उतरकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और उनकी समस्याओं का निवारण सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी क्रम में आज बख्तावरपुर वार्ड में निरीक्षण कर स्थानीय समस्याओं का आकलन किया गया, ताकि जल्द से जल्द उन्हें दूर किया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि क्षेत्र में चल रही अनधिकृत फैक्ट्रियों/औद्योगिक इकाइयों को तुरंत सील किया जाए।



समाज कल्याण मंत्रीबख्तावरपुर में स्वच्छता व सैनिटेशन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए।

# फेस राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मान में शामिल होंगे मौलाना मोहिब्बुल्लाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फेस समूह द्वारा आगामी 13 दिसंबर को कांस्टीट चूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित होने वाले फेस नेशनल हैल्थ अवार्ड 2025 को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। यह महत्वपूर्ण समारोह उन व्यक्तियों और संस्थाओं को समर्पित है जिन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के हित में अनुकरणीय सेवाएँ प्रदान की हैं।

आज फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि-मंडल ने उत्तर प्रदेश के रामपुर से लोकसभा सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। मुलाक. ात के दौरान डॉ. अंसारी ने बताया कि यह सम्मान विशेष रूप से चिकित्सकों, पैरामेडिकल कर्मियों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में नि:स्वार्थ रूप से कार्य करने वाली संस्थाओं को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट और समर्पित सेवा दी है।

डॉ. मुश्ताक अंसारी ने कहा कि देश के अनेक हिस्सों में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोग कठिन परिस्थितियों में भी समर्पण और मानवीय संवेदना के साथ जनता की सेवा करते हैं। ऐसे सभी लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना फेस समूह का मुख्य उद्देश्य है, ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा-भावना को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।फेस ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए सांसद एम आस मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया और कहा कि समाज के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में असाधारण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करना एक अत्यंत सराहनीय कदम है।

# गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिखों के नौवें गुरु, 'हिन्द दी चादर' श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गुरु साहिब के अद्वितीय साहस, त्याग और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि महान संत, असाधारण योद्धा, धर्म एवं मानवता के रक्षक, 'हिन्द दी चादर' के नाम से प्रख्यात सिखों के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर महाराज को उनके बलिदान दिवस पर कोटिश: नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि अधर्म, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अविराम संघर्ष का प्रतीक, उनका तपस्वी जीवन पूरी मानव सभ्यता के लिए प्रेरणा-पुंज है।

उल्लेखनीय है कि, सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर की शहादत को इस बार 350वीं वर्षगांठ के रूप में मना रहे है। उनका बलिदान दुनिया के इतिहास में अनोखा है, क्योंकि उन्होंने अपने प्राण सिर्फ एक समुदाय नहीं, बल्कि पूरी मानवता की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिए।

## एक नजर

### 'आत्माराम लाइव' कॉमेडी 28 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की लोकप्रियता के पीछे भागती नई पीढ़ी की बेचैनी और वैलिडेशन की भूख पर व्यंग्य करती कॉमेडी-हॉरर फीचर फिल्म 'आत्माराम लाइव' इस महीने दर्शकों के बीच आने को तैयार है। पहली बार निर्देशन की कमान संभाल रहीं निहारिका साहनी ने इस कहानी को लिखा और निर्देशित किया है।फिल्म की कहानी एक ऐसे स्ट्रगलिंग सोशल मीडिया इन्फ्ल्यूएंसर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अचानक एक ऐसा मौका मिलता है जो उसके लिए लोकप्रियता का शॉर्टकट साबित हो सकता है। लेकिन यह रास्ता उसे भूतों के रहस्यमयी जाल में उलझा देता है। कहानी में हास्य, रोमांच और सोशल मीडिया की कड़वी सच्चाई, तीनों को दिलचस्प अंदाज में पिरोया गया है। पूरी तरह नए कलाकारों, नई क्रू और नई गायकी के साथ बनी इस फिल्म का उद्देश्य युवा क्रिएटर्स व कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। 'आत्माराम लाइव' 28 नवंबर 2025 को भारत में थिएट्रिकल रिलीज होगी। फिल्म की इंटरनेशनल रिलीज को लेकर भी तैयारी चल रही है, हालांकि तारीखों की घोषणा अभी बाकी है।

### रेमेडियम लाइफकेयर का दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित

**नई दिल्ली।** फार्मा और स्पेशियलिटी केमिकल सेक्टर में सक्रिय रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने सितंबर-2025 को समाप्त दूसरी तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के नतीजे जारी करते हुए बेहतरीन परफॉर्मेंस दर्ज किया है। कंपनी के मुताबिक परिचालन दक्षता, पोर्टफोलियो की मजबूती और विस्तार रणनीति ने वित्तीय परिणामों को नई ऊंचाई दी है। इस मजबूत वित्तीय प्रदर्शन पर कंपनी के पूर्ण समय के डायरेक्टर श्री आदर्श मुंजाल ने कहा कि दूसरी तिमाही के मजबूत परिणाम हमारी परिचालन अनुशासन और बिजनेस विस्तार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हमारा एकीकृत प्रदर्शन हमारे पोर्टफोलियो की मजबूती और कुशलतापूर्वक विस्तार करने की क्षमता को दिखाता है। हम लाभ में सुधार, संपत्ति की स्थिति को मजबूत करने और सभी हितधारकों के लिए निरंतर विकास पर केंद्रित हैं। हमें विश्वास है कि कंपनी का यह मजबूत प्रदर्शन और उत्कृष्ट परिचालन गति वित्त वर्ष के शेष समय में भी जारी रहेगी।

### कनेक्टेड लाइफ स्टाइल टेक इकोसिस्टम की घोषणा

**नई दिल्ली।** Ai+ स्मार्टफोन ने आज लाइफस्टाइल-टेक की नई लहर के रूप में डिजाइन किए गए कनेक्टेड इकोसिस्टम उत्पादों में अपने विस्तार की घोषणा के साथ अपने अगले अध्याय का संकेत दिया। नेक्स्टक्वांटम ओएस की नींव पर निर्मित, आगामी इकोसिस्टम का उद्देश्य Ai+ को स्मार्टफोन से आगे बढ़ाकर एक ऐसी दुनिया में ले जाना है जहाँ डिवाइस एकीकृत, सहज और निर्बाध रूप से जुड़े हुए महसूस हों। नेक्स्टक्वांटमे के संस्थापक और Ai+ स्मार्टफोन के सीईओ माधव शेठ ने कहा Ai+ स्मार्टफोन एक व्यापक, बहु-डिवाइस क्षेत्र में विकसित हो रहा है, जिसका पारिस्थितिकी तंत्र कनेक्टेड लिविंग के लिए बनाया गया है।

### द स्टोरी हाउस ने पेश किया आर्किटेक्चर का नया बेंचमार्क

**नई दिल्ली।** द स्टोरी हाउस लग्जरी लाइफस्टाइल का नया अध्याय है, जहाँ आर्किटेक्चर को खास ध्यान में रखते हुए ऐसा रेजिडेंशियल डेवलपमेंट तैयार किया गया है जो परिवारों, प्रोफेशनल्स और वरिष्ठ नागरिकोंख्रसभी को एक ही छत के नीचे सुविधा, आराम और संवेदनशील देखभाल प्रदान करता है। यह परियोजना सेक्टर 89।, गुरुग्राम में प्रदूषण-रहित माहौल में स्थित है, जो आधुनिक जीवन को लग्जरी लाइफस्टाइल, वेलनेस-ओरिएंटेड सुविधाओं और सुरक्षा-आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ नए सिरे से परिभाषित करती है।

इस लक्जरी परियोजना के विपणन और प्रचार के अंतर्निहित दृष्टिकोण पर टिप्पणी करते हुए, स्वर्णकी एस्टेट एलएलपी के पार्टनर आलोक अहल. ूवालिया ने कहा स्टोरी हाउस सिर्फ एक आवासीय परियोजना नहीं है - यह एक सोच-समझकर तैयार किया गया जीवन अनुभव है। निवासियों को समर्थित, सुरक्षित और जुड़ा हुआ महसूस कराने के लिए स्वास्थ्य देखभाल पहुंच से लेकर वरिष्ठ-अनुकूल डिजाइन तक हर विवरण को एकीकृत किया गया है।

### हंस राज स्मारक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह मनाया गया

**नई दिल्ली।** हंसराज स्मारक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दिलशाद गार्डन, दिल्ली ने 22 नवंबर को यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपना वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सचदेवा (अध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश बीजेपी), हर्ष दीप मल्होत्रा, प्रशांत गौतम (डीसीपी शाहदरा) दीपक गाबा (जिला अध्यक्ष, शाहदरा) रहे।



संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली विवि के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के तत्वावधान में डॉ. बी. आर. अंबेडकर की पुस्तक द इवोल्यूशन ऑफ प्रोविंशियल फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडिया पर राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन करते न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल।

# झारखंड की सोहराय कला बने IITF 2025 के स्टार आकर्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड पवेलियन इस वर्ष कला, संस्कृति और कारीगर सशक्तिकरण का सबसे प्रभावशाली केंद्र बनकर उभर रहा है। झारखंड पवेलियन में आज उद्योग सचिव-सह-स्थानिकआयुक्त अरवा राजकमल ने सभी स्टॉलों का अवलो. कन किया, उनकी सराहना की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। पवेलियन में प्रदर्शित राज्य की समृद्ध लोककलाएँ विशेषकर पैतकर और सोहराय कला और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली सरकारी पहलें देशभर से आए दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित कर रही हैं। झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की निरंतर पहल के कारण पवेलियन में पारंपरिक पैतकर और सोहराय कला विरासत को जिस तरह जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है, वह बड़ी संख्या में विजिटर्स के लिए प्रमुख आकर्षण बना हुआ है। पवेलियन में प्रदर्शित सोहराय, खोवर, जादोपटिया और पैतकर पेंटिंग्स न केवल राज्य की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों की पीढ़ियों पुरानी कलाओं को नए बाजार अवसरों से भी जोड़ रही हैं।




# श्री सत्य सांई बाबा जन्मशताब्दी पर सांस्कृतिक महोत्सव सम्पन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भगवान श्री सत्य सांई बाबा की 100वीं जयंती के अवसर पर मुद्देनहल्ली स्थित सत्य साई ग्राम आध्यात्मिक उल्लास और सांस्कृतिक एकता से जगमगा उठा। सद्गुरु मधुसूदन साई के नेतृत्व में आयोजित वन वर्ल्ड वन फैमिली मिशन ने 16 अगस्त से 23 नवंबर 2025 तक चलने वाले विश्व के सबसे दीर्घ वन वर्ल्ड वन फैमिली विश्व सांस्कृतिक महोत्सव 2025ष्का भव्य आयोजन कर बाबा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। यह महोत्सव गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में विश्व के सबसे लंबे सांस्कृतिक उत्सव के रूप में दर्ज किया गया है। संगीत, नृत्य, कला, संस्कृति और सेवा.इन पांच स्तंभों पर आधारित इस आयोजन में 100 देशों ने भागीदारी की और मानवता को वसुधैव कुटुम्बकम् -एक पृथ्वी, एक परिवार का सन्देश दिया। बाबा के संदेश "सबसे प्रेम, सबकी सेवा" को मूर्त रूप देने हेतु इस अवसर पर अनेक बड़े सेवा प्रकल्पों की घोषणा की गई, जिनमें शामिल हैं। विश्व का सबसे बड़ा 600-बेड का नि:शुल्क निजी अस्पताल, जो अब लोकार्पण के लिए तैयार है।

## सोशल इनोवेशन अवार्ड्स विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस की समा. जसेवी एवं सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने आज आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड्स के चौथे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। 2018 में शुरू किए गए इन पुरस्कारों के तहत ऐसे लोगों एवं टीमों को चिह्नित एवं पुरस्कृत किया जाता है, जो देशभर में लोगों के जीवनस्तर को सुधारने के लिए उल्लेखनीय समाधान दे रहे हैं। ज्यूरी में शामिल रहे: अभिजीत रे, सह-संस्थापक, यूनीटस कैपिटल एंड यूसी इन्क्लूसिव क्रेडिट, एलीना आलम, संस्थापक, मिट्टी कैफे, अपर्णा उप्पालुरी, संस्थापक एवं प्रधान सलाहकार, अंतरा एडवाइजरी, सुमित विरमानी, ट्रस्टी, इन्फोसिस फाउंडेशन, श्री सुनील कुमार धारेश्वर, ट्रस्टी, इन्फोसिस फाउंडेशन। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड्स 2025 के प्रत्येक विजेताओं को 50 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई।

## दिव्याग सशक्तिकरण व जागरुकता अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विकलांग कल्याण सह शोध समिति मदनगीर द्वारा आयोजित दिव्याम सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान नाटी गाईना बारात घर नई दिल्ली-110074 में हुई जिसमें क्षेत्र के कई दिव्यांगजन ने अभियान में भाग लिए। जिसमें दिव्या जनी के रोजगार शिक्षा स्वास्थ शिक्षा पर बल दिया गया। सरकारी प्रयास एवं योजनाएं सन्तोष का विषय है कि सरकार एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगतन दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। दिव्यांग अधिकार अधिनियम-2016 में 21 प्रकार के दिव्यांगताओं की मान्यता दी है और उनके अधिकारों को कानूनी रूप दिया है। सरकारी नौकरी और शिक्षण सस्थानों में आरक्षण सुगम मारत अभियान के अंतर्गत भवनों एवं परिवहन प्रणालियों को सुगम बनाना एवं सहायक अम एव उपक्रम प्रदान करना वे सभी कदम मील के पत्थर है। दिव्याग जनों के न्क्प्क ब्तक के बारे में भी जानकारी दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाना

# प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत समस्त जनपद स्तरीय अधिकरियों के साथ ठण्ड की तैयारी के सम्बन्ध में जूम मीटिंग के माध्यम से ऑनलाईन समीक्षा बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड ने ऑनलाईन बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को रैन बसेरे/ शेल्टर होम बनाने एवं उनमें सभी मूलभूत सुविधाओं को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत



पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसी क्रम में संबंधित अधिकारियों द्वारा आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए रैन बेसरों/शेल्टर होम नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए है, ताकि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हो। उन्होंने बताया कि इन रैन बसेरों / शेल्टर होम में रुकने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को ठंड से बचने के लिए आवश्यक समस्त उपाय जैसे गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि का प्रबंध नि:शुल्क एवं रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी।

जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर चौराहा का निरीक्षण किया जाए कोई भी व्यक्ति रोड पर सोता हुआ ना मिले, हर व्यक्ति को रेन बसेरा और कंबल की व्यवस्था की जाए। साथ ही गरीब लोगों को चिन्हित कराके उनके लिए कंबल की व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने जिला सर्विलांस अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद को ठण्ड में उत्पन्न होने बीमारियों के दृष्टिगत अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं किये जाने के निर्देश दिये गये। एवं पशु पालन विभाग को गौशाला में रहने वाले पशुओं को ठण्ड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम गाजियाबाद को ठण्ड से बचाव हेतु प्रचार प्रसार किये जानें एवं रैन बसेरो में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने आरटीओ एवं जिला गन्ना अधिकारी गाजियाबाद को ट्रेक्टर-ट्राली, ट्रक एवं अन्य वाहनों पर रेडियम पट्टी आदि लगवाये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीत लहर से बचाव हेतु समस्त तैयारी तत्काल पूर्ण करते हुए रैन बसेरों/शेल्टर होम में तैनात केयर टेकर का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर एवं अलाव जलाए जाने के लिए चिह्नित स्थानों की सूची फोटोग्राफ सहित यथाशीघ्र जिला आपदा विशेषज्ञ गाजियाबाद को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शीत लहरी एवं ठंड से बचाव कार्यक्रमों का जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सभी जरूरतमंदों तक बचाओ कार्यक्रमों का लाभ पहुंच सके। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

## मुरादनगर में निकली आध्यात्मिक संध्या शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा संचालित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत मुरादनगर एक भक्ति-मय संध्या शोभायात्रा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों और महिला समूहों ने उत्साह के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा का प्रारम्भ राधे श्याम फेज-1 स्थित शिव मंदिर, मुरादनगर से हुआ। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्याएँ साध्वी वसुधा भारती जी तथा साध्वी ज्योति भारती जी भी उसमें उपस्थित रहीं। यह आध्यात्मिक यात्रा समाज में प्रेम, सद्भाव एवं शांति को बढ़ावा देने का संदेश देती है। मुरादनगर में होने वाली कथा संस्थान के नशा-निरोध अभियान 'बोध प्रकल्प' को समर्पित है, जिसका उद्देश समाज को व्यसनमुक्त और जागरूक बनाना है। गायन, भजन और हरिनाम संकीर्तन के साथ यात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए भक्तिमय वातावरण का संचार करती रही। राह में स्थानीय निवासियों ने भी घरों से बाहर आकर शोभायात्रा का स्वागत किया। समूचा क्षेत्र आध्यात्मिक उल्लास और शांति से सराबोर रहा। यह यात्रा पूर्ण व्यवस्था एवं श्रद्धा के वातावरण में सम्पन्न हुई।मुख्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 29 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2025 तक प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से रात 8:00 बजे तक के.एन. इंटर कॉलेज ग्राउंड, टंकी रोड, मुरादनगर में किया जाएगा। इसके एक दिन पहले, 28 नवम्बर 2025 को सुबह 9 बजे K-G- Resort (KIET कॉलेज के निकट) से मंगल कलश यात्रा प्रारंभ होगी।

## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** रविवार को निवाड़ी रोड पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद से मोदीनगर निवासी विनय कुमार पंवार कनिष्ठ उपाध्यक्ष व सुनील कुमार सहसचिव प्रशासन के पद पर विजेता बनने पर एडवोकेट अजय कुमार सैन के द्वारा स्वागत व सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में एडवोकेट अजय कुमार सैन ने सभी अधिवक्ता साथियों के साथ संयुक्त रूप से अपने दोनों नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं को फूलमाला पहनाकर पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से वरिष्ठ



अधिवक्ता प्रमोद तंवर व राज. कुमार सैन मेरठ मण्डल प्रभारी बसपा द्वारा दोनों अधिवक्ता सुनील कुमार व विनय कुमार पंवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों के रूप में चुने जाने पर आशीर्वाद देकर बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की गई।

सभी अधिवक्ता साथियों ने मिलकर गाजियाबाद बार एसोसिएशन जिन्दाबाद व वकील एकता जिन्दाबाद के नारों से खुशी जाहिर करते हुए सभी का मनोबल और अधिक बढ़ा दिया। इस कार्यकम में सुनील कुमार सहसचिव प्रशासन व विनय कुमार पंवार कनिष्ठ उपाध्यक्ष ने अपने जोरदार स्वागत व सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हम गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ता हितों व कार्यों के लिए अपने अधिवक्ता साथियों के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहेंगे।इस खुशी के मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद तंवर पूर्व शासकीय अधिवक्ता, राजकुमार सैन मेरठ मंडल प्रभारी बसपा, एडवोकेट कमल किशोर पूर्व सहचंसचिव पुस्तकालय, एडवोकेट अनिल भड़ाना, एडवोकेट नीरज कश्यप, एडवोकेट राहुल कुमार, एडवोकेट अजय कुमार सैन, एडवोकेट गौरव कुमार, एडवोकेट पंकज कुमार, अंकित चौधरी, विशाल ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे।

## आईटीएस कालेज में धुमधाम के साथ बाल दिवस सप्ताह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर हर साल 14 नवंबर को पूरे देश में मनाये जाने वाले बाल दिवस समारोह के अंतर्गत, आई. टी.एस डेन्टल कालेज के पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा बाल दिवस सप्ताह मनाया गया। इस आयोजन में 40 से अधिक स्कूलों के 3000 से अधिक बच्चों और 100 से अधिक शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी विभिन्न विद्यालयों से आये छात्रों का मुफ्त में ओरल परिक्षण किया गया तथा दांतों के उपचार के उपायों से भी अवगत कराया गया। विभिन्न स्कूलों से आने वाले बच्चों को अपने दांत किस



प्रकार स्वस्थ रख सकते है आदि से अवगत कराया गया तथा सभी बच्चों को प्रतिदिन दांतो को साफ रखने के बारे में भी बताया गया।

इस सप्ताह के दौरान बच्चों के लिये संस्थान में नुक्कड़ नाटक, डीआईवाई हेंडक्राफ्ट, ग्लास पेंटिंग, रील मेकिंग, डेन्टल क्विज, टेबल क्लीनिक जैसी विभिन्न मनोरंजक गति. विधियाँ आयोजित की गई। विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, नेत्रहीन स्कूलों और दिव्यांग बच्चों के लिये शिविर आयोजित किये गये। पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग ने बच्चों को कक्षा में सर्वश्रेष्ठ और दर्द रहित दंत अनुभव प्रदान करने के लिए पहल की है तथा बच्चों को विभिन्न नवीनतम सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम हुआ है।

जिसमें लेजर ट्रीटमेंट, नाइट्रस-ऑक्साइड (लाफिंग गैस) सिडेशन, कम्प्यूटरीकृत एनेस्थीसिया, आदि है। बच्चों और किशोरों के लिए दंत चिकित्सा आज के समय में पूर्ण रूप से दर्द रहित है। विभाग मे बच्चों के लिए दांत मे मसाला भरना, दूध के दांतों की सफाई तथा कैप लगाना, जैसी अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। बच्चों को ब्रेसिज उपचार की आवश्यकता भी होती है, जोकि दंत चिकित्सक की राय के आधार पर बच्चों के लिए दोनो विकल्प विसीबल और इनविसीबल ब्रे. सिज विभाग में शामिल है।

इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### भारतीय किसान यूनियन ने सर छोटूराम जी की जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दीनबंधु सर छोटूराम जी की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के मुख्य कार्यालय पर हवन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोमवीर सोनू, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद रणवीर प्रधान, युवा के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, हरनाम भाई, मीडिया प्रवक्ता रविंद्र त्यागी आदि सैकड़ो की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। हम सर छोटूराम जी और उनके महान योगदान का अभिवादन करते हैं और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होते हैं।

#### शिक्षकों की पुरानी पेंशन को लेकर

### शिक्षकों का एक समूह ने शहीद स्मारक मेरठ से शुरू की पदयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शिक्षकों का एक समूह अटेवा संगठन के नेतृत्व में सुबह 11 बजे शहीद स्मारक मेरठ से पदयात्रा शुरू की।

शाम 6 बजे यह पदयात्रा श्री हंस इण्टर कालेज मुरादनगर में पहुंची। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने पुष्प माला द्वारा पदयात्रियो का स्वागत किया। जिसमें विद्यालय के अन्य अध्यापक एनसीसी ऑफिसर डॉ. अमित कुमार, अखलेश कुमार, रामकुमार , शेषप्रताप, सुमित कुमार, दिनेश बाबू भी स्वागत टीम में शामिल हुए। अटेवा संगठन की मुख्य माँग पुरानी पेंशन योजना है। स्थान-स्थान पर सम्मानित अध्यापको का पुष्प माला द्वारा स्वागत किया गया। यह पदयात्रा 25 नवंबर 2025 को जंतर मंतर नई दिल्ली में संपन्न होगी। तथा पदयात्रा में कवीन्द्र खगरी (मंडल महामंत्री अटेवा विजय कुमार (जिला प्रचार मंत्री अटेवा), महेन्द्र यादव, जयभगवान यादव, सतीश कुमार शर्मा MDA मेरठ, कपिल शर्मा (जिला प्रवक्ता अटेवा), मुनीराम सिंह (जिला अध्यक्ष अटेवा, संजय तोमर (वरिष्ट उपाध्यक्ष अटेवा, नरेन्ड पाल सिंह, राणा प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, तनिश, राहुल कुशवाहा, हनी, वैभव आदि उपस्थित रहे।

## लोकेश ढोडी की मौत को हत्या की आशंका बता परिजनों ने की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भाजपा नेता व पूर्व सभासद लोकेश ढोडी की 17 नवम्बर को मुरादनगर में सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर उनके परिजनों ने हत्या का अंदेशा जताते हुए जांच की मांग को लेकर एसीपी मोदीनगर को ज्ञापन सौंपा। लोक. श ढोडी की बहन रीता ढोडी(सभासद) ने एसीपी को दिए ज्ञापन में मांग की है कि लोकेश ढोडी सामाजिक व्यक्ति थे उनको कई लोगों से जान की धमकी भी मिल चुकी थी हो सकता है कि उनकी सड़क दुर्घटना में हुई मौत सामान्य मौत



ना होकर हत्या हो, अत: हमारी मांग है कि घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज चेक करे जाये व हमें भी दिखाए जाने चाहिए साथ ही उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी अभी तक हमें नहीं मिली है जिससे किसी साजिश का शक हो रहा है।

अत: शीघ्र ही पुलिस उचित जांच करें वरना न्याय ना मिलने पर हमारा परिवार सामूहिक इच्छामृत्यु की मांग

### न्याय न मिलने पर की इच्छामृत्यु की मांग

करने को विवश होगा। उल्लेखनीय है कि लोकेश ढोडी ने स्वयं को जान से मारने की धमकी का एक मुकदमा भी मोदीनगर थाने में दर्ज कराया हुआ है परंतु कई माह बीत जाने पर भी अभी तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई उस मुकदमे में नहीं की है, इसको लेकर पंजाबी समाज सहित पूरे मोदीनगर क्षेत्र की जनता में रोष है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में पुणे के छात्रों का शैक्षणिक दौरा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज ने पिंपरी-चिंचवड़ यूनिवर्सिटी, पुणे के 23 कानून विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक इमर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का समन्वयन स्कूल के निदेशक प्रो. डॉ. हेमंत कुमार शर्मा और सहायक प्रोफेसर इस्मत हेना ने किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक सीख, अनुभव साझा करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद प्रो. डॉ. हेमंत कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए संस्थानों के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। अपे. पजपदह जनकमदजे के सम्मान



में felicitation ceremony भी आयोजित की गई।

इसके बाद लीगल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को एक साथ मिलाकर टीम बनाई गई। जिससे टीमवर्क, कानूनी ज्ञान और विश्लेषण क्षमता को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में छात्रों ने अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इस गतिविधि ने विविधता और आपसी समझ को बढ़ाया और छात्रों के लिए एक मनोरंजक अनुभव रहा। सहायक प्रोफेसर सिमरन द्वारा वोट ऑफ थैंक्स देने के बाद फीडबैक सत्र हुआ, जिसमें छात्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम ने उनके आत्मविश्वास, सीखने की प्रक्रिया और सोच में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। छात्रों ने विश्व. विद्यालय की मेजबानी और पूरे आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने विश्वविद्यालय की सुविधाओं और वातावरण को समझने के लिए कैंपस भ्रमण किया। इसके बाद सभी छात्रों को चांसलर एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, माननीय वाइस चांसलर प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार और माननीय प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया और बताया कि दोनों संस्थानों के बीच सहयोग आगे भी जारी रहेगा। स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज माननीय चां. सलर एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो चांसलर नितिन अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार और प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता है। इनके सहयोग से ही कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को सीखने के नए अवसर और सहयोगपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।


### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मौ0 जैद को उसके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके प्रति मेरा व मेरे शेष परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**अमजद अली खान पुत्र जमील अहमद निवासी वीर अब्दुल हमिद कॉलोनी सेक्टर-12 विजय नगर गाजियाबाद।**


## कैब चालक पर धारदार हथियार से हमला

**गाजियाबाद।** सोमवार को नंदग्राम थानाक्षेत्र में कैब में बैठी सवारी ने चालक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। ताबड़तोड़ वार से चालक बुरी तरह लहूलुहान हो गया। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया। वहीं, चालक की चीख सुनकर लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दिल्ली के सीलमपुर निवासी 32 वर्षीय सुरेंद्र कैब चलाता है। सोमवार दोपहर में दिल्ली में एक व्यक्ति ने पानीपत जाने के लिए कैब बुक की। पानीपत से होने के बाद सवारी ने राजनगर एक्सटेंशन चलने को कहा। बताया जा रहा है कि कैब जैसे ही नंदग्राम थानाक्षेत्र में मेरठ रोड तिराहे पर पहुंची तो पीछे बैठी सवारी ने चालक सुरेंद्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। चालक कुछ समझ पाता, इससे पहले ही सवारी ने उस पर एक के बाद एक कई वार कर दिए, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कैब से उतरकर फरार हो गया। सवारी द्वारा धारदार हथियार से वार करने के दौरान चालक अपनी जान बचाने की जद्दोजहद में जुट गया। इस दौरान कैब अनियंत्रित हो गई और रैपिड स्टेशन के पास डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, चालक की चीख सुनकर आसपास मौजूद लोग कैब की तरफ दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद चालक को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक चालक के गर्दन सहित शरीर पर पांच-छह घाव मिले हैं। रक्तस्राव न रुकने के चलते उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी, जिसके चलते उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। विवाद के बाद घटना को अंजाम देने का अंदेशा एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि कैब से एक बैग और लोहे की रॉड मिली है।

# रिश्तेदार के घर से ज्वेलरी चुराने वाला गिरफ्तार, आभूषण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक चोर को गिरफ्तार किया, जिसने अपने ही रिश्तेदार के घर से गहने चुरा लिए थे। द्वारका जिले के बिंदापुर पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तारी के बाद चोरी के गहने बरामद कर लिए।

द्वारका पुलिस के एक बयान के मुताबिक, टीम ने आरोपी की निशानदेही पर एक लॉकेट वाली सोने की चेन, एक और सोने की चेन, एक जोड़ी सोने की चेन, एक जोड़ी सोने की बालियां, दो सोने की अंगूठियां और 20 ग्राम का सोने का बिस्किट बरामद किया। बिंदापुर पुलिस स्टेशन को 9 नवंबर को भारतीय न्याय सं.हिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत एक ऑनलाइन ई-एफआईआर मिली। इसके बाद, पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शिकायतकर्ता मनजिंदर कौर से मिली, जो असलम सलीम की पत्नी हैं और आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, दिल्ली की रहने वाली हैं।

उन्होंने बताया कि अनजान लोगों ने उनके घर से गहने चुरा लिए हैं। उनकी शिकायत के आधार पर, ऊपर बताई गई ई-एफआईआर दर्ज की गई।

द्वारका डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी के कहने पर जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए, केस को सुलझाने और दोषी को पकड़ने के लिए बिंदापुर पुलिस स्टेशन से एक टीम बनाई गई। इस टीम में हेड कांस्टेबल नीरज, हेड कांस्टेबल अशोक, कांस्टेबल राजेश डागर और कांस्टेबल आशीष शामिल थे, जिनका सुपरविजन इंस्पेक्टर नरेश सांगवान, स्टेशन हाउस ऑफिसर और ओवरऑल सुपरविजन राज. कुमार, असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, डाबरी का था।

मामले की जांच के लिए टीम क्राइम स्पॉट पर गई और घर और आस-पास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज चेक की। खास बात यह थी कि जबरदस्ती घुसने का कोई निशान नहीं था, कोई ताला या दरवाजा नहीं तोड़ा गया था, जिससे पुलिस को शक हुआ कि इसमें घर से जान-पहचान वाले या उसी बिल्डिंग में रहने वाले किसी व्यक्ति का हाथ है। पूछताछ के दौरान पता चला कि शिकायत करने वाले का एक कजन घर आया था और तीन दिन तक वहीं रुका था। पुलिस ने उससे पूछताछ की, जिसकी पहचान परमजीत सिंह के तौर पर हुई। पूछताछ के दौरान परमजीत ने शुरू में अपना परिचय सब-इंस्पेक्टर परमव.ीर सिंह के तौर पर दिया, लेकिन वह कोई पहचान पत्र नहीं दिखा सका और अपनी कथित पोस्टिंग के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

शक होने पर पुलिस ने और गहराई से पूछताछ की। इस दौरान परमजीत ने माना कि वह पुरानी कारों का कमीशन एजेंट का काम करता है और आखिर में उसने शिकायत करने वाली के घर पर चोरी करना कबूल कर लिया, जो उसकी मौसी की बेटी है।

## धर्मेंद्र के निधन पर उपराज्यपाल ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर एक्टर धर्मेंद्र, जिन्हें ष्ही-मैनष के नाम से जाना जाता है, का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली। उनकी मौत की खबर से फिल्म इंडस्ट्री, नेताओं और फैंस में शोक की लहर दौड़ गई। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने उनके निधन पर एक्स पर पोस्ट कर दुख व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, षफिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का निधन भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम काल का अंत है। अपने बेहतरीन अभिनय से अनेक किरदारों को जीवंत करने वाले धर्मेंद्र, एक महान कलाकार होने के साथ साथ एक शानदार व्यक्तित्व के जिंदादिल इंसान थे, जिन्होंने देश-दुनिया में लाखों लोगों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उनके परिवार और असंख्य प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। विनम्र श्रद्धांजलि।

# पुलिस पर मिर्ची स्प्रे छिड़कने के मामले में 22 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : इंडिया गेट पर प्रदूषण पर प्रदर्शन में हुए हंगामे पर पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया है। दिल्ली पुलिस ने दो थानों में एफआईआर दर्ज की है और 22 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। कर्तव्यपथ थाने में छह मेल प्रोटेस्टर्स को गिरफ्तार किया है तो वहीं दूसरी एफआईआर संसद मार्ग थाने में दर्ज की गई है। जिसमें 17 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने कर्तव्यपथ थाने में दर्ज की गई एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत छह पुरुष प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर बीएनएस की धारा 74, 79, 105(2), 132, 221, 223, और 6(2) के तहत आरोप लगाए गए हैं। इन धाराओं में सार्वजनिक शांति भंग करने, सरकारी आदेशों का उल्लंघन करने और अन्य संबंधित अपराधों का उल्लेख है। वहीं, एक अन्य एफआईआर संसद मार्ग थाने में दर्ज की गई है। इस एफआईआर के तहत 17 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर बीएनएस की धारा 223।, 132, 221, 121 ।, 126 (2), और 3 (5) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

इन धाराओं में भी सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या अन्य गंभीर अपराधों का प्रावधान हो सकता है। प्रदूषण को लेकर हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों पर हमला करने के आरा.ेप में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संभावित पेशी से पहले दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर के विरोध में इंडिया गेट के पास प्रदर्शन कर रहे 15 लोगों को रविवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

प्रदर्शनकारियों के ऊपर पुलिस टीम पर पेपर स्प्रे करने का आरोप है, जिसमें तीन से चार पुलिसकर्मी घायल हुए। सभी घायलों का इलाज राम मनो. हर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में चल रहा है। करीब 4.30 बजे कुछ प्रदर्शनकारी इंडिया गेट के सी-हेक्सागन क्षेत्र में एकत्र हुए। उनका प्राथमिक उद्देश्य वायु गुणवत्ता में लगातार हो रही गिरावट के प्रति अपना विरोध दर्ज कराना था। हालांकि, कुछ समय बाद प्रदर्शनकारियों ने नक्सली हिड़मा के पक्ष में नारेबाजी शुरू कर दी।

# छात्रा आत्महत्या मामले में जांच जारी स्कूल के सामने अभिभावकों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन पर 16 वर्षीय एक छात्र की आत्महत्या के मामले में तीन और शिक्षकों को पूछताछ के लिए बुलाया। रविवार को दो अन्य शिक्षकों से पूछताछ की गई, जबकि जांच के तहत कुछ छात्रों से भी पूछताछ की गई। इससे पहले, मध्य दिल्ली स्थित इस स्कूल ने अपने चार शिक्षकों को निलंबित कर दिया था।

इस बीच, माता-पिता ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि स्कूल के शिक्षकों द्वारा कथित उत्पीड़न के कारण उनका बेटा गंभीर मानसिक तनाव में था। एएनआई से बात करते हुए मृतक के पिता ने कहा, ष्मेरा बेटा बहुत होशियार था। उसने कई मेडल और सर्टिफिकेट जीते थे। और पिछली बार जब मैंने उससे बात की थी, तो मुझे बिल्कुल नहीं लगा था कि वह ऐसा कदम उठाएगा। मेरा बेटा शिकायत करता रहता था कि शिक्षक उसे बहुत परेशान कर रहे हैं। इस समय, कई छात्र और अभिभावक भी मेरे बेटे के लिए न्याय मांगने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम बस यही चाहते हैं कि हमारे बेटे को न्याय मिले। पीड़ित की मां ने बताया, ष्मेरे बेटे को न्याय मिलना चाहिए और इस मामले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उसने मुझे कई बार बताया कि शिक्षक उसे बहुत प्रताड़ित कर रहे थे। मेरे बेटे को न्याय मिलना चाहिए ताकि भविष्य में किसी और बच्चे को ऐसा कुछ न सहना पड़े।

21 नवंबर को, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशिष सूद ने कहा कि राज्य सरकार ने राजधानी के एक प्रतिष्ठित स्कूल के एक छात्र की आत्महत्या के मामले में एक जांच समिति गठित की है। सूद ने कहा कि स्कूलों ने भी इस मामले में कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि वह स्कूलों को पत्र लिखकर पूछेंगे कि क्या वे सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अनुसार छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और उनकी भलाई पर नजर रख रहे हैं।



**प्रगति मैदान में आयोजित दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित सशक्ति प्रोग्राम के तहत सेल्फ डिफेंस के गुर सीखती महिलाएं।**

# एटीएम बदलकर करते थे ठगी, दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हर्ष विहार पुलिस ने सोमवार को एटीएम बदलकर ठगी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, 49 एटीएम कार्ड व 30 हजार नकद बरामद हुआ है। पुलिस पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ करके इनके गिरोह के अन्य गुर्गों के बारे में पता लगाने की को.शिश कर रही है। जांच में सलमान पर नौ व राशिद अली पर 10 आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। इसमें हत्या के प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट व अन्य मामले शामिल हैं। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि शनिवार को हर्ष विहार पुलिस को एटीएम बदलकर ठगी की शिकायत मिली। शिकायतकर्ता 56 वर्षीय राधेश्याम ने बताया कि वह एक एटीएम से रुपये निकाल रहे थे। इसी दौरान अंदर आए दो बदमाशों ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और 30 हजार रुपये निकालकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की। तकनीकि टीम व सीसीटीवी फुटेज से दो आरोपियों 28 वर्षीय सलमान व 29 वर्षीय राशिद अली उर्फ काला के रूप में हुई। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें दबोच लिया। इनके पास से 49 एटीएम कार्ड, निकाले गए 30 हजार नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।

## देवेंद्र यादव ने चुनाव आयोग को लिखी चिट्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को पत्र लिखकर दिल्ली नगर निगम उपचुनाव को लेकर अशोक विहार की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है।

देवेंद्र यादव ने पत्र में लिखा, ष्मैं वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को उजागर करना चाहता हूं। यह वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र है। यहां ज्यादातर मजदूर रहते हैं, जिसका साफ मतलब है कि मजदूरों के मताधिकार को एक साजिश के तहत छीन लिया गया है। राहुल गांधी बार-बार आयोग के काम को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। अब हम सब को आवाज उठाने की जरूरत है। रविवार को लिखे पत्र में कहा गया, ष्दिल्ली में 12 वार्डों के लिए उपचुनाव के लिए वोटिंग 30 नवंबर को होगी।

# प्रगति मैदान में महिला सुरक्षा जागरूकता प्रोग्राम

**‘सशक्ति’ सिर्फ एक प्रोग्राम नहीं, यह महिलाओं में लचीलापन, आत्मविश्वास और तैयारी बनाने की दिशा में एक मूवमेंट है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वीमेन एंड चिल्ड्रन ने इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर प्रगति मैदान में "सशक्ति" वीमेन एम्पावरमेंट प्रोग्राम पर जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया।

इस डेमोंस्ट्रेशन में प्रैक्टिकल, आसानी से सीखी जा सकने वाली सेल्फ-डिफेंस टेक्नीक दिखाई गई, जो खास तौर पर महिलाओं और लड़कियों के लिए डिजाइन की गई हैं ताकि उनका कॉन्फिडेंस बढ़े और वे मुश्किल हालात में असरदार तरीके से रिएक्ट कर सकें।

कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वीमेन एंड चिल्ड्रन अंजिता चेप्याला भी मौजूद थी।, जिन्होंने कलाकारों की हिम्मत बढ़ाई और महिलाओं की सेफ्टी, मजबूती और जागरूकता के लिए दिल्ली पुलिस की लगातार कोशिशों पर जोर दिया। अपने भाषण में, उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस यह पक्का करने के लिए कमिटेड है कि हर महिला और लड़की हर उस जगह पर सुरक्षित, कॉन्फिडेंट और एम्पावर्ड महसूस करे जहाँ वह रहती है। ‘सशक्ति’ सिर्फ एक प्रोग्राम नहीं है-यह महिलाओं में लचीलापन, आत्मविश्वास और तैयारी बनाने की दिशा में एक मूवमेंट है। इन सेल्फ-डिफेंस डेमोंस्ट्रेशन और अवेयरनेस इनिशिएटिव के जरिए, हमारा मकसद अपनी बेटियों, बहनों और माताओं को खुद को और दूसरों को बचाने के लिए स्किल्स और नॉलेज देना है।

मैं सभी महिलाओं को एक्टिवली "एक साथ मिलकर, हम एक सुरक्षित और मजबूत समाज बना सकते हैं" के लिए एनकरेज करती हूं।इस दौरान स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वीमेन एंड चिल्ड्रन के ट्रेंड इंस्ट्रक्टर ने असल जिंदगी के हालात पर आधारित टैक्टिक्स दिखाए, जिसमें खतरनाक हालात में जागरूकता, तुरंत जवाब देने और होश में रहने की अहमियत पर जोर दिया गया। दिल्ली पुलिस की लगातार चलने वाली पहल "सशक्ति -महिलाओं को मजबूत बनाना" के हिस्से के तौर पर, इस डेमोंस्ट्रेशन का मकसद ज्यादा से ज्यादा महिलाओं और जवान लड़कियों को सेल्फ-डिफेंस प्रोग्राम में शामिल होने और अपनी ताकत और काबि.लियत को समझने के लिए बढ़ावा देना है।

साथ ही, नुक्कड़ नाटक भी किया गया, जो महिलाओं की सेल्फ-डिफेंस, घरेलू हिंसा, महिलाओं के अधिकार, और साइबर सेफ्टी और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूकता जैसे खास विषयों पर फोकस करता है। मजबूत डायलॉग और दमदार नुक्कड़ नाटक के जरिए, टीम ने ट्रेड फेयर में आए विजिटर्स, खासकर जवान लड़कियों, महिलाओं और परिवारों से कामयाबी से कनेक्ट किया।

# कॉन्स्टेबल पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के राज पार्क इलाके में गश्त के दौरान एक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल को घायल कर दिया।एक रिक्शा चालक से कथित तौर पर 500 रुपये लूटने वाले आरोपी को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि इस गिरफ्तारी से एक डकैती और दो चोरी के मामले सुलझ गए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 22 नवंबर को हुई जब कांस्टेबल विकास नियमित गश्त ड्यूटी पर थे। उनके पास रिक्शा चालक मोहम्मद कमल ने आकर बताया कि एक युवक ने गौशाला रोड, घोड़े वाली गली के पास उन्हें लूट लिया है। कांस्टेबल कमल के साथ घटनास्थल पर गया, जहां उसने आरोपी की पहचान की। जब उसने उसे पकड़ने की कोशिश की, तो आरोपी ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया, जिससे उसका हाथ घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि खून बहने के बावजूद, कांस्टेबल ने युवक को काबू में कर लिया, लेकिन उसने कॉन्स्टेबल का ध्यान भटकाने के लिए अपने सिर पर चोट लगा ली और भीड़ में भाग गया। कांस्टेबल ने थाने को सूचना दी, जिसके बाद घोड़े वाली गली और आस-पास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया।


☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

दिल्ली जं. एवं शामली तथा दिल्ली शाहदरा एवं शामली रेलवे स्टेशनों के बीच नई एमईएमयू ट्रेन सेवाओं का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा दो नई **एमईएमयू** ट्रेन सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया है। ये रेल सेवाएँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार सेवाएं आरंभ करेंगी:-

**64033/64034 दिल्ली जं. – शामली – दिल्ली जं. एमईएमयू रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 64033 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 64034 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:25 | दिल्ली जं. | 10:00 | --- |
| 16:39 | 16:40 | दिल्ली शाहदरा | 09:13 | 09:14 |
| 16:45 | 16:46 | गोकुलपुर सबोली हाल्ट | 08:50 | 08:51 |
| 16:52 | 16:53 | नोली | 08:45 | 08:46 |
| 17:12 | 17:13 | खेकड़ा | 08:25 | 08:26 |
| 17:29 | 17:30 | बागपत रोड | 08:01 | 08:02 |
| 17:47 | 17:48 | बड़ौत | 07:42 | 07:43 |
| 17:57 | 17:58 | कासिमपुर खेड़ी | 07:31 | 07:32 |
| 18:13 | 18:14 | कांधला | 07:11 | 07:12 |
| 19:00 | --- | शामली | --- | 07:00 |

चलने के दिन : 64033 दिल्ली जं से तथा 64034 शामली से दिनांक 25.11.2025 से (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य।

**64035/64036 दिल्ली शाहदरा – शामली – दिल्ली शाहदरा एमईएमयू रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 64035 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 64036 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | दिल्ली शाहदरा | 15:30 | --- |
| 10:06 | 10:07 | गोकुलपुर सबोली हाल्ट | 14:36 | 14:37 |
| 10:11 | 10:12 | नोली | 14:30 | 14:31 |
| 10:26 | 10:27 | खेकड़ा | 14:11 | 14:12 |
| 10:37 | 10:38 | बागपत रोड | 13:59 | 14:00 |
| 10:52 | 10:53 | बड़ौत | 13:45 | 13:46 |
| 11:04 | 11:05 | कासिमपुर खेड़ी | 13:36 | 13:37 |
| 11:24 | 11:25 | कांधला | 13:21 | 13:22 |
| 12:00 | --- | शामली | --- | 13:10 |

चलने के दिन : 64035 दिल्ली शाहदरा से तथा 64036 शामली से दिनांक 25.11.2025 से (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य।

**नोट:** उपरोक्त नई रेल सेवाओं के शुभारंभ के फलस्वरूप, रेलगाड़ी सं. 64091 दिल्ली-शामली एमईएमयू, 14546 सहारनपुर-दिल्ली एक्सप्रेस, 74021 दिल्ली- सहारनपुर डीएमयू, 14306 हरिद्वार-दिल्ली एक्सप्रेस, 64026 सहारनपुर-दिल्ली एमईएमयू और 64023 दिल्ली-सहारनपुर एमईएमयू रेलगाड़ियों की संशोधित समय-सारणी दिनांक 25.11.2025 से प्रभावी होगी। यात्रा करने के इच्छुक रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपनी यात्रा आरंभ करने से पहले कृपया रेल मदद हेल्पलाइन नं. 139, एनटीईएस ऐप अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in के माध्यम से इनकी अद्यतन समय-सारणी अवश्य देखें।

पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे | आपकी सुविधा - हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | 3649/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 450 के पार सांस लेना दूभर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) लगातार तीसरे सप्ताह से गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 396 दर्ज किया गया, जो ‘बहुत खराब’ श्रेणी में आता है।

हालांकि, एनसीआर के विभिन्न इलाकों में स्थिति और भी भयावह है, जहां एक्यूआई 450 के स्तर को पार कर गया है। पिछले 23 दिनों से लगातार यही स्थिति बनी हुई है और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक हवा की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद नहीं है। विभिन्न निगरानी स्टेशनों से प्राप्त आंकड़े प्रदूषण की भयावह तस्वीर पेश करते हैं। दिल्ली में ही आनंद विहार, बवाना, बुराड़ी क्रॉसिंग, मंदिर मार्ग, वजीरपुर और विवेक विहार जैसे इलाकों में एक्यूआई ‘गंभीर’ से ‘बहुत खराब’ श्रेणी में दर्ज किया गया है। एनसीआर में स्थिति और चिंता.जनक है। गाजियाबाद के लोनी इलाके का एक्यूआई 451 तक पहुंच गया है, जो ‘गंभीर’ श्रेणी में आता है। वहीं, गाजियाबाद के इंदिरापुरम (438), संजय नगर (411) और वसुंधरा (429) में भी प्रदूषण का स्तर बेहद ऊंचा है।

नोएडा के सेक्टर-125, 62, 1 और 116 जैसे इलाकों का एक्यूआई 400 को पार कर चुका है, जबकि ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-ट का एक्यूआई 441 दर्ज किया गया है। ‘गंभीर’ वायु गुणवत्ता का स्वस्थ लोगों पर भी बुरा असर पड़ता है और यह हृदय एवं फेफड़ों के रोगियों के लिए तो अत्यंत खतरनाक साबित होती है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए निजी कार्यालयों को 50 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ काम करने और शेष को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति देने का निर्देश जारी किया है। इसका उद्देश्य लोगों के बाहरी एक्सपोजर को कम करना और वाहनों के उत्सर्जन में कमी लाना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के सात दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में अगले एक सप्ताह तक कोहरे और स्थिर हवा की स्थिति बनी रहने की संभावना है।

## राबड़ी देवी ने सुनवाई स्थानांतरित करने को दायर की अर्जी

**नई दिल्ली।** बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई स्थानांतरित करने के लिए दिल्ली की एक अदालत में अर्जी दायर की है। अदालत मंगलवार को याचिका पर सुनवाई कर सकती है। बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई स्थानांतरित करने के लिए दिल्ली की एक अदालत में अर्जी दायर की है। अदालत मंगलवार को याचिका पर सुनवाई कर सकती है। यह मामला अभियोजन पक्ष के साक्ष्य के चरण में है। इस मामले में आरजेडी प्रमुख और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी आरोपी हैं।

# नुकीले हथियार से हमला कर किया युवक को घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा के ज्वाला नगर एक मामला सामने आया है,एक युवक ने जब गाली-गलौच का विरोध किया तो उसको नुकीले हथियार से हमला कर घायल कर दिया स घायल हालत में युवक को हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने के चलते उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार 16 नवंबर की रात करीब नौ बजे वह कृष्णा गली, ज्वाला नगर गया था जहां परिचित प्रकाश ने अचानक गाली गलौज शुरू कर दी। सत्यम उसे नजरंदाज कर अपनी स्कूटी लेकर जाने लगा लेकिन प्रकाश वापस आकर नुकीली चीज से सत्यम के चेहरे पर वार करके घायल हो गया। घटना के बाद सत्यम के पिता को फोन करके अस्पताल लाया गया। इसके बाद उसे जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने प्रकाश के खिलाफ नामजद केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का आरोप है कि प्रकाश ने जानबूझकर हमला किया है। सत्यम कुमार का इलाज जारी है और पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# गुरु तेग बहादुर के संदेशों को जीवन में अपनाने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सिखों के गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के मानवीय संदेशों धर्मनिरपेक्षता, करुणा, सहिष्णुता और सत्य को अपने जीवन में आत्मसात करने की लोगों से अपील की।

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में आज श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन-दिवसीय भव्य समागम में सुबह से ही प्रांगण भक्तों की भीगी पलकें, हाथ जोड़े श्रद्धालु और गुरु साहिब के प्रति अटूट श्रद्धा से भरा दिख रहा है। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के साथ मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में मत्था टेका। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब का सत्य और मानवता के लिए अद्वितीय बलिदान हर नागरिक को साहस और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीमती गुप्ता ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होकर गुरु साहिब के मानवीय संदेशों जैसे धर्मनिरपेक्षता, करुणा, सहिष्णुता और सत्य को अपने जीवन में अपनाएं। दिल्ली सरकार ने इस अवसर पर 25 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर गुरु साहिब की शहादत को राष्ट्र के प्रति समर्पित श्रद्धा के रूप में प्रस्तुत किया है।

## मेट्रो फेज-4 के तहत 4 भूमिगत मेट्रो स्टेशनों का होगा निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम द्वारा चलाई जा रही चौथे चरण की विस्तार योजना के तहत, दिल्ली की सड़कों के नीचे चार नए भूमिगत मेट्रो स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। इन स्टेशनों का मुख्य उद्देश्य मध्य और पूर्वी दिल्ली में मेट्रो कनेक्टिविटी को मजबूत करना है।

ये नए स्टेशन नई दिल्ली, दिल्ली गेट, दिल्ली सचिवालय-आईजी स्टेडियम और इंद्रप्रस्थ होंगे। डीएमआरसी की निविदा दस्तावेजों के अनुसार, इन स्टेशनों में प्लेटफॉर्म और यात्री सुविधाओं का पूरा ढांचा तैयार किया जाएगा। निर्माण में वास्तुशिल्प, संरचनात्मक, यांत्रिक और विद्युत प्रणालियों का पूर्ण एकीकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# 350वें शहीदी दिवस को मिक्स्ड रियलिटी के माध्यम से किया जीवंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर श्रद्धा और नवाचार का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है। पहली बार, राज्य ने 360 डिग्री मिक्स्ड रियलिटी अनुभव शुरू किया है, जो गुरु जी की असाधारण विरासत को गहराई, भावनाओं और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ पुन: साकार करता है। यह आयोजन नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी के साहस और आध्यात्मिक नेतृत्व को सम्मानित करता है और आज की पीढ़ी को इतिहास से जुड़ने का एक बिल्कुल नया, आधुनिक माध्यम प्रदान करता है। इस अनुभव को जमीन पर आयोजित कार्यक्रम में लगाए गए स्टैंडीज पर मौजूद क्यूआर कोड के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी स्मार्टफोन से एक साधारण स्कैन दर्शक को एक इंटरैक्टिव मिक्स्ड रियलिटी यात्रा में ले जाता है, जहाँ वर्चुअल कहानी कहने की कला खूबसूरती से वास्तविक परिवेश के साथ घुल-मिल जाती है। इस अनुभव के पीछे की रचनात्मक तकनीक को फ्लैम के सहयोग से विकसित किया गया है, जिसका काम चुपचाप एमआर लेयर को सशक्त बनाता है और साथ ही इस महान गुरु की विरासत को उजागर करता है।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

## एसआईआर प्रक्रिया के तहत कोई भी मतदाता वंचित न रहेः प्रभारी मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को ज़िलें के विकास कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों, एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की शुरुआत में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने पिछली बैठक की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि एसआईआर प्रक्रिया में कोई मतदाता छूटना नहीं चाहिए।प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरित करें, सही जानकारी भरवाएं और सुनिश्चित करें कि ज़िलें का कोई भी नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि जिनकी पेंशन शासन स्तर पर लंबित है, उनके लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवे. दनों की शीघ्र तिथि निर्धारित की



जाए। पुराने आवेदनों में अनावश्यक विलंब न हो, आवेदन प्रक्रिया निरंतर और सुचारू रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि पूर्ण योजनाओं की सूची उपलब्ध कराई जाए। गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों के मामलों में कोई देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की जानकारी स्थानीय विधायक व जनप्रति. निधियों को अवश्य दें, जिससे समन्वय बना रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी प्रभारी मंत्री के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, विधायक सदर विजयपाल, विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, जिलाध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर, सभी उप जिलाधिकारी, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# टोल प्लाज़ा निर्माण बना मुसीबत, 20 गाँवों की राह बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** छिजारसी टोल प्लाज़ा पर एनएचएआई द्वारा चल रहे निर्माण कार्य ने पिलखुवा क्षेत्र के लगभग 18 से 20 गाँवों की आवा. जाही पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिया है। मुख्य मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को रोजमर्रा की गतिविधियों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों एवं कामकाजी लोगों को हो रही है, जिन्हें अब कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मार्ग अवरुद्ध रहने के चलते कई बार सड़क हादसे भी हो चुके हैं। सोमवार को गांव छिजारसी के ग्राम प्रधान मुनेंद्र राठी के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की कि निर्माण कार्य जारी रहने के दौरान



तत्काल वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया जाए, ताकि आवागमन सुचारू रूप से चल सके। ग्रामीणों ने बताया कि छिजारसी, निडौरी, निगरावठी, अकलपुर, बड़ायला, समयपुर, नूरपुर, जलालाबाद, चित्तौड़ा, परतापुर, महमूदपुर, अखाड़ा, कलछीना, सीकरी, नगला, ढबारसी, मोदीनगर, मुरादानगर सहित कई गांवों का संपर्क मार्ग बंद होने से पूरी तरह कट गया है। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने ग्रामीणों को शीघ्र समाधान और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में योगेश शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, सोनू शर्मा, पिंटू कोरी, महेश, लख्मी, नवीन कुमार, विपिन कुमार और टिंकू आदि मौजूद रहे।

# डीआईजी के ऑपरेशन नकेल का नहीं दिखा असर, जाम बना जी का जंजाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने रेंज के चारों जनपदों हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर और बागपत में बढ़ते यातायात दबाव, अवैध पार्किंग, यातायात नियमों की अनदेखी तथा सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए ऑपरेशन नकेल नामक विशेष अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप शुरू किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारू और अनुशासित बनाना है।

अभियान के तहत मुख्य बाजारों, चौराहों और व्यस्त मार्गों पर अवैध पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिना



हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग और नियम उल्लंघन करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। डीआईजी ने सभी जनपदों की ट्रैफिक पुलिस को साफ निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में नियमों से खिलवाड़ बर्दाश्त न किया जाए। उधर, हापुड़ शहर में भीषण जाम लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। शहर की प्रमुख सड़कों पर आए दिन लंबा जाम लगने से लोगों को घंटों फंसे रहना पड़ता है। सड़क किनारे फैला अतिक्रमण और अवैध खड़े वाहन जाम की सबसे बड़ी वजह बन चुके हैं। स्थिति यह है कि जहां तक नजर जाए, वाहनों की लंबी कतारें दिखाई देती हैं। ऐसे में यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि तमाम कोशिशों के बावजूद पुलिस जाम से लोगों को मुक्ति दिलाने में अब तक नाकाम साबित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाए और ट्रैफिक पुलिस मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाए, तभी शहर को जाम से राहत मिल सकती है। अब देखना यह होगा कि ऑपरेशन नकेल इस जटिल यातायात समस्या पर कितनी कड़ी नकेल कस पाता है।

# देशसेवा में समर्पित सीआरपीएफ जवान का गांव पहुंचा पार्थिव शरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के गांव निजामपुर में रविवार को उस समय मातम छा गया, जब गांव के लाल सीआरपीएफ के जवान सतीश कसाना का पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचा। परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। गांव की गलियों में से लेकर खेतों तक, हर ओर गम का माहौल देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार, जवान सतीश कसाना पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। जवान सतीश कसाना भुवनेश्वर में सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे और लंबे समय से देश की सेवा में जुटे थे। ड्यूटी के प्रति उनकी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की मिसाल दी जाती थी। पार्थिव शरीर गांव पहुंचने से पहले ही सैकड़ों ग्रामीण मुख्य मार्ग पर एकत्र हो गए थे। जैसे ही सेना की गाड़ी गांव में दाखिल हुई, भारत माता की जय, अमर रहे बेटे सतीश के नारे गूंज उठे। माहौल भावुक था, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल था। मौके पर नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट भी पहुंचे और उन्होंने जवान सतीश कसाना को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावुक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सतीश कसाना जैसे वीर जवान देश की शान होते हैं, उनका निधन समाज और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। सीआरपीएफ और स्थानीय



पुलिस के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जवान के अंतिम संस्कार के दौरान हर आंख नम थी। ग्रामीणों ने कहा कि सतीश कसाना का जाना न सिर्फ परिवार के लिए, बल्कि पूरे गांव के लिए बड़ी क्षति है। उनकी देशभक्ति और साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

# थाना पिलखुवा का सीओ ने किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा में सोमवार को सीओ पिलखुवा अनीता चौहान द्वारा अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर के विभिन्न महत्वपूर्ण अनुभागों थाना कार्यालय, अभिलेख कक्ष, अपराध रजिस्टर, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक, मालखाना, शस्त्रागार तथा बन्दीगृह का गहनता से अवलोकन किया।

सीओ ने अभिलेखों के रखरखाव, दस्तावेज़ों की अद्यतन स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मालखाना और शस्त्रागार की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि रख-रखाव मानकों के अनुरूप होना चाहिए और किसी भी प्रकार



की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बन्दीगृह की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने बंदियों की सुरक्षा और निगरानी पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सीओ पिलखुवा ने पुलिस बल को अपने कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन और उच्च स्तर की व्यावसायिकता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही थाना स्तर पर जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता व तत्परता बरतने पर भी जोर दिया।

# सरकारी स्कूल में बाल श्रम करते बच्चों का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के मोहल्ला चमरी स्थित एक प्राथमिक विद्यालय का एक चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में स्कूली बच्चे परिसर में खड़ंजा यानी ईंटें लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना सामने आते ही अभिभावकों और आम जनता में आक्रोश फैल गया है, क्योंकि इसे सीधे तौर पर स्कूली बच्चों से बाल श्रम कराए जाने के रूप में देखा जा रहा है।

वीडियो में साफ दिख रहा है कि मासूम बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में ही ईंटें उठा रहे हैं और मैदान में खड़ंजा बिछाने का काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग शिक्षा विभाग और स्कूल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं। कई लोगों ने इसे बच्चों के अधिकारों का खुला



उल्लंघन बताया। घटना प्रकाश में आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतू तोमर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में तथ्य सामने आने के बाद संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिक. ारियों के अनुसार, यह भी जांच में देखा जाएगा कि बच्चों से काम किसकी निर्देश पर कराया गया। मामले ने एक बार फिर सरकारी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा, अधिक. ारों और शिक्षकों की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर इस तरह की घटनाओं पर अंकुश न लगाया गया, तो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता रहेगा।

## एक नजर

# तेज़ रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, बच्चे की मौत दंपति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे जा रही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक बच्चा और उसके माता पिता सड़क पर बुरी तरह गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कुछ दूरी तक बाइक सड़क पर घिसटती हुई गई, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बाइक सवार बच्चे की मौत हो गई जबकि दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद अमरोहा के थाना हसनपुर के गांव बाटीपुर निवासी 30 वर्षीय अमरपाल, 28 वर्षीय यादा पत्नी अमरपाल और उनका 6 वर्षीय बेटा अनुज बाइक पर सवार होकर अपने गांव बाटीपुर जा रहे थे। जैसे ही वह गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के पलवाड़ा चेक पोस्ट के पास पहुंचे। तभी गजरौला की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दंपती और उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बिना देर किए घायलों को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भेजा गया। जहाँ बच्चों की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दंपति की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद ट्रक का चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे का कारण मानी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की सहायता से ट्रक चालक की पहचान की जा रही है। पूरी घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है और जिम्मेदार चालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# फैक्ट्री हॉस्टल में मजदूर का फंदे से लटका मिला शव, जांच जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र की छिजारसी चौकी अंतर्गत जिंदल नगर स्थित एक निजी फैक्ट्री के हॉस्टल में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बिहार के वैशाली जिले के 28 वर्षीय मजदूर मंदन कुमार को कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। साथी मजदूरों के मुताबिक, सुबह करीब 6:30 बजे लंबे समय तक आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ना पड़ा, अंदर मंदन फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर कोतवाली प्रभारी श्यौपाल सिंह फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस ने मोबाइल जब्त कर कॉल डिटेल और चौट हिस्ट्री की जांच शुरू की है। किसी



भी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। कोतवाली प्रभारी श्यौपाल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पारिवारिक कलह, आर्थिक कारण, मानसिक तनाव या किसी विवाद सहित हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सटीक कारण पता चल जाएगा।

# हाईटेक नर्सरी में पौध उत्पादन को गति देने को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में उद्यान एवं मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत स्थापित हाईटेक नर्सरी में पौध उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा की गई, जिसमें विभागीय अधिका. रियों, कृषि विशेषज्ञों एवं किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

राजकीय आलू अनुसंधान केन्द्र, बाबूगढ़ हापुड़ में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत विकसित की गई हाईटेक नर्सरी जिले की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है। नर्सरी में अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित जर्मिनेशन एवं हार्डनिंग चौम्बर स्थापित है,



जिसकी एक बार में पौध उत्पादन क्षमता लगभग 1.25 लाख पौध है। इस नर्सरी का संचालन उद्यान विभाग द्वारा सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। नर्सरी में किसानों द्वारा उपलब्ध कराए गए बीजों से उच्च गुणवत्ता वाली, रोगरहित पौध तैयार की जाती है, जिन्हें शासन द्वारा निर्धारित दर पर किसानों को उपलब्ध कराया जाता है। इससे किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिलती है तथा फसल की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को रोगमुक्त, उच्च गुणवत्ता की पौध उपलब्ध कराना है, ताकि वे आधुनिक तकनीक का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। किसानों से अपील की गई कि वे राजकीय आलू अनुसंधान केन्द्र, बाबूगढ़ स्थित हाईटेक नर्सरी से अधिकाधिक पौध तैयार कराकर इस योजना का लाभ लें। इसी क्रम में, मनरेगा योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, बाबूगढ़ पर भी एक हाईटेक नर्सरी की स्थापना की गई है। इस नर्सरी का संचालन एकता स्वयं सहायता समूह द्वारा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की निगरानी में किया जा रहा है। यहाँ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पौध उत्पादन का कार्य किया जा रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भी प्राप्त हो रहा है। बैठक में अधिकारियों ने दोनों नर्सरियों के संचालन, उत्पादन क्षमता, किसानों की सहभागिता बढ़ाने एवं पौध गुणवत्ता में निरंतर सुधार से सम्बंधित रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की।

# एडीजी ने निर्माणाधीन पुलिस लाइन का किया निरीक्षण, तेजी और गुणवत्ता पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एडीजी मेरठ जोन ने सोमवार को एसपी की उपस्थिति में जिला मुख्यालय पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिस लाइन परियोजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों से अब तक हुए कार्यों, लंबित कार्यों तथा निर्माण से जुड़ी तकनीकी चुनौतियों पर विस्तृत रिपोर्ट ली गई।

एडीजी ने प्रगति रिपोर्टों का बारीकी से अवलोकन करते हुए यह निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन का निर्माण जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक अहम कदम है, इसलिए किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के बाद एडीजी भानू भास्कर ने स्वयं निर्माणाधीन पुलिस लाइन का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने भवनों की नींव, निर्माण सामग्री, चल रहे सिविल कार्यों और सुरक्षा मानकों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित इंजीनियरों और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि कार्य गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप और पारदर्शिता के साथ किए जाएं। एडीजी ने यह भी कहा कि पुलिस लाइन के पूर्ण होने से पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर आवास, प्रशिक्षण और प्रशासनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता और सेवा गुणवत्ता में और सुधार आएगा। इस दौरान एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला पंचायत कार्यालय में हुई जनसुनवाई, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला पंचायत कार्यालय परिसर में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ज़िलें के विभिन्न गांवों, कस्बों और दूरदराज के क्षेत्रों से आए ग्रामीणों व नगरवासियों ने अपनी-अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव जिला पंचायत अध्यक्ष व संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखे। जनसुनवाई के दौरान लोगों में अपनी बात रखने को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी गंभीरता के साथ प्रत्येक शिकायत को सुना।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह से ही लोगों के जुटने के साथ हुई। सबसे अधिक शिकायतें सड़क मरम्मत, नालियों की सफाई, जलभराव की समस्या, पेंशन के लंबित मामले, प्रधानमंत्री आवास योजना में देरी, विद्युत आपूर्ति में बाधाएं, तथा



उचित मूल्य की दुकानों से राशन वितरण में अनियमितताओं को लेकर सामने आई। कई वृद्ध, महिलाएं और दिव्यांगजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें अधिकारियों ने प्राथमिकता के आधार पर सुना। अधिकारियों ने मौके पर ही कई विभागीय कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा कुछ मामलों का समाधान वहीं तुरंत कराया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी व्यक्ति को समाधान के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई से मिली शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा समाधान की रिपोर्ट भी कार्यालय में जमा कराएं। जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सीओ ने की अभिलेखों व सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर में सोमवार को सदर सीओ वरुण मिश्रा द्वारा अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में रखे सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित प्रकरणों सहित सभी दस्तावेजों का बारीकी से अवलोकन किया। सीओ ने कहा कि अभिलेखों का सही और सुव्यवस्थित रखरखाव पुलिस कार्यप्रणाली की पारदर्शिता और दक्षता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इसके बाद उन्होंने कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क तथा अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं का निरीक्षण कर वहां मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने हेल्प डेस्क पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित के साथ संवे. दनशीलता और तत्परता के साथ



कार्य करने के निर्देश दिए। सीओ ने थाना परिसर के बैरक, मालखाना, शस्त्रागार तथा बंदीगृह का भी निरीक्षण किया। साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और सामग्री के रखरखाव को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीओ ने पूरे थाना स्टाफ को कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार लाने, जन शिकायतों के निस्तारण में गति बढ़ाने तथा कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी और अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं की जानकारी प्रस्तुत की और भविष्य में कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने का आश्वासन दिया।

# देवर ने भाभी के साथ किया दुष्कर्म

## पति ने तीन तलाक देकर घर से भगाया, सात ससुरालियों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि जब उसने इस घटना की जानकारी पति और ससुराल वालों को दी, तो पति ने न सिर्फ उसके साथ मारपीट की, बल्कि तीन तलाक देकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस की प्रारंभिक अनदेखी के बाद जब उसने पुलिस कमिश्नर को गुहार लगाई, तब जाकर सोमवार दोपहर पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।



पीड़िता ने शिकायत में बताया कि नवंबर 2023 में उसकी और उसकी सगी बहन की शादी गुलावठी निवासी दो सगे भाइयों से हुई थी। उनके पिता ने शादी में करीब 80 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के अगले ही दिन से उसका देवर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा था, लेकिन वह पारिवारिक इज्जत के चलते चुप रही।

पीड़िता के अनुसार 23 जुलाई 2024 को उसका पति दवा लेने बाहर गया हुआ था। उस समय वह कमरे में अकेली सो रही थी। तभी देवर ने चाकू के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब उसने यह बात पति और अन्य ससुरालियों को बताई, तो उन्होंने दोनों बहनों के गहने और लाखों रुपये छीन लिए, उन्हें पीटा और पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

पीड़िता का कहना है कि अब उसका पति उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे वह और उसकी बहन भय में हैं।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति राशिद, देवर शादाब, सास नफीसा, जेठ साजिद, माजिद और ननद कल्लो व सना के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बांग्लादेशी छात्र का मिला शव

**ग्रेटर नोएडा** ग्रेटर नोएडा में रविवार को एक बांग्लादेशी छात्र का शव किराए के कमरे में फंदे से लटकता मिला। बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में मकान मालिक की सूचना पर पुलिस जांच करने पहुंचीं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान सहरियार के रूप में हुई है।

मकान मालिक ने पुलिस को बताया- सहरियार 16 नवंबर को बिहार की रहने वाली रूपा नाम की महिला के साथ कमरे पर आया था। दोनों ने खुद को पति-पत्नी बताते हुए आठ हजार रुपये किराए पर कमरा लिया था। 17 नवंबर को मकान में शिफ्ट हो गए थे। 21 नवंबर को महिला कमरे से कहीं चली गई थी। उसी दिन शाम से सहरियार का मोबाइल फोन भी लगातार बंद आ रहा था। रविवार शाम जब खिड़की से अंदर झांककर देखा, तो युवक पंखे से रस्सी के सहारे लटका हुआ था। पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# हाईवे से गिरी ब्रेजा कार, डॉक्टर की मौत

## पलटी खाते हुए 20 मीटर दूर मंदिर से टकराई, एयरबैग खुले, लेकिन जान नहीं बची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में डॉक्टर की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह ड्यूटी करके ब्रेजा कार से घर लौट रहे थे, तभी कार का संतुलन बिगड़ गया। कार हाईवे से नीचे गिर गई। एयरबैग भी खुल गए, लेकिन डॉक्टर की जान नहीं बची। कार की स्पीड इतनी तेज थी कि नीचे गिरने के बाद 2-3 बार पलटी खाई।

20 फीट दूर मंदिर से टकराकर कार उलटी हो गई। धमाके की आवाज सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।तुरंत कार के अंदर फंसे डॉक्टर को निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

घटना सोमवार सुबह बादलपुर थाना क्षेत्र में एनएच-91 पर हुई। हादसे में कार बुरी तरह डैमेज हो गई है। पुलिस के अनुसार, डॉ. अमित कुमार की पत्नी पूनम देवी हाउसवाइफ हैं। उनकी 2 साल की एक बेटी है, जिसका नाम गुड़िया है।




**शीशा तोड़कर डॉक्टर को बाहर निकाला:** धमाके की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। देखा तो डॉक्टर कार के अंदर फंसा हुआ था। फौरन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार का शीशा तोड़कर डॉक्टर को बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रही थी। तब तक मौके पर उनकी मौत हो गई।

कार की रफ्तार काफी तेज थी। आशंका है कि कार चालक को नींद की झपकी आई होगी। जिसके कारण कार बेकाबू होकर पलट गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डीएलएड दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) प्रशिक्षण सत्र 2025 के लिए आज यानी मंगलवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्रों को 15 दिसंबर तक आवेदन करने का मौका दिया गया है, जो कि उन्हें ऑनलाइन करना होगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में 50 और निजी स्कूलों में 1500 सीटों पर डीएलएड के तहत दाखिले होते हैं। डायट प्राचार्य राज सिंह यादव ने बताया कि डीएलएड के तहत आवेदन करने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्रों को डायट में 50 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबरहै। साथ ही, आवेदन करते समय छात्रों को अपने सभी दस्तावेज सही से अपलोड करने होंगे। वहीं, मेरिट आने के बाद काउंसलिंग के जरिए छात्रों को विद्यालय में प्रवेश मिलेगा।

# भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक से गुंजायमान हुआ पूरा यज्ञ परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-110, रामलीला मैदान में भारत उत्कर्ष महायज्ञ के पवित्र मंच पर आज का दिन ऐतिहासिक और आध्यात्मिक उत्साह से पूर्ण रहा। भगवान श्रीराम के वनवास से अयोध्या लौटने और उनके भव्य राज्याभिषेक के दिव्य प्रसंग को आज विशेष रूप से यज्ञ परिसर में जीवंत किया गया। वातावरण जयकारों, वैदिक मंत्रों और भक्ति रस से सराबोर रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, क्योंकि रामकथा के इस अलौकिक प्रसंग के साथ आज यज्ञ में देशख्रविदेश से आए अनेक भक्तों ने पहुंचकर आहुति अर्पित की। विभिन्न राज्यों, सांस्कृतिक संगठनों और प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यज्ञ में सहभागिता कर राष्ट्रकल्याण और विश्वशांति की प्रार्थना की। राघवाचार्य जी ने अपने





श्रीमुख से जब प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने का प्रसंग सुनाया, तो पूरा पंडाल "राम लला की जय", "सीता माता की जय" के उद्घोषों से गूंज उठा। इसके बाद जब श्रीराम के राज्याभिषेक का दिव्य वर्णन प्रस्तुत हुआ, तो श्रोता भाव-विभोर हो उठे। लोगों ने दीप प्रज्वलित कर, पुष्पांजलि अर्पित कर और विशेष आरती में शामिल होकर इस क्षण का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

## एक नजर

### नोएडा स्टेडियम में 28 नवम्बर से होगा तीन दिवसीय बिजनेस कार्निवल एंड कल्चरल इवेंट

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा स्टेडियम में 28, 29 और 30 नवंबर को होने जा रहा नोएडा बिजनेस कार्निवल एंड कल्चरल इवेंट 2025 शहर को सांस्कृतिक रंगों और व्यावसायिक चमक से रोशन करने वाला है। इस वर्ष का थीम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार की समृद्ध विरासत पर आधारित है, जो तीनों राज्यों की संस्कृति, कला और परंपराओं को एक मंच पर लाएगा। कार्यक्रम में 300 से ज्यादा क्षेत्रीय कला, उत्पाद, भोजन, तकनीकी नवाचार और पारंपरिक हुनर प्रदर्शित किए जाएंगे। दर्शकों के लिए प्रमुख आकर्षण होंगे। इसमें लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रादेशिक व्यंजनों का विशेष फूड फेस्ट, आर्ट जोन, युवा गतिविधियां और पारिवारिक आकर्षण, इंटरैक्टिव स्टेट-थीम आधारित पवेलियन शामिल है।

### युवती से छेड़छाड़ के आरोप में बारातियों को पीटा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** दादरी नगर के जीटी रोड पर स्थित एक फार्म हाउस में बारातियों में मारपीट कर दो घंटे तक हंगामा करने का मामला प्रकाश में आया है मारपीट करने वाला का आरोप था कि बारात चढ़त के दौरान बारातियों ने पास की रहने वाली युवती से छेड़छाड़ की है। जिसके बाद काफी संख्या में लोग फार्म हाउस में पहुंच गए और डंडो से बारातियों से मारपीट की। रविवार को जीटी रोड पर स्थित एक फार्म हाउस में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। बारात किसी अन्य जनपद से आई हुई थी। शादी का कार्यक्रम एक राजनैतिक पार्टी के संगठन के पदाधिकारी के यहां था।

बारात चढ़त के दौरान कोई विवद हो गया। जैसे ही बाराती चढ़त के बाद फार्म हाउस में घुसे, कुछ ही देर में काफी संख्या में लोग लाठी डंडे लेकर आए गए। लोगों का आरोप था कि बारातियों ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ की है। इसके बाद इन लोगों ने बारातियों की जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान काफी देर तक हंगामा चलता रहा। संगठन के पदाधिकारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और माहौल शांत हो सका। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे मगर झगड़ा होने से पहले सभी जा चुके थे। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी नहीं है शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### रजिस्ट्री न कराने पर 366 आवंटियों का भूखंड निरस्त होगा

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** यमुना सिटी के 366 औद्योगिक भूखंड आवंटियों के भूखंड निरस्त करने के तैयारी है। यमुना विकास प्राधिकरण ने चेकलिस्ट जारी होने के बावजूद रजिस्ट्री न कराने पर इन आवंटियों को 30 दिन का समय देते हुए नोटिस जारी किया है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के एक अधिकारी ने बताया कि शहर का सेक्टर-24, 24ए, 28, 29, 30, 32 औद्योगिक सेक्टर है। सेक्टरों में अबतक तीन हजार से अधिक औद्योगिक भूखंड़ आवंटित किए जा चुके हैं, लेकिन कई वर्षों बीतने के बावजूद अभी तक सिर्फ 15 कंपनियों में ही उत्पादन शुरू हो पाया है।

वहीं, दिसंबर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान प्रस्तावित है, ऐसे में प्राधिकरण शहर में औद्योगिक गतिविधियां तेज करने पर जोर दे रहा है। जिन 366 औद्योगिक भूखंडों के आवंटियों को नोटिस भेजे गए हैं, इन्होंने चेकलिस्ट मिलने के बावजूद भूखंड़ों की रजिस्ट्री नहीं कराई है। इन सभी आवंटियों को 30 दिन का समय दिया गया है। रजिस्ट्री के बाद ही भूखंड का कब्जा दिया जाता है और तभी लेआउट पास करवाकर निर्माण शुरू किया जा सकता है। यदि उन्होंने इस समय अवधि में रजिस्ट्री नहीं कराई, तो उनके भूखंडों का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। यमुना सिटी में 94 प्रतिशत भूखंड खाली यमुना सिटी में आवंटन के बावजूद 94 फीसदी औद्योगिक भूखंड खाली हैं। इन पर कई वर्ष बाद भी औद्योगिक इकाई शुरू नहीं हो पाई। औद्योगिक विकास विभाग के सर्वेक्षण में यह बात सामने आ चुकी है। यीडा क्षेत्र में 3476 भूखंडों का सर्वे हुआ, जिसमें 3,264 यानी करीब 94 प्रतिशत भूखंड आवंटन के बाद भी खाली पड़े मिले। यह आंकड़ा प्रदेश के अन्य सभी प्राधिकरणों के मुकाबले सबसे अधिक है। हालांकि, सर्वे पूरा नहीं हुआ है। उद्यमी बोले, सेक्टरों में मूलभूत सुविधा तक नहीं यमुना एक्सप्रेसवे उद्यमी संघ के अध्यक्ष रिषभ निगम ने कहा कि प्राधिकरण से नोटिस प्राप्त हुए हैं, लेकिन इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अभी तक नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्राप्त न होना है, जो रजिस्ट्री के लिए अहम है। साथ ही सेक्टर-32 व 33 में पहली औद्योगिक भूखंड योजना वर्ष 2013 में आई थी, लेकिन 12 वर्ष बाद भी करीब 115 आवंटियों को आजतक उनके भूखंड नहीं मिल सके हैं। सेक्टर की संपूर्ण भूमि का अधिग्रहण नहीं हो सका है। सेक्टरों में 75 मीटर और 30 मीटर दोनों ही सड़कें अधूरी है। दोनों सेक्टरों में अन्य बुनियादी सुविधाएँ जैसे सीवरेज सिस्टम, ड्रेनेज सिस्टम, जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति प्रणाली भी पूरी नहीं है।

# पॉक्सो ऐक्ट में आरोपी को दस साल कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने पॉक्सो ऐक्ट में दोषी को दस साल कारावास की सजा सुनाई। 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना जमा नहीं करने पर सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक जेपी भाटी ने बताया कि सेक्टर-20 कोतवाली में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। एक पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी कक्षा 10वीं की छात्रा थी। 29 फरवरी 2016 को तड़के उसका अपहरण कर लिया गया था। घर से लगभग एक लाख रुपये के गहने और 50 हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में जांच अधिकारी ने 13 जून 2016 को अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया था।

21 नवंबर 2025 को अदालत ने फारुख निवासी बिहार को आईपीसी की धारा-366, 376 और पॉक्सो ऐक्ट की धारा-4 के तहत दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा सुनाते हुए कहा दोषी फारुख ने नाबालिग का अपहरण कर जबरन शादी करने के लिए मजबूर कर उसे अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह कृत्य अमानवीय और कानून के खिलाफ है। अदालत ने पॉक्सो ऐक्ट की धारा-4 के तहत 10 वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया। दोषी पर लगाए गए जुर्माने का 80 प्रतिशत हिस्सा पीड़िता को उसके पुनर्वास के खर्च के लिए दिया जाएगा।

## बिहार के युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**नोएडा।** सेक्टर-63 के होटल में बिहार के एक युवक की रविवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला। पुलिस को मौके पर ढेर सारी दवाइयां मिली हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस को चोटपुर कॉलोनी स्थित ग्रैंड होटल के कर्मचारियों ने सूचना दी एक युवक बिहार के जिला कटियार का रहने वाला है। वह पिछले तीन माह से होटल के कमरे में 800 रुपये प्रतिदिन किराया देकर ठहरा हुआ है। रविवार रात को दरवाजा खटखटाने के बाद भी उसने दरवाजा नहीं खोला।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा खोलकर देखा तो युवक बेड पर मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसकी पहचान 45 वर्षीय विकास के रूप में हुई। तहकीकात के दौरान पुलिस को कमरे में कई दवाइयां भी मिलीं।

# शिक्षक संघ ने लगाया उत्पीड़न का आरोप दर्ज कराई आपत्ति

**■ कहा बीएलओ ड्यूटी के कारण प्रभावित हो रहा है शिक्षण कार्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अध्यापिका पिंकी सिंह के द्वारा अपने पद से इस्तीफा देने के बाद शिक्षकों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। मामले में शिक्षक संघ ने डीएम मेधा रूपम को पत्र लिखा है। शिक्षक संघ का कहना है कि हमारे अनेक शिक्षक व शिक्षिका साथी बीएलओ एसआईआर की ड्यूटी में लगे हुए हैं। जिसके कारण न केवल उन पर अनावश्यक मानसिक दबाव बढ़ रहा है बल्कि कुछ शिक्षकों पर सेवा समाप्ति, प्रतिकूल प्रविष्टि तथा एफआईआर जैसी कठोर कार्यवाहियां अत्यंत दुखद एवं अन्यायपूर्ण हैं। संघ इस कठोरता का कटाक्ष करता है और कड़े शब्दों में निंदा करता है।

शिक्षकों का कहना है कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत होते हैं। हमारा कर्तव्य बच्चों को शिक्षण कार्य कर उनका उज्जवल भविष्य को संवारना है। शिक्षकों पर की जा रही कार्रवाई से शिक्षक समुदाय अपमानित महसूस कर रहा है। शिक्षकों का मनोवल गिर रहा है। जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि जिस देश में शिक्षकों को भगवान का दर्जा दिया जाता हो वहां उक्त प्रकार दंडात्मक अपमानित कार्यवाही बर्दाश्त नहीं होगी। 28 नवंबर से परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही हैं, लेकिन कोर्स अभी पूर्ण नहीं हो पाया है। साथ ही निपुण लक्ष्य का भी असेसमेंट होना है। बीएलओ में ड्यूटी लगी रही तो विद्यालयों को निपुण लक्ष्य हासिल नहीं हो पाएगा। क्योंकि शिक्षक अपनी मूल जिम्मेदारी विद्यार्थियों की शिक्षा से दूर कर दिए गए हैं। मांग की कि शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त किया जाए और उनके सम्मान एवं मनोबल की रक्षा की जाए।

# अखलाक मॉब लिंचिंग केस वापसी पर सीपीआई नेता वृंदा करात ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सीपीआई (एम) नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद वृंदा करात सोमवार को सूरजपुर स्थित कोर्ट पहुंची। यहां उन्होंने बार एसोसिएशन के नेताओं से बात की। साथ ही अखलाक हत्याकांड केस वापस लेने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केस वापसी की कवायद पर गंभीर चिंता जताई।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी ने बताया कि वृंदा करात अखलाक मॉब लिंचिंग केस वापसी से जुड़े मामले की जानकारी लेने के लिए पहुंची थीं। अधिवक्ता रूपेश वर्मा ने बताया कि वृंदा करात करीब दो घंटे तक कोर्ट परिसर में रहीं। उन्होंने अखलाक के वकील से बातचीत कर सरकार के रुख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हत्या जैसे गंभीर मामले को



वापस लेना न्यायिक व्यवस्था और संविधान की भावना के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है।

कोर्ट परिसर में ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के नेता गजेंद्र खारी, किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ॰रुपेश वर्मा, बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर ने वृंदा करात का स्वागत किया।

**12 दिसंबर को होनी है मामले पर सुनवाई :** बिसाहड़ा गांव में अखलाक मॉब लिंचिंग के मामले में आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे को वापस लेने के मामले में 12 दिसंबर को सुनवाई होगी। अखलाक के परिजन और वकील युसुफ सैफी का कहना है कि मामले में अदालत के फैसले के बाद ही आगे की कार्रवाई के बारे में फैसला लेंगे। सरकार ने मामले में धारा-321 के तहत एक प्रार्थना पत्र लगाया है। मालूम हो कि 28 सितंबर 2015 की रात को थाना जारचा क्षेत्र के गांव बिसाहड़ा में गोमांस के सेवन की अफवाह फैलने के बाद भीड़ ने एक घर पर हमला कर दिया था। इस दौरान गांव निवासी अखलाक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उसका बेटा दानिश गंभीर रूप से घायल हुआ था। इस घटना ने पूरे देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर दिया था और बिसाहड़ा गांव सुर्खियों में आ गया था। मामले में अखलाख की पत्नी इकरामन ने दस लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## इकोटेक-16 को मुख्य सड़कों से जोड़ने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नए औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-16 में आवागमन सुगम बनाने के लिए 80, 60 और 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। प्राधिकरण ने निविदा जारी कर इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस सेक्टर को 130 मीटर चौड़ी सड़क के साथ दादरी जीटी रोड से भी जोड़ा जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सेक्टर इकोटेक- 16 सुनपुरा, खेड़ी और धूममानिकपुर गांव की जमीन पर बसाया जा रहा है। इस सेक्टर में सोलर कंपनी अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड को 25-25 एकड़ के दो भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं,जबकि अन्य भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। यहां निवेशकों और अन्य लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

अधिकारी के मुताबिक, सेक्टर के चारों तरफ 80 मीटर और 60 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। 80 मीटर सड़क चार लेन और 60 मीटर सड़क दो लेन की होगी। हरित क्षेत्र भी विकसित किया जाएगा। वहीं, सेक्टर के अंदर की मुख्य सड़क 24 मीटर चौड़ी होगी। वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह ने बताया कि सड़क बनाने के लिए निविदा जारी कर दी गई है। इस पर लगभग 43 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले एक से दो माह में काम शुरू करा दिया जाएगा। इस सेक्टर को 130 मीटर सड़क से जोड़ने के लिए लगभग तीन किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा,जो भनौता गांव के पास जुड़ेगी।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इस सोसायटी में छा गया अंधेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हिमालया प्राइड सोसायटी में सोमवार को पूरी तरह से अंधेरा छा गया। जिसका प्रमुख कारण रहा कि बिजली का बिल न जमा करने पर बिजली कंपनी एनपीसीएल ने सोसायटी की बिजली सप्लाई काट दी। बिजली कटने के साथ ही सोसायटी के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों को लगा कि कुछ देर में बिजली आ जाएगी, लेकिन जब लोगों को बिल न जमा होने के कारण बिजली सप्लाई कटने की बात पता चली तो लोगों ने सोसायटी प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताई। एनपीसीएल का कहना है कि बकाया बिल जमा करने के बाद ही सोसायटी में सप्लाई शुरू की जाएगी।

नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ने बिजली बिल बकाएदारों पर सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। एनपीसीएल ने सोमवार को 37 लाख 36 हजार और 231 रुपए का बिजली बिल का बकाया होने पर हिमालया प्राइड सोसायटी की बिजली काट दी। एनपीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि हिमालया प्राइड सोसायटी बिजली बिल का भुगतान करने में हमेशा लापरवाही करती है। सोसायटी की ओर से कभी भी समय पर बिजली बिल जमा नहीं किया जाता है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया

**नोएडा।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के थाना क्षेत्रों में सोमवार को महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने महिलाकर्मियों को थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र के उद्देश्य, कार्य प्रणाली एवं महिला सुरक्षा से संबंधित उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। साइबर ठगी के प्रकार और इससे बचने के उपायों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और बच्चियों को विविध हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी बताया गया। वर्तमान में पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान इस मकसद से चलाया जा रहा है कि सभी महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।

# निक्की हत्याकांड: पुलिस ने चार्जशीट की दाखिल

**■ पत्नी के इस काम से नाखुश था विपिन; सास को भी माना गया बड़ा विलेन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित सिरसा गांव में चर्चित विवाहित निक्की भाटी की जलाकर हत्या के मामले में कासना कोतवाली पुलिस ने कोर्ट में 500 से अधिक पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस ने मामले में आरोपी पति विपिन, जेठ रोहित, ससुर सत्यवीर और सास दया को आरोपी बनाया है। सभी आरोपियों ने अपराधिक षड्यंत्र के तहत निक्की भाटी की हत्या को अंजाम दिया दिया है।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता उधम सिंह तोंगड़ व दिनेश कुमार कल्सन ने बताया कि पुलिस ने मामले में चार्जशीट दाखिल की है। आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कराने के साथ सजा दिलाने के लिए मजबूती से कोर्ट में पक्ष रखेंगे। पुलिस ने जो चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की उसके मुताबिक दया और विपिन ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। आरोपी दोनों बहनों के सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाने से नाखुश थे। वीडियो बनाने से टोकने पर नहीं रुकने के कारण आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है।

**21 अगस्त को पिटाई के बाद लगाई गई आग:** दादरी कोतवाली क्षेत्र के रूपवास गांव निक्की भाटी की सिरसा गांव स्थित ससुराल आग से जलाकर मारने का आरोप है। 21 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों ने




पिटाई के बाद निक्की को आग लगा दी थी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बहन कंचन भाटी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित पति विपिन भाटी, जेठ रोहित भाटी, सास दया और ससुर सतवीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

**ये सब चीज चार्जशीट में शामिल:** पुलिस ने विवेचना में अस्पताल की तरफ से मिले मेमो की रिपोर्ट को भी शामिल किया है। इसमें निक्की के जलने का कारण सिलेंडर का फटना बताया गया था। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण बिस्तर, रसोई, गैस चूल्हा और आंगन का मुआयना किया था। घटना स्थल से मिट्टी का नमूना, जले कपड़े, थिनर की बोतल और लाइटर कब्जे में लिया गया था। इन सभी बिंदुओं और इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो को भी चार्जशीट में शामिल किया गया है।

**बचाव पक्ष के वकील बोले- पूरी थ्योरी झूठी है:** पुलिस ने आरोपित के पास से ज्वलनशील पदार्थ थिनर आदि बरामद किया था। इन्हें एफएसएल जांच के लिए भेजा गया था। बचाव पक्ष के वकील दिनेश चंद कलसन ने बताया कि कोर्ट में मजबूती से अपना पक्ष रखेंगे। आरोपियों ने घटना को आत्महत्या करार देने का प्रयास किया था। लेकिन पुलिस की जांच में आरोपियों की थ्योरी झूठी निकली है।

# महिला से बनाए अवैध संबंध, दूसरी युवती से रचा रहा शादी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाने के साथ ही महिला का यह भी आरोप हैं कि दोनों से एक बच्चा भी है और अब युवक दूसरी जगह शादी करने की तैयारी कर रहा है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

**युवक 25 नवंबर को फतेहपुर जट्ट गांव निवासी एक युवती से रचा रहा शादी, महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला ने युवक पर अश्लील वीडियों बनाने का आरोप भी लगाया है।**

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वे शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। गांव के ही एक युवक ने उसे बहला फुसला लिया और शादी का झांसा देकर पिछले करीब सात साल से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता चला आ रहा है। महिला के मुताबिक दोनों के एक बच्चा भी है, लेकिन युवक अब उससे शादी करने से इंकार कर रहा है और पति व बच्चों की जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि उससे शादी करने के बजाए युवक 25 नवंबर को फतेहपुर जट्ट गांव निवासी एक युवती से शादी कर रहा है। महिला ने पुलिस से युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर पर आरोपी युवक सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

# केरियर मेले में विद्यार्थियों को दी नए अवसरों की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेप्लस एकेडमी में आयोजित करियर मेले में विद्यार्थियों को चिकित्सा, इंजीनियरिंग, आर्ट, मैनेजमेंट, डिफेंस, मीडिया, आइटी कंपनी एवं कौशल उद्यमियो सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में करियर और विकल्पो की जानकारी दी गई।

मुजफ्फरनरगर स्टेट हाइवे स्थित मेप्लस एकेडमी प्रागण में आयोजित करियर मेले में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा मार्ग दर्शन किया गया। करियर मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने किया। इस दौरान काउंसलिंग इंफर्मार संजय पवार सहित विशषज्ञों ने विद्यार्थियों को चिकित्सा, इंजीनियरिंग, आर्ट, मैनेजमेंट, डिफेंस, मीडिया, आइटी कंपनी और कौशल उद्यमियो सहित दूसरें क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के बारे में मार्ग दर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी विभिन्न करियर काउंसलिंग स्टाल पर पहुंच विशेषज्ञों से अपनी पसंद के करियर के प्रशन पूछ जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में चितकारा यूनिवर्सिटी के मनदीप सिंह और ग्राफिकएरा यूनिवर्सिटी के डा. विपिन कौशल विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। मेले में डीआईटी, क्वांटम और एमिटी सहित 30 से अधिक विश्वविद्यालयो और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी जनक. ारी दी।





स्कूल की प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाते हैं बल्कि उनके उज्जवल भविष्य में योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सर्दी से बचाव के लिए मदरसा छात्रों को रजाई का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मदरसा छात्रों को सर्दी से बचाव के लिए रजाई वितरित की गई।

दारुल उलूम जकरिया में शफीक-उल-उम्मत वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से मदरसा छात्रों को सर्दी से बचाव के लिए रजाई का वितरण किया गया। संस्था प्रबंधक मुफ्ती शरीफ खान और उप प्रबंधक मुफ्ती शफीउल्लाह खान ने जानकारी देते हुए बताया कि समय-समय पर मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों की हर संभाव सहायता की जाती है। इसके अलावा भी खाना और रहने की सुविधा छात्रों को दी गई है। बताया कि प्रत्येक वर्ष संस्था से करीब पांच सौ छात्र शिक्षा हासिल कर मौलवियत की उपाधि प्राप्त करते हैं।

# एसआईआर अभियान के तहत भरवाए मतदाता गणना प्रपत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता गणना प्रपत्र भरने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मतदाताओं को एसआईआर के संबंध में जानकारी दी गई और उनके फार्म भरे गए।



मोहल्ला खानकाह में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत नजर फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिविर में फाउंडेशन अध्यक्ष नजम उस्मानी ने मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को भरा और उन्हें एसआईआर के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत समय से फार्म भरकर अपलोड़ कराया जाना बेहद जरुरी है, इसमें बरती गई लापरवाही मुश्किल में डाल सकती है।

उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए प्रतिदिन गणना प्रपत्र फार्म भरने की व्यवस्था की गई है। ताकि सभी मतदाताओं के फार्म ठीक प्रकार से भरकर समय पर जमा हो सकें। इस मौके पर मो. इसरार, आजम, शाहनवाज उस्मानी, मोहम्मद इस्लाम, नबील उस्मानी आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया 350वां शहीदी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हिंद की चादर साहिब श्री गुरु तेग बहादुर महाराज व उनके शिष्यों भाई मतिदास, भाई सती दास व भाई दयाला का 350 वा शहीदी पर्व मंगलवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में गुरुद्वारा कमेटी द्वारा विशेष समागम आयोजित किए जाएंगे।

रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित हुई बैठक में कमेटी प्रधान सेठ कुलदीप कुमार ने कहा कि गुरू तेग बहादुर जी व उनके शिष्यों भाई मतिदास जी, भाई सती दास जी व भाई दयाला जी ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए 350 वर्ष पूर्व दिल्ली के चांदनी चौक पर अपनी शहादत दी थी। सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने बताया कि शहीदी पर्व पर 25 नवम्बर को प्रात: काल नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। रात को कीर्तन दरबार व कथा विचार कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें विश्व प्रसिद्ध योगाचार्य डा.दयाशंकर विद्यालंकार व अमृतसर के रागी जत्थे भाई गुरज सिंह गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल करेंगे। चंद्रदीप सिंह, श्याम लाल भारती, हेमंत गिरधर, सचिन छाबड़ा, राजेश अजमानी, हरविंदर सिंह बेदी, बलदीप सिंह, हर्ष भारती, मोहित मल्होत्रा, अर्पित सचदेवा, कुणाल गिरधर, प्रिंस कपूर, संदीप सिंह, राजपाल सिंह नारंग आदि शामिल रहे।



देवबन्द। मदरसा दारूल उलूम जकरिया में छात्रो को रजाई वितरित करता प्रबंधतंत्र।

# परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सत्र 2024-25 के घोषित प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर कॉलेज में हर्ष व्यक्त करते हुए प्रर्थम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम वर्ष में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी0 में सादिया, मयंक शर्मा व दुष्यंत ने टाप किया। इलेक्ट्रिकल इंजी0 में अमित कुमार, अंकुश, जतिन ने टाप किया। द्वितीय वर्ष में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिक. शन इंजी0 में रोहिता, हनी व अभिषेक गर्ग ने टाप किया। इलेक्ट्रिकल इंजी0 में अनामिका, अनिकेत, हर्षित तथा मैकेनिकल इंजी0 में उत्तम शर्मा, आकाश व निशान्त तथा सिविल इंजी0 में अर्जुन, मौ0 फरहान व सिमरन ने टाप किया।

इस अवसर पर सचिव अनुभव कुमार ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और निरंतरता से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने कहा कि उपलब्धि न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि आगामी सत्रों के छात्रों के लिए भी प्रेरणाम्रोत है।

हमारा संस्थान हमेशा विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शैक्षणिक सुविधाएँ एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने टापर्स का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से जिस प्रकार उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि नवाचार, शोध और कौशल का विकास करना भी है।

मुझे गर्व है कि हमारे छात्र इन सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। मैं सभी टॉपर्स व उत्कृष्ट छात्रो को शुभकामनाएँ देता हूँ और विश्वास दिलाता हूँ कि संस्थान उनके संपूर्ण विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

## एसआईआर हेल्प डेस्क कैंप

**नहटौर।** नगर कांग्रेस कमेटी नहटौर के तत्वावधान में कपड़ा बाजार में जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में एसआईआर हेल्प डेस्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सहयोग एवं मार्गदर्शन देने वालों में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष जहाँगीर (सुईट), अमित त्यागी, नदीम अहमद, परवेज इकबाल, तस्लीम मंसूरी, मौहम्मद रब्बानी, आफताब अंसारी, अजमत हुसैन, खलील अहमद, लईक अहमद, आफताब अहमद कांग्रेसजन शामिल रहे। सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कैंप में क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनी गई। एसआईआर योजना से जुड़ी हर प्रकार की जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराई गई। नगर अध्यक्ष जहाँगीर सुईट ने सभी उपस्थित लोगों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कांग्रेसजनों, विशेष रूप से सहयोग देने वालों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया तथा कांग्रेस पार्टी की जनसेवा और जनकल्याण की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## दर्शन सिंह रावत बने ब्लॉक उपाध्यक्ष

**अफजलगढ़।** भाकियू (टिकैत) की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए दर्शन सिंह रावत को ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। वादीगढ़ चौराहा स्थित ब्लॉक मुख्य महासचिव रमेशचंद्र शेखावत के आवास पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान की अध्यक्षता में भाकियू (टिकैत) की अफजलगढ़ ब्लॉक इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय किसानों से 25 नवंबर तक अपनी अपनी समस्याएं लिखित रूप में दिए जाने का आह्वान करते हुए 26 नवंबर को बिजनौर में आयोजित होने वाली संगठन की पंचायत में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने पर विचार विमर्श किया गया।

## फायरिंग करने के आरोपियों का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कार आमने सामने खड़ी करने को लेकर युवकों के बीच हुए विवाद में चली गोली से सड़क से गुजर रहा एक दूधिया छर्रे लगने से घायल हो गया था। जांच में जुटी पुलिस दूसरे दिन भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा पाई। मामले में अभी कोई तहरीर भी नहीं मिली है।

साखन नहर के समीप रविवार की रात एक होटल पर कार आमने सामने खड़ी करने को लेकर कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने गोली चला दी। इस दौरान वहां से गुजर रहा दूधिया उस्मान छर्रे लगने से घायल हो गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। गोली चलाने वाले कौन थे जांच में जुटी पुलिस दूसरे दिन भी उनका कोई सुराग नहीं लगा पाई। पुलिस का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। लेकिन पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। जल्द ही गोली चलाने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## कैबिनेट मंत्री एके शर्मा से आशुतोष ब्रह्मचारी जी महाराज की भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग ए.के। शर्मा से उनके सरकारी आवास पर कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा के अध्यक्ष एवं कृष्ण जन्मभूमि केस के मुख्यवादी माता शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने भेंट की। मुलाकात के दौरान पूज्य महाराज ने मंत्री एके शर्मा को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके विभाग में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु मंगलकामनाएं दीं।बैठक में विशेष रूप से माघ मेला,2026 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। कृष्ण जन्मभूमि के विशेष शि. विर की व्यवस्था,मेला क्षेत्र में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं,श्रद्धालुओं के सुगम प्रवास हेतु प्रस्तावित व्यवस्थाएं तथा मेला प्रशासन से समन्वय जैसे अहम बिंद. ुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश के समग्र विकास, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सकारात्मक एवं सारगर्भित संवाद हुआ।

## सहकारी समिति की बैठक

**नांगल सोती।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नांगल सोती की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में किसानों से समिति से खेती के उपयोग के लिए ऋण लेने का आह्वान किया गया। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नांगल सोती, जीतपुर, खानपुर में भरत सिंह की अध्यक्षता में वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के एमडी वीरेंद्र सिंह ने किसानों को बताया कि समिति को 11 लाख 6 हजार 978 रुपए का वार्षिक लाभ हुआ है, इसके साथ ही समिति का सकल लाभ 83 लाख 93 हजार रुपए हो गया है। वर्तमान में समिति में 3580 सदस्य है। एमडी ने किसानों को समिति द्वारा दिए जा रहे ऋण योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और किसानों से कम ब्याज दर पर ऋण लेने का आह्वान किया।

# बाइक सवार दो युवकों के साथ रंजिश में मारपीट पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक महिला ने गांव के कई युवकों पर उसके पुत्र व एक अन्य युवक के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी महिला प्रवीन पत्नी परवेज ने बताया कि गत रविवार को उसके पुत्र प्रवेज के साथ गांव के कई युवकों ने मारपीट कर दी थी। जिसका मामला गांव के लोगों ने बैठकर निफ्टा दिया था। आरोप है कि सोमवार को उसका पुत्र प्रवेज गांव के अपने दोस्त नवा. जिश के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आ रहा था। आरोप है कि उसी रंजिश को लेकर आधा दर्जन युवकों ने पीड़िता के पुत्र सहित उसके दोस्त को रोक लिया और उसके साथ लाठी डंडों सहित लात घुसों से जमकर मारपीट की। शोर शराबा होने पर मौके पर दर्जनों ग्रामीण आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने आरोपी आधा दर्जन युवकों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



## साइबर क्राइम की जानकारी दी

**कोतवाली देहात।** थाना पुलिस द्वारा के.एस. चिल्ड्रन एकेडमी में साइबर क्राइम के बारे में छात्र और छात्राओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रोजेक्टर पर बच्चों को लघु फिल्म दिखाकर समझाया गया। थाना कोतवाली देहात के उप निरीक्षक विपिन कुमार के नेतृत्व में थाने की साइबर क्राइम टीम ने छात्र-छात्राओं को बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट को बेहद सतर्कता के साथ चलाएं। किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी न बताएं।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में तेजी लाएं बीएलओ: विनय कुमार तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी ने आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति के दृष्टिगत बंतीखेडा और बाबरी में स्थलीय निरीक्षण किया।




निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिक. ारियों को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण से संबंधित सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने मतदाता सूची में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। सीडीओ ने संबंधित विभागों को सतर्क रहते हुए कार्य में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लेखपाल, ग्राम सचिव आंगनवाड़ी, आशा, शिक्षामित्र, सफाई कर्मी समूह की महिलाएं आदि सभी इस अभियान में सहयोग करेंगे इस अवसर पर पीडी प्रेम चन्द डीपीआरओ संदीप अग्रवाल स्वीप कोऑर्डिनेटर नीरज विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बीसीए के विद्यार्थियों का देहरादून भ्रमण

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने देहरादून का एक शैक्षिक-सांस्कृतिक दौरा किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक जानकारी के साथ-साथ सांस्कृतिक जागरूकता प्रदान करना था। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने सबसे पहले एफआरआई (फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट), देहरादून का अवलोकन किया। विश्व-प्रसिद्ध एफआरआई की भव्य औपनिवेशिक शैली की इमारत, संग्रहालय दीर्घाएं और शोध विभागों ने सभी छात्रों को अत्यंत प्रभावित किया। यहां छात्रों ने वन अनुसंधान, संरक्षण तथा पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।



इसके पश्चात दल ने बुद्ध मंदिर (माइंडरोलिंग मॉनेस्ट्री) का दर्शन किया। शांत वातावरण, तिब्बती स्थापत्य कला और मंदिर की आंत. रिक शिल्पकला ने सभी विद्यार्थियों को आकर्षित किया। छात्रों ने सांस्कृतिक विविधता एवं आध्यात्मिकता के विषय में गहरी समझ विकसित की। भ्रमण के उपरांत संस्थान की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने छात्रों से पूरे टूर के विषय मं जानकारी प्राप्त की और उन्हें भविष्य में भी अन्य शैक्षिक-सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया। इस भ्रमण का सफल संचालन विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। उनके साथ सहायक प्रो. शिल्पी राजपूत, शबनम, करुणा धीमान, विभु चौहान, पियूष चौहान आदि स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। संस्थान के चेयरमैन मनोज राजपूत ने पूरे दल को सुरक्षित एवं ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। दौरा छात्रों के लिए अत्यंत शिक्षण-संपन्न और यादगार सिद्ध हुआ।

## नेशनल फार्मेसी वीक-2025 मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर में 64वां नेशनल फार्मेसी वीक-2025 मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, संस्थान की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डा. दशरथ सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा क्रिकेट, बैडमिंटन, बॉलीवाल व पोस्टर प्रेजेंटेशन में टीम बनाकर इन प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया।

# किठौर इंटर कॉलेज ने एसआईआर फार्म भरने के लिए लगाई टीमें

## ग्रामीणों की मदद के लिए 15 गांवों में छात्रों की टीमें हुई तैनात




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ जिले के कस्बा किठौर के किठौर इंटर कॉलेज के प्रबंधक आदिल त्यागी ने अपने क्षेत्र में एसआईआर के फार्म को भरने में बहुत से व्यक्तियों को परेशानी हो रही है जिसे देखते हुए विद्यालय प्रशासन से अपने विद्यालय के बच्चों को फार्म भरना सिखाया और टीम गठित कर के 15 गावों के लिए 15 टीम गठित की और प्रति एक टीम में लगभग 16 बच्चों के साथ अध्यापक और अध्यापिका के साथ मिल कर कार्य किया।

हर एक गांव में बीएलओ के साथ मिल कर कार्य किया। सभी ने पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया किठौर इंटर कॉलेज के प्रबंधक आदिल त्यागी ने बताया की विद्यालय के अध्यापक और बच्चे पूरी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे है और उन व्यक्तियों का भी कार्य समय से पूरा हो रहा है जो अपना कार्य नहीं कर सकते और पढ़ने योग्य नहीं है और सरकार का यह कार्य भी समय से पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय की टीम लगातार अलग अलग गावों में लगातार कार्य करती रहेगी। जिस से सभी के फार्म सही और समय से भरे जा सके। विद्यालय की टीम नंगली किठौर, सरावनी, बाढ़ली, जसोरा, जसोरी, राछोती, हसनपुर, खन्द्रावली, बहरोड़ा, राधना, ईशापुर, मित. ापुर, फतेहपुर, जदौड़ा आदि गावों में कार्य किया।

# एसआईआर फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एकता सेवा समिति ने एसआईआर फार्म के जमा करने की तिथि को एक महीना और बढ़ाने की मांग की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अबरार अहमद ने अपना पांच सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि लाखों फार्म अभी भरने से रह गए हैं यह कार्य इतनी जल्दी पूरा नहीं हो सकता क्योंकि बीएलओ के पास 2003 की लिस्ट भी नहीं है लोग 2003 की लिस्ट के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही बीएलओ के पास 2003 की लिस्ट को उपलब्ध कराया जाए जिससे लोगों के फार्म खराब न हो और वह उसे आसानी से भर सकें।

उन्होंने मांग की है कि यह कार्य वार्डों के पार्षदों को सौंपे जाए वह अपने क्षेत्र में कैंप लगाए और लोगों के फार्म को सही-सही भरवाने की व्यवस्था करें। मांग करने वालों में हाजी महबूब, उमर इंजीनियर, शहजाद, अमीरुद्दीन, मेराज, सरफराज कुरैशी आदि लोग उपस्थित रहे।

# आर.एम. बॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने जीते कई मेडल नेशनल चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

- नोएडा में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता
- किठौर क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित, खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** क्षेत्र की खेल संस्था आर.एम. बॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप 2025-2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। नोएडा में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में संस्था के खिलाड़ियों ने कई भार वर्गों में पदक अपने नाम किए। संस्था के प्रशिक्षक मोहम्मद आजाद खान ने इस उपलब्धि की जानकारी दी।

टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा मोहम्मद अफ्फान ने 44 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि अबूबकर ने 25 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इमरान ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में और कशफुल इमान रिजवान ने 34 किलोग्राम भार वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीते। फात्मा रहीस ने 40 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, अजहांन रिजवान ने 20 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। हमजा और अफ्फान अहमद दोनों ने 31 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किए। इन विजेता खिलाड़ियों को सोमवार शाम किठौर स्थित रनिया प्लाजा में द वॉरियर सेल्फ डिफेंस एकेडमी व चेयरमैन सलमान मुनकाद, फरमान मुनकाद, इमरान अहमद गफूरी द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सराफत रनिया एडवोकेट का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षक मोहम्मद आजाद खान ने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन ही उनकी लगातार सफलता का मुख्य कारण है।

# वर्ल्ड स्किल्स एशिया कॉम्पिटिशन के लिए दल का किया स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एमएसडीई द्वारा सोमवार को वर्ल्ड स्किल्स एशिया कॉम्पिटिशन-2025 में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 27-29 नवंबर को चाइनीज ताइपे में होगी। यह आयोजन देश की वैश्विक कौशल यात्रा के लिए एक अहम मील का पत्थर बन गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी और एमएसडीई की सचिव देवश्री मुखर्जी उपस्थित थीं। एमएसडीई के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार ज्ञान भूषण और प्रसिद्ध अभिनेता सुदेश बेरी भी मौजूद रहें, जिन्होंने अपने उत्साहवर्धक शब्दों से दल को प्रेरित किया। गौरतलब है कि वर्ल्ड स्किल्स एशिया में भारत का प्रति. निधित्व करने वाले प्रतिभागियों को एनएसडीसी द्वारा आयोजित देश की सबसे बड़ी कौशल चैंपियनशिप, इंडिया स्किल्स कॉम्पिटिशन 2024 द्वारा एंकर की गई एक कठोर, मल्टी-टियर नेशनल प्रोसेस के माध्यम से चुना गया था। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के विजेताओं को विश्व भर में प्रतिष्ठित वर्ल्ड स्किल्स चैप्टर्स में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है, जो कई अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर भारत की प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।

# इस्लामिक प्रतियोगिता माआरिफ-ए-इस्लाम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** ग्राम राधना इनायतपुर स्थित मदरसा इस्लामिया अनवारुल इस्लाम में राधना वेलफेयर ग्रुप द्वारा सोमवार को एक इस्लामिक प्रतियोगिता माआरिफ-ए-इस्लाम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक स्कूलों और मदरसों के 400 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता पूरी तरह वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रणाली परीक्षा स्वरूप में आयोजित की गई। जिसमें बच्चों की इस्लामी ज्ञान, सामान्य समझ और नैतिक शिक्षा से संबंधित जानकारियों का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि माआरिफ-ए-इस्लाम प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को इस्लामी शिक्षाओं से अधिक जोड़ना और उन्हें सकारात्मक शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना है। परीक्षा को कई स्तरों पर विभाजित किया गया था, जिसमें छोटे और बड़े दोनों वर्गों के बच्चों के लिए अलग-अलग प्रश्न पत्र तैयार किए गए थे।



बच्चों ने पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ परीक्षा में हिस्सा लिया, जिससे आयोजन स्थल पर अध्ययन और प्रतिस्पर्धा का अनोखा माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिता के दौरान राधना वेलफेयर ग्रुप के सदस्यों ने विभिन्न कक्षाओं में परीक्षा व्यवस्था की निगरानी की और सुनिश्चित किया कि परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो। समूह के पदाधिकारी खलीक अहमद व मौलाना रागिब ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में ज्ञान की प्यास बढ़ाती हैं और उन्हें बेहतर शिक्षा की ओर प्रेरित करती हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों की संख्या अपेक्षा से अधिक रही, जो यह दर्शाता है कि अभिभावक और समाज शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू की गई। आयोजकों के मुताबिक परिणाम शीघ्र जारी किए जाएंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को आगामी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने राधना वेलफेयर ग्रुप के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। मुआरिफ-ए-इस्लाम प्रतियोगिता का यह आयोजन क्षेत्र में शैक्षिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और बच्चों के लिए ज्ञान का एक मूल्यवान अवसर लेकर आया। परीक्षा का सफल संचालन कराने में मुफ्ती फरीद, हाफिज अशरफ, ठेकेदार जमील, जर्रार अहमद, रिजवान अहमद, शाहिद अली, इकरार अहमद, फरमान अखलाक, मौलाना मौ. उमर, फुरकान इस्लाम, सलमान शौंदत, डॉ. तालिब, अब्दुल वाहिद, मंसूर अली, मुस्तुफा, हाफिज अखलाक, जरार आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

### गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में होगा शहीदी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित जीटीबी पब्लिक स्कूल में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 27 और 28 नवंबर को विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालय के चेयरमैन स. इंद्रजीत सिंह सलवान ने बताया कि 27 नवंबर को सांय 7 बजे पंजाबी रंगमंच, पटियाला द्वारा गुरू साहिब जी और उनके शिष्यों के बलिदान पर आधारित थिएट्रिकल लाइट एंड साउंड लाइव शो प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें 1675 ई. में कश्मीरी पंडितों की रक्षा हेतु दिए गए महान बलिदान को जीवंत रूप में दर्शाया जाएगा। इसके बाद 28 नवंबर को दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई सतनाम सिंह कोहरका जी कीर्तन दरबार से संगत को गुरुवाणी का अमृत प्राप्त होगा।

### दौराला में भाजपा महिला मोर्चा ने की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दौराला में भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी के आवास पर भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महिला सम्मेलन के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. मंजू शेट्टी रही। विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री भंवर सिंह तोमर रहे। अतिथियों का गुलदस्ते और शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने की ओर संचालन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संध्या त्यागी ने किया और बताया कि भाजपा सरकार लोकल फॉर वोकल, स्वदेशी अपनाओ महिला सुरक्षा और महिलाओं का सम्मान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में लगी हुई है। इस दौरान महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरधना पिंकी सोम, उमा त्यागी, मीनाक्षी पंवार, कविता शर्मा, पूनम, मोनिका शर्मा, रीना सैनी, भरत सिंह, संगम आदि मौजूद रहे।

### दृष्टि आई फाउंडेशन ने वीसीएस किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** दृष्टि आई फाउंडेशन की ओर से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें यूनिटी वीसीएस और यूनिटी सीएस उत्तरी भारत में लॉन्च करने की घोषणा की गई। बता दें की दृष्टि आई फाउंडेशन को यह गौरव प्राप्त हुआ है कि उन्होंने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में यह तकनीक उपलब्ध कराई है। भारत में हर वर्ष लगभग 80 लाख से अधिक मोतियाबिंद सर्जरी की जाती है जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है वहीं प्रति 65000 लोगों पर केवल एक नेत्र विशेषज्ञ उपलब्ध है जिससे सर्जरी की मात्रा और चुनौती दोनों बढ़ गई है।

# समान नागरिक संहिता पर शोभित विवि में हुआ तृतीय युवा संसद का प्रभावशाली आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टी ट्यूशनल स्ट्डीज, शोभित विवि मेरठ में समान नागरिक संहिता विषय पर तृतीय युवा संसद का सफल आयोजन मूट कोर्ट हॉल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र तथा विशिष्ट अतिथि मेरठ छावनी क्षेत्र के विधायक अमित अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के आशीर्वाद से हुआ। निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गोयल ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की महत्ता और विषय की संवैधानिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि युवाओं की संवैधानिक समझ और तर्कशील अभिव्यक्ति भारतीय लोकतंत्र की शक्ति है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समान नागरिक संहिता किसी भी धर्म का विरोध नहीं है, बल्कि सभी नागरिकों विशेषकर महिलाओं के समान अधिकार, न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करने का माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान का अनुच्छेद 44 सरकार को समान नागरिक संहिता लागू करने का मार्ग दिखाता है। कुलाधिपति ने घोषणा की है कि विजेता टीम को उनके द्वारा हस्ताक्षरित भारतीय संविधान की प्रति प्रदान की जाएगी, और छात्रों की संवैधानिक दृष्टि की सराहना की। विशिष्ट अतिथि विधायक अमित अग्रवाल ने समान नागरिक संहिता को समय की आवश्यकता बताया और कहा कि भारत का विकास तभी सार्थक होगा जब सभी नागरिकों के लिए समान अधिकारों वाली संहिता लागू होगी। उन्होंने युवाओं को संवैधानिक बहसों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि समान दंड संहिता की तरह समान नागरिक संहिता भी समाज में न्याय और संतुलन को मजबूत करेगी। युवा संसद की शुरुआत एल.एल. बी. द्वितीय वर्ष की छात्रा तान्या साहू द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करने से हुई। समर्थन और विरोध पक्ष की दोनों टीमों ने प्रभावशाली व तार्किक तर्क प्रस्तुत करते हुए विषय के संवैधानिक, सामाजिक और नैतिक पहलुओं पर गहन विमर्श किया। उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर विरोध पक्ष विजेता घोषित हुआ। नूर मोहम्मद को सर्वश्रेष्ठ वक्ता (विरोध), तनीषा साहू को सर्वश्रेष्ठ वक्ता (समर्थन) तथा सर्वश्रेष्ठ परिधान पुरस्कार सुश्री निशा फातिमा और कुंदन कुमार को प्रदान किया गया।




कार्यक्रम का संचालन दीक्षा गौड़ और हार्दिक भाट ने किया, जबकि समन्वयन डॉ. पल्लवी जैन और पवन कुमार ने संभाला। मूल्यांकन का दायित्व डॉ. ऋषि यादव और पवन कुमार ने निर्वहन किया। कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी प्रो. डॉ. एम.एल. सिंगला सलाहकार, डॉ. देवेंद्र नारायण निदेशक मानव संसाधन, प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता डीन-अकादमिक, डॉ. नेहा वशिष्ठा निदेशक आउटरीच सेल, डॉ. अभिषेक कुमार डबास निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सहित विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत संवैधानिक विमर्श की सराहना की और कार्यक्रम को अत्यंत सफल और सार्थक बताया।

## लद्दाख के सांसद पहुंचे रसूलपुर धौलडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफ एक निजी प्रोग्राम में पहुंचे जहां उनके प्रोग्राम में पहुंचते ही गांव में पुलिस फोर्स तैनात हो गया। लद्दाख के सांसद के अचानक क्षेत्र में आने से गांव में चर्चा का विषय रहा। जिसके बाद देर शाम सांसद दिल्ली के लिए रवाना हो गए तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।

## धोखाधड़ी कर खाते से छह हजार निकाले, पुलिस ने कराए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्रीनगर के युवक राजेश कुमार के खाते से आरोपी ने अपने खाते में छह हजार रूपये डाल लिए थे। जिसकी पीड़ित ने साइबर अीम से शिकायत की थी। पुलिस ने आरोपी के खाते से हुई ट्रांजेक्शन को कैन्सिल कराकर वापस राजेश के खाते में डालकर पैसे वापस दिलाए।

# देह में रहते विदेही बन ज्ञान के प्रतीक बने थे जनक: उर्मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राजा जनक ने पल भर में अष्टावक्र का शिष्य बन ज्ञान की धारणा की और आत्मिक स्थिति में स्थित होकर राज्य संभाला तथ ज्ञान मार्ग पर चलकर मुक्ति प्राप्त करने का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

यह बात माउंट आबू से आई राजयोगिनी उर्मिला दीदी ने कही जो प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व. विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित सत्यनारायण कथा का आध्यात्मिक रहस्य एवं खुशी या तनाव स्वयं करें चुनाव पर पांच दिवसीय तनाव मुक्ति शांति अनुभूति शिविर में दूसरे दिन संस्था के दिल्ली रोड स्थित प्रभु मिलन भवन में बोल रही थीं। उन्होंने राजा जनक का दृष्टांत सुनाते हुए श्रोताओं को बताया कि लौकिक में संबंध निबाहते हुए कैसे ज्ञान मार्ग का अनुसरण किया जा सकता है, यह राजा जनक भली-भांति जान गये थे। राजा जनक को यह ज्ञान हो गया था कि वह वास्तव में देह नहीं आत्मा है। यह दुनिया एक रंग मंच है, जिस पर वे अभिनय कर रहे हैं। इस ज्ञान के जरिए उन्होंने आत्मिक स्थिति में स्थित होकर राज्य संभाला और मुक्ति प्राप्त की। दीदी ने कहा कि मुक्ति का मतलब देह और दुनिया से मुक्ति नहीं, बल्कि दुख और दर्द से मुक्ति है। जो व्यक्ति खुद को आत्मा समझ कर कर्म करता है उसके साथ परमात्मा रहता है। उसके लिए निंदा स्तुति, हानि-लाभ सब समान होता है। ऐसे कर्म योद्धा के कर्म में कुशलता होती है, जिससे लोक कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त रहता है। हम परमधाम घर से दुनिया में आत्मा स्वरूप में पार्ट बजाने आते हैं। प्रकृति हमें पार्ट बजाने के लिए पांच तत्वों का शरीर प्रदान करती है। और जब पार्ट पूरा होता है, तो पांचों तत्व प्रकृति वापस ले लेती है। यही है जीवन का चक्र। जनक इसी रहस्य को जान गये थे। इसलिए वे विदेह बन उदाहरण बन गये। मंच संचालन सेवाकेंद्र प्रभारी सुनीता दीदी जी ने किया। इस अवसर पर दक्षिण विधानसभा के संयोजक राहुल गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष आयुष चपरा, दक्षिण विधानसभा के प्रतिनिधि मनीष कुमार प्रजापति, मलियाना मंडल के अध्यक्ष वरुण कुमार आदि रहे।

## बीआर गवई ने सब कुछ सहकर भी न्याय का झंडा किया बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्व सीजेआई बीआर गवई ने क्या नहीं सहा। उनके साथ वह हुआ जो भारत के किसी भी प्रधान न्यायधीश के साथ नहीं हुआ। जिसके बाद हमें उनकी बिरादरी बताई गई कि वह दलित समाज से आते हैं। हालाकि डॉ. आंबेडकर से उनकी कोई तुलना नहीं हो सकती लेकिन उनके प्रकरण ने स्पष्ट किया कि जो जातिवाद बाबा साहेब के समय में था वह आज भी किसी न किसी रूप में देश के अंदर है। अपने अंतिम संबोधन में श्री गवई ने स्पष्ट किया कि अगर सरकार के खिलाफ निर्णय न दिये जाए तो न्यायधीश को निष्पक्ष नहीं माना जा सकता है। यह कड़वा सच भी है। अगर सर्वोच्च न्यायालय भी सरकार की भाषा बोलेगा तो सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आदमी कहा आवाज उठाएगा। जाहिर है जितनी तलकी उनके और वर्तमान सरकार के मध्य देखने को मिली उसे देखते हुए सरकार शायद उन्हे जिम्मेदारी सौंपे।

# विद्युत अभियंताओं ने पांचवें दिन भी काली पट्टी बांध कर किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंधन द्वारा अभियंताओं पर लगातार की जा रही उत्पीड़न की कार्यवाही के विरोध में जारी ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के क्रम में लगातार पांचवें दिन भी प्रदेश भर के हजारों विद्युत अभियंता ने काली पट्टी बांध कर कार्य किया तथा अपना विरोध दर्ज कराया, पश्चिमांचल डिस्कॉम के अभियन्ताओं ने सिविल ऑफिस प्रांगण में जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन कर उत्पीड़न की सभी कार्रवाइयों को वापस लेने की मांग की।




संघ के अध्यक्ष इं. संजय सिंह चौहान ने बयान जारी कर कहा कि अभियन्ता संघ ने 3 नवम्बर को ही पावर कारपोरेशन के चेयरमैन को अभियन्ताओं पर की गई उत्पीड़न की कार्यवाहियों को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित किया था, जिन पर अब तक ऊर्जा प्रबन्धन की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है, जिससे प्रदेश के समस्त अभियंताओं में भारी रोष व्याप्त है। अभियंता संघ के महासचिव इं. जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियंता केवल काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्य संपादित कर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम कर रहे हैं। यह कार्यक्रम 28 नवंबर तक जारी रहेगा, 27 नवंबर को जब निजीकरण के विरोध में चल रहे संघर्ष का एक वर्ष पूरा होगा तब प्रदेश के समस्त डिस्कॉम मुख्यालयों पर जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 29 नवंबर को अभियंता संकल्प दिवस के अवसर पर सभी जनपदों में तथा परियोजनाओं पर अभियंता संकल्प लेंगे और सभाओं का आयोजन किया जाएगा। 30 नवंबर को केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के अगले चरण की घोषणा की जाएगी। ऊर्जा प्रबंधन से पुन: निवेदन किया गया है की वार्ता के माध्यम से सभी उत्पीड़न की कार्रवाई को समाप्त किया जाए जिससे ऊर्जा निगमों में बेहतर कार्य का वातावरण स्थापित हो सके। संघ के महासचिव ने आगे बताया कि ऊर्जा मंत्री द्वारा ऊर्जा प्रबंधन को मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान की गयी। समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाई यथा अनुशासनात्मक कार्यवाई स्टेट विजिलेंस की जांच, एस्मा में की गयी। एफआईआर आदि को तत्काल वापस लेने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। परंतु लगभग 30 माह बीतने के बाद भी ऊर्जा प्रबंधन द्वारा कोई सार्थक कार्रवाई नहीं की गई, अत: समस्त कार्रवाई वापस की जाए, इसी तरह वर्तमान आंदोलन के फलस्वरुप परामर्श व चार्जशीट के नाम पर एवं अन्य कारणों से की जा रही समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां यथा रोकी गयी प्रोन्नति, स्थायीकरण आदेश आदि तत्काल जारी किये जाएं और आंदोलन के फलस्वरुप उत्पीड़न की दृष्टि से अभियंताओं के किये गए ट्रांसफर निरस्त किये जाएं। अभियंता संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से निवेदन किया है कि उपरोक्त प्रकरण में हस्तक्षेप कर ऊर्जा प्रबंधन द्वारा अभियंताओं पर की गई। उत्पीड़न की समस्त कार्रवाई को वार्ता के माध्यम से समाप्त कराने को कहा। जिससे प्रदेश के विद्युत अभियंता आंदोलन की राह छोड़ उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति करने व बिजली बिल राहत योजना को सफल बनाने में अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर सके।

# द. अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट पर शिकंजा कसा

**गुवाहाटी, वार्ता।** मार्को यानसन (छह विकेट) और साइमन हार्मर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को भोजनकाल के बाद भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस लिया। भारत से पहली पारी में 288 रन से आगे रहने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। मेहमान टीम ने खराब रौशनी के कारण समय से पहले खेल रोके जाने तक बिना कोई विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। स्टंप्स के समय रायन रिकलटन 13 और एडन मारक्रम 12 रन बनाकर क्रीज पर थे। इससे पहले भोजनकाल के बाद 79वें ओवर में हार्मर ने वॉशिंगटन सुंदर को एडम मारक्रम के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को आठवीं सफलता दिलाई। वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव के बीच आठवें विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। वॉशिंगटन सुंदर ने 92 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 48 रनों की पारी खेली। भारत का आठवां विकेट 194 के स्कोर पर गिरा। इसी स्कोर पर यानसन ने एक छोर थामे जुझारू बल्लेबाजी कर रहे कुलदीप यादव को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। कुलदीप यादव ने 134 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 19 रन बनाए। इसके बाद यानसन ने 84वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह (पांच) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउटकर कर 201 के स्कोर पर भारत की पहली पारी का अंत कर दिया। भारतीय टीम की शुरूआत तो अच्छी रही थी, जब राहुल और जायसवाल ने अर्द्धशतकीय साझेदारी की। लेकिन इसके बाद उनका कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। मार्को यानसन की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय बल्लेबाजो को कोई भी मौका नहीं दिया। कुलदीप और वॉशिगटन के बीच अर्द्धशतकीय साझेदारी जरूर हुई, लेकिन वह नाकाफी रही।

इससे पहले झटकों से उबरते हुए वॉशिगटन सुंदर (नाबाद 33) और कुलदीप यादव (नाबाद 14) ने दक्षिण अफ्रीकी गें. दबाजों का डटकर सामना करते हुए भोजनकाल तक भारत का स्कोर सात विकेट पर 174 रन पहुंचा दिया था। चायकाल के बाद मार्को यानसन ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर जवाब हमले का प्रयास कर रहे कप्तान ऋषभ पंत (सात) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यानसन ने नीतीश कुमार रेड्डी (10) और रवींद्र जडेजा (छह) को आउट कर भारत को संकट में डाल दिया। ऐसे संकट के समय वॉशिगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने मोर्चा संभाला और जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रन बटोरे। इससे पहले दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का पहला सत्र यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की अच्छी शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के नाम रहा। साइमन हार्मर (दो विकेट) की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने चायकाल तक भारत के 102 के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। भारत ने आज यहां कल के बिना कोई विकेट खोए नौ रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। इसी दौरान यशस्वी ने 85 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। 22वें ओवर में केशव महाराज ने केएल राहुल को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। केएल राहुल ने 63 गेंदों में दो चौकों की मदद से 22 रन बनाए। इसके बाद 33 वें

**● मार्को यानसन के छह विकेटों ने भारत को 201 रन पर समेटा**

ओवर में साइमन हार्मर ने यशस्वी जायसवाल को मार्को यानसन के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। यशस्वी जायसवाल ने 97 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 58 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। 35वें ओवर में हार्मर ने साई सुदर्शन (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में यानसन ने ध्रुव जुरेल (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आए ऋषभ पंत ने जवाबी हमला किया, हार्मर के आते ही उन्हें सीधा छक्का जड़ दिया, लेकिन चाय के समय भारत पर बहुत दबाव था, पंत 6 रन पर थे और रवींद्र जडेजा अभी खाता नहीं खोल पाए थे, तब भी वे 387 रन पीछे थे। इससे पहले, साउथ अफ्रीका का पहली पारी का 489 रन का स्कोर बड़ा बना हुआ था और तीसरे दिन ही तेज टर्न दिखने लगा है। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को यानसन ने 19.5 ओवरों में 48 रन देकर छह विकेट लिए। साइमन हार्मर ने 27 ओवर में 64 रन देकर तीन विकेट झटके। केशव महाराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### लोमा स्वेन ने कराटे में भारत को पहला मेडल दिलाया

**टोक्यो, वार्ता।** भारतीय कराटेका लोमा स्वेन ने यहां खेले जा रहे 25वें डेफलंपिक्स में महिलाओं की कुमाइट स्पर्धा में सोमवार को 50किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओडिशा की रहने वाली 25 साल की लोमा, जगतसिंहपुर जिले के भूतमुंडई गांव की रहने वाली हैं और अब तक तीन इंटरनेशनल और पांच नेशनल मेडल जीत चुकी हैं। वह भुवनेश्वर के उत्कल कराटे स्कूल में ट्रेनिंग लेती हैं। डेफलंपिक्स में कराटे में यह भारत का पहला मेडल है। डेफलंपिक्स यहां 15-25 नवम्बर, 2025 तक खेले जा रहे हैं, जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व 111 खिलाड़ियों का मजबूत ग्रुप कर रहा है। भारत अभी पांच गोल्ड, पांच सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है। यूक्रेन 15 गोल्ड, 14 सिल्वर और आठ ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में सबसे ऊपर है।

### लियालन मेसी ने मियामी को कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिंगटन, वार्ता।** लियोनेल मेसी ने एक गोल किया और तीन असिस्ट दिए, जिससे इंटर मियामी एफसी सिनसिनाटी को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंच गया। मियामी का मुकाबला अगले वीकेंड न्यूयॉर्क सिटी से होगा, जिसमें जीतने वाली टीम एमएलएस कप के डिसाइडर में जगह बनाएगी। मेसी के अब इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 46 गेम में सभी कॉम्पिटिशन में 43 गोल और 23 असिस्ट हो गए हैं। इंटर मियामी के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने मैच के बाद एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि सिर्फ लियो को ही नहीं, बल्कि इन खिलाड़ियों के ग्रुप को मैनेज करना भी सम्मान और खुशी की बात है। हम जानते हैं कि लियो क्या कर सकता है। वह हर वीकेंड यह साबित करता है। आज, उसने बॉल के बिना एक और जबरदस्त काम किया, क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि वह बॉल के साथ क्या कर सकता है। माशेरानो ने

# पीएम मोदी ने ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी

**● पीएम मोदी ने भारतीय ब्लाइंड महिला टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ीयों को प्रेरणा देगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला ब्लाइंड महिला टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर भारतीय टीम की कामयाबी की सराहना करते हुए पोस्ट में लिखा कि कड़ी मेहनत, टीम प्रयास और पक्के इरादे का एक शानदार उदाहरणष बताते हुए कहा कि हर खिलाड़ी एक चैंपियन है!ष और भरोसा जताया कि टीम की यह कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह वाकई एक ऐतिहासिक खेल कामयाबी है। टीम को उनके आगे के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी टीम की इस ऐतिहासिक जीत की तारीफ की और इसे देश के लिए गर्व का पल बताया।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि भारतीय खेलों के लिए एक ऐतिहासिक दिन। नेत्रहीनों के लिए महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई।

उन्होंने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों के ष्देश के लिए सम्मान जीतने के इरादे और लगन को दिखाती है। आपकी कामयाबी पर आज हमारा तिरंगा गर्व से और ऊंचा लहरा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने भी टीम को बधाई दी और कहा कि पहला नेत्रहीन महिला टी-20 वर्ल्ड कप 'काबि. लियत' की सीमाओं को फिर से तय करता है।

# दो दिन में खत्म हुआ टेस्ट दे सकता है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को भारी नुकसान

**पर्थ, वार्ता।** कुछ ही हफ्ते पहले अच्छी कमाई की उम्मीद कर रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अब दो दिन में खत्म हुए एशेज के पहले टेस्ट की वजह से मुश्किल में है और बड़े घाटे का अनुमान लगाया जा रहा है। ट्रैविस हेड की यादगार एशेज पारी और इंग्लैंड की बेतरतीब बेखौफ बल्लेबाजी का परिणाम यह रहा कि ऐतिहा. सिक एशेज सीरीज का पहला टेस्ट दो ही दिन में खत्म हो गया। अब हाल यह है कि तीसरे और चौथे दिन की टिकट बिक्री से सीए को जो 17 करोड़ रूपए (लगभग) का राजस्व प्राप्त होना था, वह उन्हें नहीं मिलेगा। पर्थ में दो दिन के खेल के दौरान दर्शकों की भीड़ जबरदस्त रही। कुल मिलाकर 1,01,514 लोग स्टेडियम पहुंचे। शुक्रवार को 51,531 दर्शक आए थे और अगले दिन 49,983 लोगों ने मैच

**● तीसरे और चौथे दिन की टिकट बिक्री से सीए को जो 17 करोड़ का राजस्व प्राप्त होना था वह उन्हें नहीं मिलेगा**

देखा। यह आंकड़ा पिछले साल के 96,463 दर्शकों वाले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ गया। उस बार भारत ने पर्थ में चार दिन में जीत हासिल की थी। तीसरे दिन के टिकट भी लगभग पूरी तरह बिक चुके थे। अपनी पारी के बाद ट्रैविस हेड ने कहा कि उन्हें उन दर्शकों के लिए बुरा लग रहा है जो तीसरे दिन आने वाले थे। उनका मानना था कि रविवार को भी स्टेडियम एक बार फिर भर जाता। शनिवार सुबह खेल शुरू होने से पहले, जब ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी भी खत्म नहीं हुई थी, सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीन ने मज़ाक में कहा कि उन्हें चिता है कि मैच तीसरे दिन तक टिकेगा या नहीं। उन्होंने एसईएन से बात करते हुए माना कि जल्दी खत्म हुआ मुकाबला कई लोगों के लिए मुश्किल पैदा करता है। ब्रॉडकास्टर्स से लेकर बोर्ड तक। टिकट बिक्री, पार्टनर्स और स्पॉन्सर्स सभी पर इसका सीधा असर पड़ता है। इस सीरीज का आर्थिक असर काफी बड़ा है। पिछले महीने वार्षिक आम बैठक में सीए ने लगभग 65 करोड़ रूपए के नुकसान की घोषणा की थी। इस पर क्रिकेट विक्टोरिया के चेयरमैन रॉस हेपबर्न ने वित्तीय प्रदर्शन को लेकर कड़ी आलोचना की थी। यह घाटा उस गर्मियों का हिस्सा था जिसमें भारत जैसी दिग्गज टीम की पांच टेस्ट वाली यात्रा भी शामिल थी। सीए के चेयरमैन ने अक्टूबर की बैठक के बाद कहा कि सामान्य समय में सफ़ेद गेंद की सीरीज भी इसी टेस्ट दौरे का हिस्सा होती।

# विकेट में उछाल और गति का इस्तेमाल किया: यानसन

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत को पहली पारी में छह विकेट लेकर झकझोरने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने आज कहा कि उन्होंने विकेट की उछाल और गति का इस्तेमाल किया। यानसन (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त हासिल करते हुए मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में खेलते हुए बिना कोई विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। यानसन ने तीसरे दिन के खेल के बाद कहा कि 'विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है। ज़्यादा निप या स्विग नहीं, आखिर में थोड़ी सी। जब हमने देखा कि विकेट में थोड़ा बाउंस और बेहतर पेस है, तो हमने

**● विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है ज्यादा निप या स्वीग नहीं है**

उसका इस्तेमाल करने की को. शिश की। उन्होंने कहा कि साफ तौर पर यह लड़कों के लिए और खासकर मेरे लिए एक अच्छा दिन था। लेकिन हां, मुझे लगता है कि जब बॉल ज़्यादा मूव नहीं कर रही थी और कुछ स्टेज पर डेड पीरियड था, तब स्पिनरों ने बहुत अच्छा काम किया। मुझे सच में लगता है कि स्पिनरों ने शानदार काम किया और मैं लकी हूं कि मुझे इसका फ़ायदा मिला। तेज गें. दबाज ने कहा कि किसने कहा कि हमने कड़ी मेहनत नहीं की? जैसा कि मैंने कहा, विकेट में थोड़ी पेस और बाउंस थी, जो अच्छी थी। हमने सोचा था कि हम शायद कम से कम दो दिन फील्डिग करेंगे, या हम फील्डिग की तैयारी कर रहे थे।

# गोवा में शुरू होगी लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसजी ग्रुप द्वारा प्रमोट किया गया लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग, सिर्फ़ एक और लेजेंड्स टूर्नामेंट नहीं है, यह एक शानदार ग्लोबल क्रिकेटिंग एक्सपीरियंस है जिसे यह बताने के लिए बनाया गया है कि दुनिया अपने लेजेंड खिलाड़ियों को कैसे सेलिब्रेट करती है।

शिखर धवन, हरभजन सिंह, शेन वॉटसन और डेल स्टेन जैसे मशहूर नामों के साथ, लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग दुनिया के कुछ सबसे कामयाब नामों को एक साथ लाती है और फैंस को नए साल की जबरदस्त शुरुआत देती है। पुरानी यादों को दिखाने से कहीं ज़्यादा, लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग क्रिकेट की बेहतरीन चीज़ों का सेलिब्रेशन है, जो उन लेजेंड खिलाड़ियों को एक साथ लाती है जिन्होंने कई पीढ़ियों को इंस्पायर किया है, अब एक ऐसे फॉर्मेट में मुकाबला कर रहे हैं जो उनके स्किल, करिश्मा

**● पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी तक गोवा में होगा जिसमे छह फ्रेंचाइजी बेस्ट टीमें और 90 खिलाड़ी शामिल होंगे**

और कॉम्पिटिटिव स्पिरिट को हाईलाइट करता है। कई फ्रेंचाइजी, टॉप-टियर ग्लोबल टैलेंट और ज़्यादा से ज़्यादा बैलेंस और सस्पेंस के लिए बनाए गए टूर्नामेंट स्ट्रक्चर के साथ, यह लीग सालाना क्रिकेट कैलेंडर पर सबसे प्रीमियम और दुनिया भर में जिसका इंतज़ार किया जाने वाला इवेंट बनने की स्थिति में है।

पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक गोवा में होगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी-बेस्ड टीमें और 90 लेजेंडरी खिलाड़ी शामिल होंगे, जो वर्ल्ड क्रिकेट में एक बड़ा नया चैप्टर शुरू करेगा। खास बात यह है कि पूरा टूर्नामेंट एक ही जगह पर होस्ट किया जाएगा, वर्ना में नए बने 1919 स्पोर्ट्ज क्रिकेट स्टेडियम में, जिससे फैंस किसी भी दूसरी लेजेंडरी लीग के उलट लगातार, फेस्टिवल जैसे क्रिकेटिंग कार्निवल का हिस्सा बन सकेंगे। लीडरशिप और प्लेयर-सेंट्रिक फोकस देते हुए, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को लीग कमिश्नर अपॉइंट किया गया है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, क्लार्क ने कहा कि वह एक ऐसी लीग का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं जो इतने सारे टॉप खिलाड़ियों को एक साथ लाती है। क्लार्क ने कहा कि भारत, क्रिकेट के सबसे बड़े देशों में से एक है, और मेरे लिए इसकी एक खास जगह है। फैंस का जुनून, गर्व और इस लीग का हिस्सा बनने का मौका, और कुछ पुराने दोस्तों के साथ-साथ कड़े दुश्मनों से फिर से मिलने का मौका, इसे सच में खास बनाता है। मैं इस नए रोल में लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली के सैंटियागो के लिए रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** ज्योति सिंह की अगुवाई में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एक से 13 दिसम्बर तक चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में भाग लेने के लिए यहां से रवाना हो गई। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार रात 20 सदस्ईय भारतीय टीम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हुई। टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट में भारतीय टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम एक दिसम्बर को नामीबिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, उसके बाद तीन दिसम्बर को जर्मनी और पांच दिसम्बर को आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी।

# प्रांजलि धूमल ने डेफलंपिक्स में जीता गोल्ड



**● प्रांजलि ने फाइनल में 34 का स्कोर किया, जो यूक्रेन की हेलिना से दो ज्यादा था**

**टोक्यो, वार्ता।** भारत की प्रांजलि प्रशांत धूमल ने टोक्यो में 25वें समर डेफलंपिक्स में 25मी पिस्टल विमेंस गोल्ड जीता, यह उनका दूसरा गोल्ड और तीसरा मेडल था। प्रांजलि ने फाइनल में 34 का स्कोर किया, जो यूक्रेन की हेलिना मोसिना से दो ज़्यादा था, जिन्होंने सिल्वर मेडल जीता। जिवोन जियोन ने 30 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता, जिन्होंने शूटआउट में भारत की अनुया प्रसाद को हराया, जो आखिर में चौथे स्थान पर रहीं।

प्रांजलि ने इससे पहले 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में अभिनव देशवाल के साथ गोल्ड जीता था, जिन्होंने पुरुषों के 25मी पिस्टल इवेंट में भी गोल्ड जीता था। प्रांजलि ने फाइनल की पहली सीरीज में अपने पहले पांच में से चार शॉट मारे और नौवीं सीरीज के आखिर तक बढ़त बनाए रखी, जहां वह मोसिना के साथ 30 शॉट पर बराबरी पर थीं।

दसवीं और आखिरी सीरीज में, प्रांजलि ने चार शॉट मारे जबकि मोसिना सिर्फ़ दो ही स्कोर कर पाईं, जिससे भारतीय शूटर को गोल्ड मेडल मिला।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में, भारतीय शूटर ने टॉप दो जगह पक्की करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, साथ ही प्रांजलि ने वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड और डेफलिपिक्स रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने 573-14ग शॉट मारे, जिससे उनका ही वर्ल्ड रिकॉर्ड टूट गया जो पिछले साल हनोवर में वर्ल्ड डेफ शूटिग चैंपियनशिप में बनाया गया था।

# एसडी प्रज्ज्वल ने आईटीएफ एम 15 भुवनेश्वर में एकल व युगल के खिताब जीते



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के एसडी प्रज्ज्वल देव ने आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर एम15 चैपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल और युगल वर्ग के खिताब जीते।

मैसूर के रहने वाले प्रज्ज्वल देव ने 16-23 नवम्बर तक भुवनेश्वर में हुए इस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में सातवें सीडेड दिग्विजय प्रताप सिंह को एक कड़े मुकाबले में 7-6(4), 7-6(1) से हराया, दोनों सेट का फैसला कड़े टाईब्रेक से हुआ।

युगल वर्ग में, टॉप सीडेड प्रज्ज्वल देव और सि(ांत बंथिया की जोड़ी ने चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए माधविन कामथ और रोहन मेहरा की जोड़ी को 7-6(5), 6-2 से हराकर सीधे सेटों में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ प्रज्ज्वल देव के सफल अभियान में दूसरा खिताब जुड़ गया।

# जयपुर पोलो टीम ने जीता कश्मीर चैलेंज कप



**जयपुर, वार्ता।** कश्मीर चैलेंज कप रविवार को अपने असली अंजाम पर पहुंच गया, जब जयपुर पोलो टीम, जिसकी लीडरशिप जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह कर रहे थे, ने राजस्थान पोलो क्लब में हुए एक रोमांचक मैच में कनोटा पोलो को 9-5 से हरा दिया।

जयपुर के लिए, उनके कैप्टन,महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, और साउथ अफ्रीकी पोलो के स्टार लांस वॉटसन ने पूरे टूर्नामेंट में अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखा, और एक के बाद एक चार और पांच गोल किए। टूर्नामेंट की शुरुआत में एक ही पूल में रहने के बाद दोनों टीमों के बीच यह तीसरी भिड़ंत थी, जिसमें सभी मैच जयपुर के पक्ष में गए। जयपुर ने जबरदस्त शुरुआत की, लांस वॉटसन ने शुरू में ही दो गोल (1:25 और 6:35) करके अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरी ओर, कनोटा पोलो शुरुआती पीरियड में गोल नहीं कर पाई। दूसरे चक्कर में, जयपुर ने अपनी रफ़्तार जारी रखी, जब लांस वॉटसन ने एक और गोल (3:35) करके स्कोर 3-0 कर दिया। जब कनोटा पोलो लय में नहीं लग रहा था, तो उन्होंने अशोक चांदना (4:00) और डिनो धनखड़ (6:40) के गोलों से जवाबी हमला किया, लेकिन जयपुर अभी भी गेम के आधे समय तक 3-2 से आगे था। तीसरे चक्कर में दोनों तरफ से तेजी से गोल हुए। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने दो गोल (1:20 और 5:40) किए, और लांस वॉटसन ने 4:10 पर एक और गोल किया। कनोटा ने हुर्र अली (5:46 और 6:35) के दो गोलों से वापसी की। चक्कर के आखिर में, स्कोर जयपुर 7-कनोटा 4 था। आखिरी चक्कर जयपुर का था क्योंकि उन्होंने कंट्रोल बनाए रखा, महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर ने 0:54 पर फिर से गोल करके बढ़त को 8-4 कर दिया। हुर्र अली ने 1:40 पर कनोटा का आखिरी गोल किया, लेकिन लांस वॉटसन के आखिरी मिनट के गोल ने मैच को जयपुर के पक्ष में 9-5 से पक्का कर दिया। इस जीत के साथ, जयपुर ने इंडियन पोलो सीजन में अब तक अपनी ट्रॉफी की संख्या चार कर ली है, जबकि अभी आधे से ज्यादा सीजन बाकी है।

# सैयद मोदी इंटरनेशनल में अपनी फॉर्म हासिल करने उतरेंगे प्रणय-श्रीकांत



**● इस टूर्नामेंट में प्रियांशु राजावत, उन्नति हुड्डा और त्रिशा जॉली भी खेलेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** भारत के एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुरू हो रहे सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर अपनी खोई हुई फॉर्म को फिर से प्राप्त करने उतरेंगे। कल से यहां शुरु होने वाला टूर्नामेंट बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिटन अकादमी में खेला जाएगा। 25 से 30 नवम्बर चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, डेनमार्क, थाईलैंड, तुर्किए, इंडोनेशिया, सिगापुर, यूक्रेन, यूएई समेत 20 देशों के 250 खिलाड़ी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं।

यह एक बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 प्रतियोगिता है। कॉमनवेल्थ गेम्स 1982 के चैंपियन सैयद मोदी के नाम पर इस टूर्नामेंट का नाम रखा गया है। एचएस प्रणय के लिए 2025 एक मुश्किल अभियान रहा है। वह इस साल अपने 15 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर मैचों में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इनमें से आठ में पहले राउंड में उन्हें हार का सामना करते हुए बाहर होना पड़ा।

इस टूर्नामेंट में प्रियांशु राजावत, उन्नति हुड्डा और गत विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद भी खेलेंगे। 2,40,000 अमे. रिकी डॉलर की ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल में 32-32 खिलाड़ियों, जोड़ियों का मुख्य ड्रॉ होगा।

# सीजेआई की चुनौतियां


हिसार के गांव पेटवाड़ के रहने वाले जस्टिस सूर्यकांत के सोमवार को देश के 53वें चीफ जस्टिस आफ इंडिया ( सीजेआई )के रूप में शपथ लेते ही उनके गांव में दिवाली मनाई गई। वह हरियाणा के ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जो सीजेआई बने हैं। सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई। उनकी शपथग्रहण को लेकर हिसार में वकीलों ने खुशी मनाई, हिसार में हवन कराया गया। वकीलों ने शपथग्रहण का लाइव टेलीकास्ट देखा। हिसार बार में इस दौरान ढोल बजाकर जश्न मनाया गया, जिसमें एडवोकेट्स के साथ हिसार की जिला एवं सेशन जज नताशा ने भी खुशी में डांस किया। बीआर गवई के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें सीजेआई बनाया गया है, लेकिन उनके सामने चुनौतियां बहुत है। आजकल देश में न्याय के बीच में राजनीति के आने से न्याय प्रक्रिया में अवरोध पैदा हो रहे हैं। आशा है कि श्री सूर्यकांत इस राजनीति को कानून से हटाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके सामने देश के मुद्दों को हल करके न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। क्योंकि इस समय सुप्रीम कोर्ट के एसआईआर और वोट चोरी के मामले प्रमुख रूप से चल रहे हैं। इसके अलावा और भी मुद्दे हैं, जिनका सरोकार सीधा जनता से है, उन पर भी उनकी पैनी निगाह होगी। सितंबर 2025 तक सुप्रीम कोर्ट में 88417 मामले लंबित हैं, जिनमें 69553 सिविल के हैं, जबकि 18864 आपराधिक मामले हैं। इन सबको निपटाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल आज 24 नवंबर 2025 से लेकर 9 फरवरी 2027 तक रहेगा। नवंबर महीने की शुरुआत में केंद्रीय कानून मंत्रालय में न्याय विभाग ने जस्टिस सूर्यकांत की नियुक्ति की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी। इस समय भारत के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है न्याय में देरी और लंबित मामलों का बढ़ता अंबार। अन्य प्रमुख चुनौतियों में न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना, न्यायिक नियुक्तियों में पारदर्शिता और पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना और कार्यपालिका से स्वतंत्र होकर कार्य करते हुए न्यायिक अतिक्रमण से बचना शामिल हैं। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित मामले न्याय में देरी का कारण बन रहे हैं। कई मामलों को निपटाने में दशकों लग सकते हैं, जिससे लोगों में निराशा पैदा होती है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना एक बड़ी चुनौती है, खासकर जब कार्यपालिका और विधायी निकायों से दबाव आता है। कुछ मामलों में अदालतें यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती हैं कि संसद उनके फैसलों को आसानी से न बदल सके, जैसा कि ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम के मामले में देखा गया है। न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और प्रतिनिधित्व का अभाव एक चुनौती है। न्यायाधीशों की संख्या में कमी और रिक्त पदों को भरना भी एक समस्या है। न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होना भी एक मुद्दा है। बढ़ती संख्या में मामलों के बीच जटिल संवैधानिक मामलों जैसे एसआईआर, रोहिंग्या शरणार्थी का निपटारा करना। अदालती फैसलों की आलोचना को संभालना और यह सुनिश्चित करना कि यह न्यायपालिका पर हमले में न बदले।

## निष्पक्षता पर पैदा हो सकता है शक



एक साल के लिए 1,000 डेटा एंट्री आपरेटर्स और 50 साफ्टवेयर डेवलपर्स को बाहर से रखने की बात दोनों सुझाव जोखिम भरे हैं, इससे चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होंगे, चुनाव आयोग इन दोनों मुद्दों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराए, ताकि आयोग की साख बनी रहे, नए रखे जाने वाले कर्मचारियों की काम करने की शर्तें पहले से मौजूद स्टाफ से कैसे अलग होंगी और क्या यह पूरा काम किसी राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है,,दूसरा मुद्दा प्राइवेट रेजिडेंशियल काम्प्लेक्स के अंदर पोलिंग बूथ बनाने का है, पोलिंग स्टेशन हमेशा सरकारी या अर्ध-सरकारी जगहों पर होने चाहिए, क्योंकि वे ज्यादा निष्पक्ष और नियंत्रण में होते हैं, प्राइवेट सोसाइटी में बूथ बनाने से लोगों के बीच असमानता, पहुंचने की दिक्कतें और निष्पक्षता पर शक पैदा हो सकता है। **-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# अब नहीं आएगा कोई धर्मेंद्र



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र को फिल्म फूल और पत्थर से ही-मैन नाम मिला था। बॉलीवुड में धर्मेन्द्र को ही मैन कहा जाता है। धर्मेंद को ही-मैन नाम वर्ष 1966 में प्रदर्शित फिल्म फूल और पत्थर के जरिये मिला था। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने एक सीन किया जिसमें उन्होंने शर्ट उतारी। उनकी शर्टलेस तस्वीरों ने उन्हें काफी मशहूर बना दिया। इस फिल्म से उन्हें एक्शन हीरो के तौर पर पहचान मिली। उनकी मसक्युलर बॉडी ने उनकी ही-मैन की तस्वीर को गढ़ा। उनकी टोन्ड बॉडी, जबरदस्त आत्मविश्वास और गुस्से से भरे एक्शन सीन्स ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। फिल्म की इस जबरदस्त सफलता और उनकी दमदार, मर्दाना छवि के कारण ही इंडस्ट्री और मीडिया ने उन्हें ही-मैन ऑफ बॉलीवुड का नाम दिया।

ही-मैन केवल शारीरिक शक्ति के लिए नहीं, बल्कि जज्बे, बहादुरी और आंतरिक मजबूती को दर्शाता है। धर्मेंद्र ने न केवल अपनी शारीरिक ताकत से, बल्कि अपने किरदारों के माध्यम से भी इस उपाधि को सही साबित किया। जोखिम भरे स्टंट्स: धर्मेंद्र अपने स्टंट्स के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने खुद असली स्टंट्स करने का जोखिम उठाया, जैसे कि असली चीते के साथ भिड़ना, जिससे उनकी ही-मैन की छवि और मजबूत हुई।

धर्मेंद्र के जितने करीब उनके बच्चे रहे हैं, उतने ही करीब धर्मेंद्र भी अपने माता-पिता के थे। धर्मेन्द्र एक बार अपनी मां सतवंत कौर को याद करके भावुक हो गए थे। धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर एक बार अपनी मां से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा फैंस को सुनाया था। धर्मेन्द्र अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते रहते थे। एक बार उन्होंने अपनी मां सतवंत कौर को लेकर बात की थी और बताया था कि उनकी मां उनके कपघ्ड़ चुरा लेती थीं- लेकिन, इसका इस्तेमाल वो नेक काम में करती थी। धर्मेंद्र ने एक बार सोशल मीडिया पर मां को लेकर बात करते हुए बताया था कि उनकी मां उनके कपड़े अपने गांव में जरूरतमंद लोगों को दे देती थी। धर्मेन्द्र से उनसे उनकी मां कहा करती थी कि तू इतने कपड़ों का क्या करेगा। धर्मेंद्र ने बताया था कि मैं सनी से पूछता था कि यें पैंट कहां है- सनी कहता था- बीजी ले गई- मैं जब पंजाब में कहीं जाता था तो वो वहां के लोग मुझे बोलते थे कि पाजी आपका कोट है। मेरी मां बहुत महान थी।

धर्मेंद्र ने अपने 60 साल से ज्यादा के करियर में, जबरदस्त एक्शन फिल्मों से लेकर दिल छू जाने वाले और रोमांटिक किरदारों से दर्शकों का दिल जीता है। कभी वो कॉमेडी हीरो बनकर आए तो कभी उन्होंने लोगों को रुला तक दिया। अभिनय ऐसा कि जिसने धर्मेंद्र को देखा वो खुद को उनका मुरीद होने से रोक ना सका। 8 दिसंबर, 1935 को जन्मे धरम सिंह देओल ने 1960 में फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी। उनके लुक्स, अपनी ऑनस्क्रीन अपीयरेंस और अपने स्वभाव से वह हमेशा देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक में मशहूर रहे। धर्मेंद्र की इमेज एक तरफ जहां रफ-टफ हीरो की रही, तो वहीं धरम पाजी का जलवा रोमांटिक हीरो के तौर पर भी अच्छा खास रहा।

1960 और 70 के दशक में धर्मेंद्र सुपरस्टार बने और मीना कुमारी, आशा पारेख और हेमा मालिनी समेत कई बड़ी अभिनेत्रियों के साथ उन्होंने रोमांस किया और रोमांटिक फिल्मों के जरिए वो दर्शकों के लिए रोमांस के बादशाह भी बने, तो वहीं बंदिनी, फूल और पत्थर और अनुपमा जैसी फिल्मों ने एक अभिनेता के रूप में एक नई पहचान दी। इन फिल्मों के जरिए उन्होंने पर्दे पर अपनी भावनाओं को उकेरा और एक अलग छवि भी पर्दे पर बनाई। साल 1966 में आई फिल्म फूल और पत्थर में उनकी भूमिका ने उन्हें पहली बड़ी सफलता दिलाई और एक मजबूत और संवे. दनशील हीरो बना दिया, जिसे देखने के बाद लोग मान गए कि धर्मेंद्र हर किरदार के लिए परफेक्ट हैं। साल 1975 में धर्मेंद्र को एक ऐसा स्टारडम मिला जिसके लिए उन्होंने लंबे वक्त तक इंतजार किया। दरअसल इस साल वह फिल्म शोले में नजर आए। शोले के साथ धर्मेंद्र की विरासत नई ऊंचाइयों पर पहुंची, जहां वीरू का उनका किरदार बॉलीवुड की जुंबा पर आ गया और यहीं से धर्मेंद्र को एक नया मिल गया, वीरू। इसके बाद उन्होंने चुपके-चुपके, यादों की बारात, ड्रीम गर्ल और धरमवीर जैसी कई हिट फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता और अपनी धाक बॉक्स ऑफिस पर जमाए रखी।

रोमांटिक हीरो के तौर पर काम करने के बाद उन्होंने 80 और 90 के दशक में, एक्शन और देशभक्ति फिल्मों की ओर रुख किया। धर्मेंद्र ने अपने बेटों सनी और बॉबी देओल को लॉन्च करने में मदद करते हुए अपनी उसी भूमिका को बरक. रार रखा। कभी वह फिल्मों में दादाजी बने तो कभी पिताजी बने। कुल मिलाकर ऐसा हीरो अब इस दुनिया में आना मुश्किल है।

# कोलकाता में जीवन का हर रंग

1876 में बना कोल. काता का चिड़ियाघर 16 हेक्टेयर की भूमि में फैला है। यहां बनी झील साइबेरियन पक्षियों के लिए बेहत. रीन जगह है। कोल. काता की मेट्रो भारत की पहली भूमिगत रेल थी। हालांकि यह अब तक सिर्फ यह एकतरफा रूट पर चलती है। कोलकाता ट्रामवे भारत की एक अकेली ऐसी सेवा है जो सिर्फ कोलकाता में चलती है और एशिया की सबसे पुरानी विद्युत से चलने वाली ट्राम नेटवर्क है।

भारत के दूसरे महानगरों की तरह क्या आपने रात में जगमग कोलकाता को देखा है? अगर नहीं तो किसी भी सीजन में इस ऐतिहासिक शहर को देखने का कार्यक्रम जरूर बनाएं। यह दिल्ली से पहले इस देश की राजधानी रही है। पिछले दिनों विद्या बालन की फिल्म कहानी में दर्शकों ने कोलकाता शहर को देखा है। खासकर उस गीत आमी सोत्ती बोलती में, जिसे ऊषा उत्थुप ने स्वर दिया है। इस गीत में सम्पूर्ण कोलकाता की झांकी है। जिसमें कहा गया है कि यह शहर स्ट्रॉन्ग और पावरफुल है मगर फिर भी बेबस है। इस शहर की इससे बड़ी व्याख्या क्या हो सकती है कि यह चलता रहता है, मगर कहीं जाता नहीं। दरअसल कोलकाता अपने सीने में अंग्रेजों के जुल्म से लेकर बंगाल के विभाजन के दर्द को भी समेटे हुए है। इस शहर की सड़कों पर जीवन की खुशियों से लेकर दरिद्रता की उदासी भी दिखाई देती है। बावजूद इसके यह ऐसा शहर है जहां जीवन के हर रंग हैं।

हुगली नदी के किनारे बसा यह शहर सदियों से कवियों, लेखकों, फिल्म प्रोड्यसरों और नोबेल पुरस्कार विजेता का जनक माना जाता है। एक बार इस शहर को देखने के बाद यहां की खूबसूरत यादें भुलाएं नहीं भूलतीं। कोलकाता में संस्कृति के कई रूप देखने को मिलते हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मेट्रो, सर्कुलर रेल और ग्राउंड रेल यानि हर तरह की परिवहन सुविधा है। सियालदह स्टेशन भारत का सबसे बड़ा रेल हब है। कोलकाता का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय को भी दर्शाता है। 1690 में कोलकाता में पहली बार ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी आई थी और उसने 1772 में कोलकाता को अपनी राजधानी बनाया। जॉब चारनॉक को कोलकाता का जनक कहा जाता है। 1857 में यहां पहला आधुनिक भारतीय विश्वविद्यालय बना। स्वतंत्र संग्राम के दौरान आजादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन की शुरुआत भी यहीं से की गई थी। कोलकाता में देखने के लिए बहुत कुछ है। यहां का विक्टोरिया मेमोरियल को दूसरा ताजमहल माना जाता है। इसे कोलकाता की शान कहा जाता है। ब्रिटिश शासक लार्ड कर्जन ने रानी विक्टोरिया को समर्पित करते हुए सफेद मकराना पत्थर से यह घर बनवाया था। आज यहां का बगीचा युवाओं के लिए बेहद लो. कप्रिय जगह है। शाम में हिंदी और बंगाली में होने वाले साउंड और लाइट शो भी देखने लायक हैं। इसके अंदर उस समय की खूबसूरत चीजें रखी गई हैं। विश्व का सबसे बड़ा बिड़ला इटालियन शैली की बेहतरीन कारीगरी है, जिसमें अनोखे जीवांश्म, मिस्र की ममी और बहुत सारी चीजें रखी गई हैं। हावड़ा ब्रिज, भारत का सबसे बड़ा पुस्तकालय नेशनल लाइब्रेरी, सांइस सिटी, ईडन गार्डन, रवींद्र सरोवर यह सब कोलकाता में देखे जा सकते हैं। 1876 में बना कोलकाता का चिड़ियाघर 16 हेक्टेयर की भूमि में फैला है। यहां बनी झील साइबेरियन पक्षियों के लिए बेहतरीन जगह है। कोलक. ाता की मेट्रो भारत की पहली भूमिगत रेल थी। हालांकि यह अब तक सिर्फ यह एकतरफा रूट पर चलती है। कोलकाता ट्रामवे भारत की एक अकेली ऐसी सेवा है जो सिर्फ कोलकाता में चलती है और एशिया की सबसे पुरानी विद्युत से चलने वाली ट्राम नेटवर्क है। इस शहर के रिक्शे भी अनोखे हैं। इन रिक्शों को इंसान खींचते हैं। हालांकि 2006 में ऐसे रिक्शों पर पांबदी लग गई थी। मगर रिक्शा यूनियन के 35 हजार सदस्य इसे आज भी चला रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि रिक्शों की दूरी कम कर दी गई है। कोलकाता में दशहरा उत्सव बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। खूबसूरत पंडाल और भव्य प्रतिमाएं दुर्गा पूजा को बेहद आकर्षक



बनाती हैं। यहां का कालीघाट मंदिर हिंदुओं का शक्ति-पीठ माना जाता है। किवदंती के अनुसार इस जगह पर देवी पार्वती की उंगली कट कर गिर गई थी और तबसे यह शक्तिपीठ बन गया। 1809 में इस जगह पुनर्निर्माण किया गया और अब यहां शक्ति की देवी की पूजा की जाती है। 1847 में हुगली नदी के किनारे बना दक्षिणेश्वर काली मंदिर और बेलूर मठ भी दर्शनीय है। इसके अलावा रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर और नैखोडा मस्जिद भी देखी जा सकती हैं। बिडला प्लेनेटेरियम के बगल में है संत पॉल कैथेड्रल चर्च, जो 1839 और 1847 के बीच बना था। इस गिरजाघर की खूबसूरती देखते बनती है। इसके अलावा सेंट जॉन चर्च, अरमे. नियम चर्च, ओल्डमिशन चर्च और ग्रीक औरथोडॉक्स चर्च भी देखने लायक हैं। अरमेनियम चर्च कोलकाता में ईसाइयों का सबसे पुराना गिरजाघर है। कोलकाता भारत के सभी बड़े शहरों से रेल और हवाई यातायात से जुड़ा है। इसलिए यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। किसी भी मौसम में कोलकाता घूमने जाया जा सकता है। रात हो या दिन यह शहर हर समय खूबसूरत लगता है।

# पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच एसआईआर



**यशोदा श्रीवास्तव**

यूपी में एस आई आर को लेकर उदासीन व लापरवाह विपक्ष के लिए पंचायत चुनाव की सरगर्मी राहत भरी है। चुनाव आयोग के गाइड लाइन के अनुसार राजनीतिक दलों को भी अपनी तरफ से बीएलओ 2 मनोनीत करने का अधिकार है। यूपी में ज्यादातर विपक्षी दल इसमें फिसड्डी दिख रहे हैं लेकिन पंचायत चुनाव में प्रधान पद के दावेदार एस आई आर को लेकर खूब सक्रीय हैं।वे एक तरह से विपक्षी दलों का काम आसान कर रहे हैं।

इसमें दो राय नहीं कि बिना किसी तैयारी के मात्र एक महीने में 25 करोड़ आबादी वाले उत्तर प्रदेश में एस आई आर कंप्लीट कर पाना बड़ी चुनौती है। इसमें विसंगतियों की जो भरमार है वह अलग। खेती किसानी और शादी विवाह के सीजन में सबकुछ भूलकर शहरी लोग हों या ग्रामीण किसान केवल अपना वोट बचाने के जतन में जुट गए हैं। चुनाव आयोग के इस अभियान में गांव के लोग जो अपेक्षाकृत जागरूक नहीं होते, एस आई आर का हिस्सा बन पाते हैं या नहीं, चुनाव आयोग का इससे कुछ लेना देना नहीं। चुनाव आयोग को यदि सचमुच इमानदारी से एस आई आर करानी होती तो वह समय, सीमा और लोगों की दिक्कतें जरूर ध्यान में रखता, लेकिन नहीं उसे तो एस आई आर की जैसे सनक सवार है। चुनाव आयोग के इस अभियान में बीएलओ से लेकर मतदाताओं को कितनी दिक्कतें हो रही है,यह बस्ती जिले के एक एसडीएम के झुंझलाहट से जाना जा सकता है जो बीएलओ की लापरवाही पर गुस्सा हो रहे थे। चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर की



तय समय सीमा चंद रोज ही बची है। इस बीच पूरे यूपी में 50 प्रतिशत भी फार्म 6 और 7 लोगों तक नहीं पहुंच पाए हैं। नोएडा जहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बिटिया डीएम है, वहां की स्थिति तो और खराब है। खराब प्रगति से नाराज ज्ञानेश कुमार की डीएम बिटिया ने सख्त कदम उठाते हुए तमाम बीएलओ और अन्य संबंधित जनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फरमान जारी किया है। फार्म 7 जो वोट विच्छेदन का जरूरी फार्म है, अधिकांश बीएलओ इसे जानते तक नहीं और न उन्हें ऐसा कोई प्रशिक्षण ही दिया गया। फार्म 7 के माध्यम से आप यदि दो जगह से वोटर हैं तो इच्छित एक जगह से कटवा सकते हैं। हालत ऐसी हो गई कि हर व्यक्ति अपना वोट बचाने के लिए बीएलओ को ढूंढता फिर रहा है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना किसी प्रशिक्षण के बीएलओ नामित कर उसे एस आई आर फार्म थमा दिया गया। चुनाव आयोग इस अभियान की जितनी गंभीरता समझता है, बीएलओ उससे एक दम अनजान हैं। विपक्ष को इस अभियान में सत्ता पक्ष से दो कदम आगे होना चाहिए क्योंकि वोट काटने या वोट चोरी को लेकर वही सबसे ज्यादा मुखर है। यूपी में इस अभियान में विपक्ष गायब है। ऐसे में वे लोग जिन्हें अपना वोट काटे जाने का डर है, खुद ही अपने वोट की रखवाली करें। सवाल उठता है कि एस आई आर अभियान में गैर भाजपा राजनीतिक दलों की उदासीनता क्यों है? फिलहाल यूपी के लिए इसका जवाब है मैं क्यों और मैं ही क्यों? गौरतलब है की सभी राजनीतिक दलों में विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव टिकट और प्रत्याशी दोनों उहापोह में रहते हैं।

गैर भाजपा दलों के पास आर एस एस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य तमाम हिंदू संगठनों जैसा कोई संगठन नहीं है जो निस्वार्थ भाव से अपना काम कर सके। भाजपा समर्थक इन तमाम हिंदू संगठनों को न तो चुनाव की चिंता रहती है और न ही टिकट की सो उन्हें जिस काम की जिम्मेदारी सौंपी जाती है,उसे वे पूरी इमानदारी और निष्ठा पूर्वक करते हैं। गैर भाजपा दल चाहे कांग्रेस हो सपा, बसपा या अन्य पार्टियां उनके पास कहां है ऐसा निष्ठावान व ईमानदार संगठन? इसके इतर सपा और कांग्रेस खाना पूर्ति में लगे हैं। गठबंधन की राजनीति इसमें सबसे बड़ी बाधा है। चुनाव के दरम्यान किस सीट पर गठबंधन का कौन उम्मीदवार टपक पड़ता है कोई ठिकाना नहीं। ऐसे में बड़ा पेंच हम क्यों और हम ही क्योंष को लेकर ही फंसा हुआ है। गैर भाजपा राजनीतिक दलों के कई नेताओं से बात हुई तो यही मसला सामने आया। खासकर सपा और कांग्रेस खेमे से। यूपी में सपा और कांग्रेस अभी गठबंधन में हैं। विधानसभा चुनाव में भी यह रहेगा, इसकी संभावना ज्यादा है। जिन सीटों पर सपा के विधायक हैं वहां तो ठीक है। वे एस आई आर को लेकर सक्रीय हैं लेकिन जिन सीटों पर सपा नहीं है वहां हालत ठीक नहीं है। ऐसी सीटों पर न तो कांग्रेस सक्रीय हैं और न ही सपा। इसलिए कि मेहनत हम करें और टिकट फलां को मिल जाए! लोकसभा की कई सीटों पर सपा हारी है, वहां दूर दराज से उम्मीदवार थोप दिए गए थे, इस अभियान में वे लापता हैं। 2027 में विधानसभा चुनाव है। जिन तमाम सीटों पर सपा या कांग्रेस नहीं है, वहां का हाल बुरा है।

एस आई आर को लेकर कांग्रेस के जिला अध्यक्षों पर खासा दबाव है। केंद्रीय कार्यालय से रोज कोई न कोई निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। प्रतिदिन कोई न कोई कांग्रेस का पदाधिकारी जिला अध्यक्षों से जूम मीटिंग कर रहा है। लेकिन वे बेचारे करें क्या,उनका संगठन ही कमजोर है। सांगठनिक तौर पर यूपी में कांग्रेस की स्थिति यही है। अब जब चार दिसंबर यानी एस आई आर की समय सीमा खत्म होने को है तो नहीं लगता कि भाजपा को छोड़ कोई अन्य दल अपनी सक्रीयता साबित कर पाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अफगानिस्तान के वाणिज्य व उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी।

## इजरायल ने हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराया

**यरूशलम।** इजरायली सेना और लेबनानी समूह ने कहा कि बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रविवार को हुए एक इजरायली हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर हेथम अली अल-तब्ताबी की मौत हो गई। यह एक हाई-प्रोफाइल हत्या है जो एक साल पुराने युद्धविराम को और तनावपूर्ण बना रही है। हिजबुल्लाह ने अल-तब्ताबी की मौत की पुष्टि की है, जिसे उसने हारेत हरेक जिले पर 'विश्वासघाती इजरायली हमला' करार दिया है। उसने कहा कि वह 'लेबनान और उसके लोगों के लिए बलिदान' देते हुए शहीद हो गया।

## एफबीआई चीफ काश पटेल ने गर्लफ्रेंड को कमांडो सुरक्षा दिलवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीक्रेट एजेंसी एफबीआई के भारतवंशी डायरेक्टर काश पटेल गर्लफ्रेंड को सरकारी सुरक्षा दिलवाने को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस को स्वाट कमांडो (स्पेशल वेपन एंड टेक्टिस) सुरक्षा दी और सरकारी रिसोर्स का गलत इस्तेमाल किया। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने 12 प्राइवेट टूर के लिए सरकारी जेट का इस्तेमाल किया। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या वे टैक्सपेयर्स के पैसों से मिलने वाले रिसोर्स को निजी रिश्ते पर खर्च कर रहे हैं। एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में एलेक्सिस विल्किंस। दोनों तीन साल से रिश्ते में हैं। विवाद की शुरुआत अटलांटा में नेशनल राइफल एसोसिएशन की सालाना समिट से मानी जा रही है।

# परमाणु हथियारों की तस्करी कर रहे थे अब्दुल कादिर

### अमेरिकी खुफिया एजेंसी के अफसर का अहम खुलासा: मुशर्रफ को पता चला तो बोले: मार डालूंगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी जेम्स लालर ने पाकिस्तानी साइंटिस्ट डा. अब्दुल कादिर खान के न्यूक्लियर स्मगलिंग नेटवर्क को लेकर कई खुलासे किए हैं।



■ सीआईए चीफ जार्ज टेनेट ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को तस्करी की जानकारी दी: लालर

लालर ने बताया कि शुरू में अमेरिका को लगा था कि कादिर खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए परमाणु ब्लूप्रिंट बना रहा है, लेकिन बाद में पता चला कि वह लीबिया, ईरान जैसे कई देशों को परमाणु तकनीक और हथियार बनाने का सामान अवैध तरीके से बेच रहा था। लालर ने कहा कि हम बहुत देर से जागे। हमें अंदा. जा ही नहीं था कि वह इतना बड़ा तस्कर बन जाएगा। सरकार के मिलीभगत पर लालर ने कहा कि खान कुछ पाकिस्तानी जनरलों और नेताओं को रिश्वत देते थे। लालर ने बताया कि सीआईए चीफ जार्ज टेनेट ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को तस्करी की जानकारी दी। मुशर्रफ ये बात सुनते ही गुस्सा हो गए और खान को गाली देते हुए जान से मार डालने की बात कही। सीआईए अधिकारी जेम्स लालर कादिर खान को 'मौत का सौदागर' बुलाते थे। कादिर खान को पाकिस्तान में न्यूक्लियर प्रोग्राम का जनक माना जाता है। वहीं, जेम्स लालर को कादिर खान के परमाणु तस्करी नेटवर्क को खत्म करने का श्रेय दिया जाता है। लालर ने बताया कि उन्होंने कादिर खान को 'मौत का सौदागर' नाम दिया था। कादिर खान का नेटवर्क इतना बड़ा था कि पूरी दुनिया में परमाणु बम बनाने की मशीनें, ब्लू-प्रिंट, सेंट्रीफ्यूज और यूरेनियम समृद्ध करने की तकनीक अवैध तरीके से सप्लाई कर रहा था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अधिकारी जेम्स लालर ने बताया कि कादिर खान ने अकेले अपने दम पर दुनिया का सबसे खतरनाक परमाणु ब्लैक मार्केट चलाया। शुरू में सीआईए को लगा कि खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए सामान चुरा रहा है, लेकिन 1990 के दशक में पता चला कि अब परमाणु हथियार बेच भी रहा है। जेम्स लालर की टीम को खान के नेटवर्क में घुसने का काम सौंपा गया। टीम ने स्विट्जरलैंड, जर्मनी, दुबई और मलेशिया में फर्जी कंपनियां बनाईं जो बाहर से बिल्कुल असली लगती थीं। ये कंपनियां परमाणु डिवाइस बेचने का काम करने लगी। खान के लोग इस कंपनी को असली समझकर आर्डर करने आने लगे। इस तरह सीआईए ने खान के पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। लालर ने कहा कि अगर हमें तस्करों को हराना था, तो हमें खुद तस्कर बनना पड़ा। इन फर्जी कंपनियों से खराब वाले पार्ट्स भेजे जाते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल नेवी ने ब्रिटिश तट के पास रूसी जहाजों को रोका

**लंदन।** रॉयल नेवी ने इंग्लिश चैनल से गुजरने के बाद एक रूसी जंगी जहाज और टैंकर का पीछा कर उनको रोका है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रीलय ने कहा कि पिछले दो सालों में ब्रिटेन के समुद्री सीमा के आस-पास रूसी नौ सेना सक्रियता 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। मंत्रालय के मुताबिक, पेट्रोल वेसल एमएमएस सेवर्न ने आरएफएन स्टोइकी कॉर्वेट और उसके साथ चल रहे एक टैंकर पर उस समय नजर रखी, जब वे डोवर स्ट्रेट से गुजरे और फिर इंग्लिश चैनल से पश्चिम की ओर जा रहे थे।

### इराकी सुन्नी पार्टियों ने परिषद का गठन किया

**बगदाद।** इराक की प्रमुख सुन्नी मुस्लिम राजनीतिक पार्टियों ने हाल के संसदीय चुनावों के बाद अपनी स्थिति और एकजुटता को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत 'राष्ट्रीय राजनीतिक परिषद' के गठन की घोषणा की है। परिषद का उद्देश्य सरकार गठन, स्पीकर के चयन और सुन्नी सहयोगी दलों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके रुख को एकजुट करना है। इसकी घोषणा सॉवरेनिटी (अल-सियादा) गठबंधन प्रमुख खामिस अल-खंजर की बुलाई गई बैठक के बाद की गई जिसने 11 नवम्बर के आम चुनाव में काफी सीटें हासिल की थीं।

### रूस ने रातों रात 93 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के काला सागर और अजोव सागर सहित चार क्षेत्रों के पर आए यूक्रेन के 93 ड्रोनों को रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को अपने बयान में कहा कि बीती रात ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 93 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवर्रा. हत हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान में बताया गया कि इनमें से 45 ड्रोन बेल्गोरोद क्षेत्र के ऊपर, नौ ड्रोन क्रास्नोदार क्षेत्र में और सात ड्रोन निज्नी नोवगोरोड क्षेत्र के ऊपर मार गिराए गए।

## भारतीय रक्षा मंत्री ने सिंध को एक बार फिर ला दिया चर्चा में

# राजनाथ के बयान से पाक में बढ़ी बेचैनी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर सिंध को चर्चा में ला दिया है। उन्होंने रविवार को दिल्ली में आयोजित हुए सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंध इलाके को लेकर जो कहा उसकी गूंज फौरन ही पाकिस्तान में भी सुनाई दी। सिंह ने कहा सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा।

जहां तक जमीन की बात है, बार्डर तो बदल सकते हैं, क्या पता फिर से सिंध, भारत में वापस आ जाए। सिंह के इसी बयान पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे बयान एक विस्तारवादी हिंदुत्व सोच को दिखाते हैं, जो स्थापित हकीकतों को चुनौते देते हैं और अंतर्राष्ट्रीय कानून, मान्यता प्राप्त सीमाओं और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम राजनाथ सिंह और अन्य भारतीय नेताओं से अपील करते हैं कि वे ऐसे उकसाने वाले बयान न दें जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। सिंह ने यह भी कहा कि विभाजन के बाद सिंधी समाज ने भारत में शून्य से शुरुआत की, लेकिन अपने परिश्रम और साहस से सफलता के नए आयाम स्थापित किए। आज भारत ही नहीं, दुनिया भर में सिंधी समुदाय समाज निर्माण के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इतिहास गवाह है कि भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी इन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि जब अंग्रेजों का भारत पर कब्जा था तो सिंध का इलाका बॉम्बे प्रांत (महाराष्ट्र-गुजरात) का हिस्सा था। जब 1947 में स्वतंत्रता मिली तो सिंध पाकिस्तान को मिल गया और सिधियों का भारत में पलायन हुआ। पंजाबियों के साथ साथ लाखों सिंधी लोग भारत आ गए। भारत पहुंचकर वे मुंबई, पुणे, अजमेर, भोपाल, दिल्ली, अहमदाबाद जैसे शहरों में बस गए। पाकिस्तान से आए सिंधी लोग आज भी यह कहते हैं, 'हम तो सिंध छोड़ आए, पर सिंध हमारे भीतर अब भी बसता है। यह घटना ठीक वैसे ही हुई जब ईरान मे इस्लाम के बढ़ते नियंत्रण के कारण वहां के मूल निवासी पारसी, अपनी जमीन छोड़ कर महाराष्ट्र-गुजरात आ बसे थे। ऐसा नहीं है कि सिंध इलाके के लोगों ने कभी भी पाकिस्तान से अपनी आजादी का सपना नहीं देखा। पाकिस्तान से बंगलादेश के अलग होने, बलूचिस्तान के अपनी आजादी के ऐलान के शोर के बीच भले ही सिंध की बढ़ती राष्ट्रवादी आकांक्षाएं उतनी न सुनाई देती हों लेकिन दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में उनको अनसुना नहीं किया जा सकता। सिंध, जो सदियों से मानवीय सभ्यता और समृद्ध संस्कृति का केंद्र रहा है, आज एक अपने लिए एक मुल्क 'सिंध देश' की मांग के साथ एक नए मोड़ पर खड़ा है। सिंध का इतिहास ही इसकी पहचान का आधार है। यह वह भूमि है जहां भारतीय मानव सभ्यता ने सबसे पहले आंखें खोलीं। सभ्यता का जनक मोहनजोदड़ो शहर माना जाता है, जो सिंध के लरकाना जिले में स्थित है। यह तथ्य सिंध को एक अद्वितीय ऐतिहासिक महत्व प्रदान करता है। यहां के इतिहास की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी तब जुड़ती है जब यूनानी शासक सिकंदर ने यहां कब्जा किया, लेकिन उसका नियंत्रण ज्यादा नहीं चला और शीघ्र ही यह क्षेत्र बिहार के महान मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के नियंत्रण में आ गया।



**कहा: सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो, लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का ही हिस्सा रहेगा**

**ऐसे बयान अंतर्राष्ट्रीय कानून मान्यता प्राप्त सीमाओं व देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं: पाक**

## भारत ने विकसित देशों को जलवायु फंडिंग बढ़ाने की याद दिलाई

**बेलेम (ब्राजील)।** भारत ने जलवायु फंडिग बढ़ाने की दिशा में अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि विकसित देशों से वित्तीय संसाधनों के बिना विकासशील देश राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि एनडीसी पेरिस समझौते के तहत राष्ट्रीय जलवायु योजनाएं हैं, जो उत्सर्जन में कटौती करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लक्ष्य निर्धारित करती हैं। पेरिस समझौते के तहत सभी देश मिलकर उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए एक साथ काम करने पर सहमत हुए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जलवायु फंडिंग पर अनुच्छेद 9-1 को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तीन दशक पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा किया जाना चाहिए। भारत ने न्यायोचित परिवर्तन तंत्र 'जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म' की स्थापना को कॉप-30 का महत्वपूर्ण परिणाम बताया।

## पाकिस्तान आर्मी हेडक्वार्टर में आत्मघाती हमला, छह की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कान्स्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए।

पेशावर कैपिटल सिटी के पुलिस अधिकारी डा. मियां सईद ने बताया कि विस्फोट के बाद मौके का फायदा उठाकर 2 और हमलावर कांस्टेबुलरी हेडक्वार्टर के कैंपस में घुसने में कामयाब हो गए। दोनों राइफलों और हथगोले से लैस थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों से मुठभेड़ की और उन्हें मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी। सईद ने बताया कि समय पर हुई कार्रवाई से हमलाव. रों को बड़ी घटना करने से रोकने में मदद मिली। पाकिस्तान फौज ने आरोप लगाया है कि इस हमले के पीछे भारतीय प्राक्सी फितना-उल-खवारिज जिम्मेदार है। यह शब्द पाकिस्तान तालिबान टीटीपी के लड़ाकों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एफसी पाकिस्तान की एक सिविल मिलिट्री फोर्स है, जिसका मुख्यालय एक भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित है और सैन्य कैंटोनमेंट के करीब है। एक अधिकारी ने मीडिया से कहा कि सेना और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हालात को संभाल रहे हैं, क्योंकि हमें शक है कि हेडक्वार्टर के अंदर कुछ हमलावर हैं। हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिनमें दावा किया गया कि एफसी चौक मुख्य सदर में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। पाकिस्तान में हाल के महीनों में, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी घटनाओं में तेज बढ़ोतरी देखी गई है। सितंबर में भी खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में एफसी मुख्यालय पर हमले की कोशिश हुई थी, जिसमें छह सैनिक मारे गए थे और पांच हमलावरों की मौत हुई थी।

■ मृतकों में तीन कमांडो और तीन हमलावर भी शामिल हैं, हमले में कई लोग घायल भी हुए
■ रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी

## थाइलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**बैंकाक।** थाईलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसके चलते दस राज्यों में भीषण बाढ़ आ गई है। मौसम विभाग और रायल इरिगेशन डिपार्टमेंट (आरआईडी) के मुताबिक तेज मानसून ट्रफ और लो-प्रेशर सिस्टम के कारण पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। कई जगहों पर 24 घंटे के भीतर 300 से 500 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा नुकसान सोंगखला प्रांत के हाट याई शहर में हुआ। यहां 21 नवम्बर को 335 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे घरों, दुक. ानों और सड़कों में भारी नुकसान हुआ। कई स्थानों पर लोग घरों में फंसे हुए हैं और रेस्क्यू टीमें उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में जुटी हैं। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ते ही अतिरिक्त रेस्क्यू बल तैनात किए जाएंगे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भी दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।



■ 24 घंटे में 335 मिमी बारिश हुई

## रूस ने पोक्रोव्सक के अधिकतर हिस्से पर किया कब्जा

**मॉस्को।** पोक्रोव्स्क के ज्यादातर हिस्सों पर रूसी सेना ने नियंत्रण कर लिया है और यूक्रेनी सैनिक वहां घिर गए हैं। यूक्रेनी सैनिकों को वहां भारी नुकसान हो रहा है। डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक (डीपीएस) प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुशि. लिन ने रोसिया 24 ब्रॉडकास्टर को बताया कि पोक्रोव्स्क की तरफ दुश्मन को कुचलने की कोशिशें जारी हैं। दुश्मन घिरे हुए हैं और उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। डीपीएस प्रमुख ने कहा कि रूसी सेना पोक्रोव्स्क के साथ-साथ दिमित्रोव (मिरनो. हराद) इलाके को तेजी से आजाद कराने के लिए एक और दिशा से आगे बढ़ रही है।

# कनाडा में भारतवंशियों को मिलेगी बड़ी राहत

### अमेरिका की सख्ती का लाभ उठाने के लिए नागरिकता कानून बदलेगी कनाडा सरकार

**ओटावा।** कनाडा ने अपने नागरिकता कानून में बड़ा और बेहद अहम सुधार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। सिटिजनशिप एक्ट में बदलाव करने वाला बिल सी-3 अब शाही स्वीकृति पा चुका है। यानी कानून बदलने की राह लगभग साफ हो गई है।

यह बदलाव खासकर उन भारतीय मूल के हजारों परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आने वाला है, जिनके बच्चे विदेश में जन्म लेने या गोद लिए जाने की वजह से नागरिकता से वंचित रह जाते थे। बिल सी-3 लागू होने के बाद, वे लोग भी कनाडाई नागरिकता पा सकेंगे, जो पहले पुराने कानूनों की वजह से बाहर रह गए थे, जबकि वे हकदार थे। किसी कनाडाई माता-पिता का बच्चा, जिसका जन्म या गोद लिए जाने की प्रक्रिया कनाडा के बाहर हुई है, अब नागरिकता पा सकेगा: यदि माता-पिता का कनाडा से ठोस संबंध साबित होता है। यह बदलाव सीधे उस पहली पीढ़ी की सीमा को राहत देता है, जिसे 2009 में लागू किया गया था। इस सीमा के कारण, यदि किसी कनाडाई माता-पिता का जन्म भी विदेश में हुआ था, तो उनके विदेश में जन्मे बच्चे को नागरिकता नहीं मिलती थी। यही नियम भारतीय मूल के कनाडाई परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ था। दिसम्बर 2023 में, ओंटारियो सुपी. रियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था और कहा था कि इससे बच्चों के अधिकार गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। सरकार ने कोर्ट के फैसले को चुनौती नहीं दी, बल्कि माना कि यह नियम आधुनिक परिवारों की वास्तविकताओं से मेल नहीं खाता। कनाडा की इमिग्रेशन मंत्री लेना मेतलेगे दियाब ने कहा कि यह बिल हमारे नागरिकता कानून में पुराने घावों को भरेगा। यह उन परिवारों के लिए न्याय लेकर आएगा जिनके बच्चों को पहले की गलतियों की वजह से नागरिकता नहीं मिल पाती थी। 'लॉस्ट कैनेडियन्स' के संस्थापक डॉन चैपमैन ने भी कहा कि सरकार ने आधु. निक, वैश्विक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए यह सुधार कर सही कदम उठाया है। यह बिल अब पूरी तरह से तैयार है, लेकिन इसे लागू करने की तारीख कनाडाई सरकार ऑर्डर इन काउंसिल के जरिए जल्द घोषित करेगी। तब तक पुराने नियम से प्रभावित लोगों के लिए अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी।



■ दिसम्बर 2023 में ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था

# इजरायल में 9 टॉप अफसर सेना से बर्खास्त

### दो साल पहले हमास का हमला रोकने में नाकाम रहे थे, 1200 इजरायलियों की जान गई थी

**तेल अवीव।** इजरायल में 9 टॉप सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जामिर ने कहा कि ये अधिकारी हमास के हमले को रोकने में नाकाम रहे थे। 7 अक्टूबर 2023 को हुए इस हमले में 1200 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हुई थी।

इजरायल में हमास हमले को लेकर हुई सुरक्षा चूक और उसकी निष्पक्ष जांच को लेकर रविवार को प्रदर्शन हुए। इसमें कम से कम 5 लाख लोग शामिल हुए। इसके बाद से सरकार पर इन अधिकारियों को बर्खास्त करने का दबाव बढ़ गया था। आईडीएफ चीफ जामिर ने रविवार को इन अफसरों को मीटिंग के लिए बुलाया और उनकी बर्खास्तगी का फैसला सुनाया। इस दौरान कई अफसरों को फटकार भी लगाई गई। जामिर ने कहा कि वे एक्सपर्ट की जांच रिपोर्ट के आधार पर कमांडरों के खिलाफ फैसले भी लेंगे। हालांकि बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है। जिन अधिकारियों को फटकार लगी है, वे अपनी मौजूदा पोस्ट पर अपना कार्यकाल पूरा होने तक काम करते रहेंगे। अपने फैसले के बाद आईडीएफ चीफ ने बयान जारी कर कहा: ऐसे फैसले लेना आसान नहीं है, क्योंकि ये उन लोगों को प्रभावित करते हैं जिन्हें मैं बहुत मानता हूं और जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश की सुरक्षा में लगा दी। उन्होंने आगे कहा कि मैं इनके साथ दशकों तक लड़ाइयां लड़ चुका हूं। इसके बावजूद मेरे सामने जिम्मेदारी तय करने का कर्तव्य है। ये फैसले हम खुद नहीं चुनते बल्कि बतौर कमांडर हमें उठानी पड़ती है। आईडीएफ चीफ ने आगे कहा कि अगर हम जिम्मेदारी तय नहीं करेंगे, तो सिस्टम पर लोगों का भरोसा कम होगा। यह भरोसा ही हमारी लड़ाई, हमारी जीत और देश की रक्षा की नींव है। जामिर ने यह भी कहा कि जिन अफसरों को बर्खास्त या फटकारा गया है, वे हमारे बेहतरीन कमांडरों में से हैं। इन सभी ने अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा आईडीएफ और इजरायल के लिए दिया है।



■ बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है

## चीन ने अरुणाचल में जन्मी महिला का पासपोर्ट इनवैलिड बताया

**बीजिंग।** ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की महिला पेम वांगजाम ने आरोप लगाया है कि चीन के शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें घंटों तक रोके रखा और परेशान किया। प्रेमा ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने उनका भारतीय पासपोर्ट मानने से इन्कार कर दिया, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरूणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। वह 21 नवम्बर को लंदन से जापान जा रही थी।

शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था। पेम ने आरोप लगाया कि इमिग्रेशन काउंटर पर अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट 'इनवैलिड' बता दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। उनसे 18 घंटे पूछताछ की गई और उनका मजाक उड़ाया गया। पेम ने पीएम मोदी और दूसरे सीनियर अधिकारियों को इससे जुड़ी शिकायती चिट्ठी लिखी है और इस बर्ताव को भारत की संप्रभुता और अरूणाचल प्रदेश के नागरिकों का अपमान बताया है। पेम ने आरोप लगाया कि उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया और लीगल वीजा होने के बावजूद उन्हें जापान जाने वाली अगली फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया गया। पेम ने यह भी आरोप लगाया कि वहां मौजूद कई इमिग्रेशन अधिकारी और चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के कर्मचारी उनके साथ मजाक करते रहे, हंसते रहे और उससे चीनी पासपोर्ट के लिए अप्लाई करने का तंज कसा।

■ चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने कहा: ये राज्य चीन का हिस्सा महिला ने पीएम मोदी को शिकायती चिट्ठी लिखी

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108